10 रोहित शर्मा...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 मलाइका अरोड़ा...



रांची, सोमवार, 13 जनवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -206 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत युवा नेता संवाद में प्रदर्शनी का किया अवलोकन, बोले- युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 में प्रदर्शनी का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रतिभागियों से बातचीत की और उनकी परियोजनाओं को देखा। स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री देशभर के 3,000 गतिशील युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री दस विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा लिखे गए सर्वश्रेष्ठ निबंधों का संकलन भी जारी करेंगे।




इन विषयों में प्रौद्योगिकी, स्थिरता, महिला सशक्तीकरण, विनिर्माण और कृषि जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री युवा नेताओं के साथ दोपहर के भोज में शामिल होंगे, जिससे युवाओं को प्रधानमंत्री के साथ अपने विचार, अनुभव और महत्वाकांक्षाएं सीधे साझा करने का अवसर मिलेगा। यह व्यक्तिगत बातचीत शासन और युवा आकांक्षाओं के बीच की खाई को पाटेगी, जिससे प्रतिभागियों के बीच स्वामित्व और जिम्मेदारी की गहरी भावना पैदा होगी।

उल्लेखनीय है कि 11 जनवरी से शुरू हो रहे इस संवाद के दौरान युवा नेता प्रतियोगिताओं, गतिविधियों और सांस्कृतिक और विषयगत प्रस्तुतियों में शामिल होंगे। इसमें सलाहकारों और डोमेन विशेषज्ञों के नेतृत्व में विषयों पर विचार-विमर्श भी शामिल होगा। इसमें भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक प्रदर्शन भी होंगे जो इसकी आधुनिक उन्नति का प्रतीक होंगे। विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेने के लिए 3,000 गतिशील और प्रेरित युवाओं का चयन विकसित भारत चैलेंज के माध्यम से किया गया है, जो देशभर से सबसे अधिक उत्साही और गतिशील युवा आवाजों को पहचानने और उन्हें प्रदर्शित करने के लिए एक सावधानीपूर्वक तैयार की गई, योग्यता-आधारित बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया है। इसमें 15 से 29 वर्ष के प्रतिभागियों के तीन चरण शामिल थे। पहला चरण, विकसित भारत क्विज, सभी राज्यों के युवाओं के भाग लेने के लिए 12 भाषाओं में आयोजित किया गया था। इसमें लगभग 30 लाख युवाओं ने भाग लिया। क्विज में भाग लेने वाले योग्य प्रतिभागी दूसरे चरण में पहुंचे, जहां उन्होंने विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दस महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें 2 लाख से अधिक निबंध प्रस्तुत किए गए।

तीसरे चरण, राज्य दौर में, प्रत्येक विषय के 25 उम्मीदवार कठोर व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आगे बढ़े। प्रत्येक राज्य ने प्रत्येक ट्रैक से अपने शीर्ष तीन प्रतिभागियों की पहचान की, जिससे दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए गतिशील टीमें बनीं। राज्य चैंपियनशिप की शीर्ष 500 टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले विकसित भारत चैलेंज ट्रैक से 1,500 प्रतिभागी; राज्य स्तरीय युवा महोत्सवों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार पर प्रदर्शनियों के माध्यम से चुने गए पारंपरिक ट्रैक से 1,000 प्रतिभागी तथा विभिन्न क्षेत्रों में अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए आमंत्रित 500 पथप्रदर्शक इस संवाद में भाग लेंगे।

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**संजय प्रसाद यादव मंत्री उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार सह गोड्डा विधायक**

एक मजबूत शासक आप तभी बन सकते हैं,जब आप अपने राज्य की जनता की हर परेशानी को अपना समझे और जल्द से जल्द उसका समाधान करें, याद रहे आपका कर्म ही आपका भविष्य तय करता है।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 74,000
चांदी (प्रति किलो) : 95,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 77,378.91
निफ्टी :- 23,431.50

## मौसम

अधिकतम तापमान : 24 °
न्यूनतम तापमान : 13 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 06:32
संध्या :- 17:21

## आज का इतिहास

आज के ही दिन 1750 को स्पेन और पुर्तगाल के बीच मैड्रिड की संधि ने 1494 की टर्डिसिलस संधि की तुलना में बड़े ब्राजील को अधिकृत किया, जिसने मूल रूप से दक्षिण अमेरिका के पुर्तगाली और स्पेनिश क्षेत्रों की सीमाएं निर्धारित की थीं।

# गैर असैनिक सेवा के छह अधिकारी बनेंगे आईएएस, सीएम से मिली मंजूरी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** झारखंड राज्य में गैर असैनिक सेवा (नॉन एससीएस) के छह अधिकारी अब भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत होंगे। इन अधिकारियों की सूची को अंतिम रूप देने के बाद, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही, कार्मिक विभाग ने इसकी जानकारी यूपीएससी और भारत सरकार के कार्मिक मंत्रालय को इमेल के माध्यम से भेज दी है। अब इस संबंध में अधिसूचना की जल्द जारी होने की उम्मीद है।

**इन अधिकारियों को मिलेगा आईएएस का दर्जा:**

गैर असैनिक सेवा से आईएएस में प्रमोशन पाने वाले इन छह अधिकारियों में महिला अधिकारियों का भी समावेश है। ये अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, श्रम विभाग और ऊर्जा विभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। जारी किए गए आदेश के अनुसार, ये अधिकारी अब आईएएस में प्रमोशन के बाद अपनी नई पोस्टिंग पर कार्यरत होंगे। इसकी प्रक्रिया पूरी करने के लिए कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जनवरी माह के अंत तक अधिसूचना जारी की जा सकती है। इसके बाद झारखंड सरकार इन अधिकारियों की नयी पोस्टिंग करेगी।

**साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया:**

इस प्रक्रिया के लिए यूपीएससी द्वारा दिसंबर माह में साक्षात्कार आयोजित किया गया था। इसके बाद 21 योग्य अधिकारियों के नामों को यूपीएससी को भेजा गया था, जिनमें से छह अधिकारियों को आईएएस के लिए चयनित किया गया। इन अधिकारियों के नाम की अनुशंसा यूपीएससी ने झारखंड सरकार को भेजी थी, जिसके बाद कार्मिक विभाग ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाया और मुख्यमंत्री से मंजूरी ली। इस कदम से झारखंड राज्य में प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी और अधिकारियों को आईएएस में प्रमोशन के बाद और भी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का अवसर मिलेगा।




### इन अधिकारियों को मिलेगा आईएएस का दर्जा

कंचन सिंह - सीडीपीओ, महिला, बाल, विकास विभाग
धनजंय कुमार सिंह - श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग
सीता पुष्पा - सीडीपीओ, महिला, बाल, विकास विभाग
विजय कुमार सिन्हा - मुख्य अभियंता, ऊर्जा विभाग
प्रीति रानी - सीडीपीओ, महिला, बाल, विकास विभाग
लाल राजेश प्रसाद - श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला : पति के साथ रहने से इनकार करने वाली पत्नी को भी देना होगा भरण-पोषण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश की उन महिलाओं के लिए राहत वाली खबर है, जो अलगाव की स्थिति में पति से आर्थिक मदद पाने की लड़ाई लड़ रही हैं. देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि भरण-पोषण पत्नी का अधिकार है, चाहे वह पति के साथ न रह रही हो. कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पति अपनी अलग रह रही पत्नी को भरण-पोषण देने से सिर्फ इस आधार पर इनकार नहीं कर सकता कि उसे वैवाहिक अधिकारों की बहाली का आदेश मिल चुका है.



**किस मुद्दे पर हो रही थी सुनवायी**

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की अगुवाई वाली पीठ ने 10 जनवरी को फैसला सुनाया. सर्वोच्च न्यायालय में इस सवाल पर सुनवायी की जा रही थी कि, क्या एक पति, जो वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए आदेश प्राप्त करता है, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125 (4) के आधार पर अपनी पत्नी को भरण-पोषण देने से मुक्त हो जाएगा, अगर उसकी पत्नी उक्त आदेश का पालन करने और वैवाहिक घर लौटने से इनकार करती है.?

**झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को पलटा**

पीठ ने झारखंड उच्च न्यायालय के अगस्त 2023 के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें महिला को भरण-पोषण देने से इनकार कर दिया गया था. क्योंकि, वह महिला वैवाहिक अधिकारों की बहाली के आदेश के बावजूद अपने पति के साथ रहने नहीं आई. कोर्ट के पास यह तथ्य रखे गये थे कि पति लगातार अपनी पत्नी के साथ बुरा व्यवहार करता था. अदालत ने कहा कि उसके वापस न आने के अच्छे कारण थे. कोर्ट ने पति को निर्देश दिया कि वह अगस्त 2019 में आवेदन करने के दिन से भरण-पोषण का भुगतान करे.

**तलाकशुदा पत्नी को भी है भरण-पोषण पाने का अधिकार**

दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 2022 में दिए गए बबीता बनाम मुन्नाल लाल के फैसले का हवाला देते हुए, पीठ ने कहा कि वैवाहिक अधिकारों की बहाली के आदेश की मौजूदगी ही पत्नी को भरण-पोषण का दावा करने से वंचित करने के लिए अपर्याप्त है. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, यह देखा गया कि तलाकशुदा पत्नी भी धारा 125 सीआरपीसी के तहत भरण-पोषण पाने की हकदार है और केवल इसलिए पत्नी को भरण-पोषण देने से इनकार करना अनुचित और अन्यायपूर्ण होगा क्योंकि उसने पति के साथ सहवास करने से इनकार कर दिया है, जबकि इसके लिए पर्याप्त आधार हैं.

**भरण-पोषण से इनकार का कठोर नियम नहीं हो सकता**

सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि धारा 125 के तहत भरण-पोषण से इनकार करने वाला कोई कठोर नियम नहीं हो सकता है, जो उस पत्नी को दिया जाए जो अपने पति के पास लौटने से इनकार करती है और यह अनिवार्य रूप से प्रत्येक विशेष मामले में प्राप्त विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों पर निर्भर होना चाहिए. पीठ ने कहा, किसी भी स्थिति में, पति द्वारा सुरक्षित वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए एक डिक्री और पत्नी द्वारा उसका पालन न करना, उसके भरण-पोषण के अधिकार को समाप्त नहीं कर सकता.

## संक्षिप्त समाचार

### बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में मुठभेड़ जारी, अबतक 5 नक्सली मारे गए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मद्देड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदेपारा-कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में रविवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अब तक पांच नक्सलियों के मारे जाने एवं ऑटोमेटिक हथियार बरामद होने की खबर है। इनकी संख्या बढ़ सकती है, हालांकि पुलिस ने इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बीजापुर एएसपी मयंक गुर्जर ने बताया कि बंदेपारा-कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों की मौजूदगी की आसूचना पर सुरक्षा बलों को रवाना किया गया था। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के संबंध में विस्तृत जानकारी जवानों के वापस लौटने पर दी जाएगी।

### ग्रेटर नोएडा : केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, हुए कई धमाके

**दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में एक केमिकल फैक्ट्री में रविवार को भीषण आग लग गई. आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया है. आग लगने के दौरान केमिकल फैक्ट्री में कई बड़े धमाके भी हुए, जो कि आसपास के इलाकों तक सुनाई दिए. जानकारी के अनुसार आग लगने के बाद कर्मचारी तुरंत फैक्ट्री से भाग गए और किसी तरह से जान बचा ली. वहीं बादलपुर पुलिस ने जेसीबी की मदद से दीवार तोड़कर 25 गायों को बाहर निकाला. इस समय 30 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर आग बुझाने में लगी हुई. पुलिस ने बादलपुर थाना क्षेत्र में मामला दर्ज कर लिया है. डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा श्री शक्ति मोहन अवस्थी ने इस हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि थाना बादलपुर क्षेत्र के अंतर्गत श्री बांके बिहारी केमिकल प्लांट ग्राम दुजाना रोड़ पर आग लगने की सूचना मिली थी. त्वरित कारवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट घटना स्थल पर रवाना हुई. इस समय मौके पर लगभग 32 अग्निशमन वाहनों की मदद से आग को बुझाया जा रहा है.









तीन सत्र, 54 दिनों की सदन अवधि के कुल वर्किंग डे 44 में, सौ फीसदी रही उपस्थिति

# जनहित और देशहित से जुड़े कुल 72 सवाल उठाए, सात बार विभिन्न मुद्दों पर मुखरता से बोलने का मिला अवसर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल की संसदीय सत्रों में पहली ही बार में बेमिसाल उपलब्धि**




**रामगढ़:** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहली बार में ही देश के सर्वोच्च सदन संसद के तीनों सत्रों में बेमिसाल उपलब्धि रही। उन्होंने तीन सत्रों के 54 दिनों की सदन अवधि में कुल वर्किंग डे 44 में दमदार अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अनमोल अवधि में अपने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के जनहित से जुड़े कई क्रांतिकारी और कल्याणकारी कुल 72 मुद्दे उठाए और 07 बार उन्हें लोकसभा के पटल बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्हें लोकसभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बनाया गया जिसमें प्राक्कलन समिति, कोल तथा माइंस की सलाहकार समिति और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति शामिल है। हजारीबाग जिला मुख्यालय में सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र में सेवा कार्यों और विकास को नई गति दी। सदन में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही लगातार लोकसभा क्षेत्र के दौरे और सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और यथासंभव समस्याओं के निराकरण का भरसक प्रयास किया। उक्त बातों की जानकारी खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को रामगढ़ शहर के चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन सभागार में एक विशेष प्रेस- वार्ता का आयोजन कर जानकारी देते हुए कहा ।साल के अंतिम समय में सांसद मनीष जैसवाल को बड़ी जिम्मेवारी मिली। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सारी जिले और रामगढ़ जिले की कुल 6 विधानसभा सीटों पर एनडीए समर्थित प्रत्याशियों को जिताने का पार्टी ने जवाबदेही सौंपा। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने कुशल प्रबंधकीय कला, ताबड़तोड़ सघन चुनावी दौरा, एनडीए कार्यकताओं के बीच विशेष समन्वय व सीधा संवाद और मतदाताओं जुड़कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 5 में से 4 विधानसभा और हजारीबाग जिले के कुल 5 में से सभी पांचों विधानसभा सीट पर जीत दिलाकर करीब 25 साल बाद एनडीए का शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रचने का कार्य किया। जिसकी प्रशंसा संगठन से लेकर जनता के जुबां पर है। हजारीबाग के सांसद सेवा कार्यालय के तर्ज. पर जल्द ही रामगढ़ जिले की जनता के सुलभता के लिए रामगढ़ शहर में ही सांसद सेवा कार्यालय खोला जाएगा ।

हर एक प्रखंड में सोलर वाटर एटीम की व्यस्था के साथ-साथ बस स्टॉप की व्यवस्था मुहैया करवाई जाएगी। ऐसे कई अन्य प्रयासों पर कार्य लगातार जारी है। रामगढ़ जिले के लोगों की सुलभता के लिए रामगढ़ शहर में जल्द सांसद सेवा कार्यालय खोला जाएगा ।मौके पर रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा नेता राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, रंजीत सिन्हा, इलारानी पाठक, राजू राजू कुशवाहा, रंजीत पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, मनोज गिरी, सूर्यवंश श्रीवास्तव, नरेश कुमार, बबलू साव, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, सागर दांगी, महेंद्र प्रजापति, राजीव रंजन प्रसाद, धनंजय पुटूस, संजय साहा, ऋषिकेश सिंह, मिथलेश मंडल, ब्रजेश पाठक, राकेश सिन्हा, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## पतरातू में नाईट वॉलीबॉल टूनार्मेंट की शुरूआत




**पतरातू।** पतरातू के पंचमंदिर में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर दिनांक 11 एवं 12 जनवरी को स्व पवन सिन्हा एवं नबल सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूनामेंट आयोजित किया गया। पंचमंदिर स्पोटिंग क्लब के तत्वाधान में आयोजित यह एक दिवारात्रि टूनामेंट है जिसमें राज्य के विभिन्न कोनों से टीम भाग ले रही है आयोजन समिति में चंदन जी, बड़े सिंह, राहुल रंजन, अमित सिंह, ज्वाला, ऋषभ, सौरव पांडे, सौरब सिंह, हर्ष, आयुष, बाला, शुभम, गोलू, अंश सहित अन्य कई लोग शामिल हैं।

## पंजाबी हिन्दू बिरादरी की सांझी लोहड़ी आज

**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के तत्वावधान में सोमवार को सांझी लोहड़ी समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने दी। उन्होंने बताया कि सांझी लोहड़ी समारोह शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर प्रांगण में होगी। रात्रि 7 बजे माता वैष्णों देवी की महाआरती और 8 बजे बिरादरी के जिन सदस्यों के घरों में इस वर्ष शादियां या नवजात शिशुओं ने जन्म लिया है, वैसे दम्पतियों को माता वैष्णों देवी का आशीर्वाद बिरादरी के बुजुर्गों के कर कमलों से दिया जाएगा। श्री मारवाह ने बताया कि इससे पहले रात्रि साढ़े सात बजे अलाव में चूड़ा, तिलकुट, काला तिल डालकर अग्नि देव की पूजा अर्चना की जाएगी।

## राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में 25 वां स्थापना दिवस के अवसर पर पूजा का आयोजन

**रामगढ़:** राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के मंदिर परिसर में विद्यालय का 25 वां स्थापना दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के शुभ अवसर पर पूजा एवं हवन का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।इस अवसर पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के संस्थापक स्व.श्री गोविंद साह एवं स्व. श्रीमती राधा देवी तथा स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन विद्यालय के चेयरमैन माननीय श्री बी एन साह, सचिव महोदया सुश्री प्रियंका कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन माननीय श्री बी एन साह ने 25 वें स्थापना दिवस पूरे होने पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार,विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, प्रशासक श्री के. एन. सिंह ,समस्त शिक्षकवृंद एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## श्री श्याम सेवा ट्रस्ट समिति ने उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया



**सांसद मनीष जायसवाल ने श्री श्याम मंदिर पहुंचे,**

**रामगढ़।** नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का आगमन हुआ। उन्होंने सभी दृष्टियों के साथ मंदिर का निरीक्षण किया और मंदिर के लिए जो भी सहयोग चाहिए उसे यथासंभव पूरा करने का भरोसा दिलाया। श्री श्याम सेवा ट्रस्ट समिति ने उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया। मंदिर के निर्माण कार्य को देखकर उन्होंने प्रशंसा की।श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार गोयल, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, भवन निर्माण मंत्री रमेश कुमार अग्रवाल, कमल बगड़िया जी, सुशील गर्ग जी, शिव कुमार अग्रवाल, दीपक मंगलम, शंभू अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, श्री श्याम परशुरामपुरिया, बाल किशन जलान, इंद्र अग्रवाल, प्रकाश पटवारी, मुन्ना अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजू चतुवेर्दी, राजीव जायसवाल, रॉबिन गुप्ता, अनमोल सिंह, राजीव जायसवाल, आदित्य सहित अनेक गण मान्य उपस्थित रहे '

## एकल विद्यालय अभियान संच पतरातु में मनाया गया स्वामी विवेकांद जी का 162 वां जन्म उत्सव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**पतरातू।** रविवार को दक्षिण झारखंड संभाग अंचल रामगढ़ संच पतरातु में कटिया बस्ती स्वामी विवेकानंद चौक में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संच समिति के उपाध्यक्ष गणेश ठाकुर एवं संचालन सक्रिय समिति सदस्य नंदकिशोर महतो के द्वारा किया गया। मौके पर संबोधन करते हुए संच समिति सचिव किशोर कुमार महतो ने बताए कि स्वामी विवेकानंद जयंती पूरे देश में आज मनाया जा रहा है और आज ही के दिन स्वामी विवेकांद जी का जन्म हुआ था। उन्होंने बहुत कम ही उम्र में देश का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद जी की 162 वीं जयंती मनाई गई। ऐसे महान पुरुष की जयंती के शुभ अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए और उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने का प्रयत्न करना चाहिए। इस प्रकार आए हुए अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया और उनके जीवन शैली को वर्तमान युवा पीढ़ी को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा था उठो जागो और तब तक चलते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो। यह कथन स्वामी विवेकानंद जी का कथन है स्वामी विवेकानंद जी ने अपने हिंदू संस्कृति को विदेश तक स्थापित करने का कार्य किया था। मौके पर उपस्थित संच महिला समिति की अध्यक्षा पारिजात महतो, सचिव अनीता जैन,संच समिति सचिव किशोर कुमार महतो,उपाध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर, संच प्रमुख पतरातु नागेश्वर महतो सक्रिय समिति एवं कटीया पंचायत के उप मुखिया नंदकिशोर महतो,अमित सिह, मनीष कुमार ,सुनील कुमार,रूपलाल महतो नरेश महतो, देवशन गांझू , तेरुश देवी, किरण देवी, ललिता देवी, पियाशो कुमारी पुष्पा देवी सुनीता देवी वीना देवी,शोभा कुमारी एवं समस्त एकल विद्यालय अभियान के सभी आचार्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पीवी यू एन का अहम योगदान रहा।

## प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोग बारूद फैलाने का कर रहे हैं कार्य: ओम

**लोहरदगा:** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने लोहरदगा क्षेत्र से संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी तथा इस क्षेत्र में उनकी निरंतर उपस्थित पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए इसे इस क्षेत्र के लिए एक गंभीर चुनौती बताया है, उन्होंने कहा है कि पिछले तीन-चार वर्षो से जिस तरह आतंकी संगठन आईएसआईएस तथा अलकायदा जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोग अंदर ही अंदर बारूद फैलाने का कार्य कर रहे हैं,और वह इस क्षेत्र के अमन पसंद लोगों को भयभीत करने इस क्षेत्र के युवाओं तथा समाज विरोधी तत्वों को शह प्रदान कर प्रोत्साहित कर रहे हैं,ऐसा कर वह लोहरदगा जैसे क्षेत्र को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का केंद्र बनाना चाह रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा है कि 2020 एवं 21 में लोहरदगा में हुए दंगे में दोषी व्यक्तियों को अभी तक सजा नहीं दिला पाना स्थानीय प्रशासन की नाकामी को ही दर्शा रही है,वैसे तत्वों को सजा दिलाकर ही उनके मनोबल को कुचला जा सकता है। उन्होंने कहा है कि स्थानीय प्रशासन को सचेत रहकर राष्ट्र विरोधी एवं समाज विरोधी तत्वों पर पैनी निगाह रखनी चाहिए।

ईसीआरकेयू ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

## रनिंग भत्ते में बढ़ोतरी की मांग लेकर क्रू लाबी पर प्रदर्शन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रामगढ़।** ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बरकाकाना शाखा में स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा सहित उपस्थित सैंकड़ों रेलकर्मियों ने भी युवा आदर्श स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित की । इसके पूर्व मो ज्याऊद्दीन के नेतृत्व में रेलकर्मियों ने युवा रैली निकाली। ईसीआरकेयू बरकाकाना कार्यालय परिसर से निकल कर क्रू लाबी तथा स्टेशन प्रबंधक कार्यालय होते हुए रेलकर्मी स्टेशन के मुख्य द्वार पर एकत्रित हुए तथा अपने मांगों के लिए इंकलाबी नारे लगाए। इसके बाद रैली वापस यूनियन कार्यालय पहुँची जहाँ एक आमसभा आयोजित हुई। आम सभा में रेलकर्मियों ने अपनी मांगों पर विस्तृत चर्चा की तथा भविष्य के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। बैठक में महेंद्र प्रसाद महतो, रणधीर प्रसाद, कमल किशोर, आर के कुमार, मृत्युंजय, सरयू प्रसाद, इरफान अंसारी, विवेक कुमार, अमर यादव, अमर कुमार सिंह, सकील अहमद, डी के मौईत्रा, डी के नायक, एस डी पोद्दार, सुरेश प्रसाद, मुकेश लाल, ईश्वर, रंजीत कुमार, विक्रम कुमार, संजय मुण्डा, शशि कांत, हीरालाल, मो तालीब, सुजीत कुमार, रानू सांगा, गणेश चौधरी, प्रणव किशोर, महेन्द्र गोप, पंकज कुमार साव, विनोद सिंह, आशुतोष कुमार, महेश कुमार, नयन प्रसाद, आदित्य कुमार, धीरज पाण्डेय, गौतम कुमार, रोहित कुमार महतो, एस के वर्मा, नरेश, अवनीश, हेमंत, मो कुतुबुद्दीन, चन्द्रदेव, अनिल राय, राजेन्द्र उराँव, छोटन सिंह, रामचंद्र प्रसाद , रणविजय सहित कई युवा रेलकर्मी शामिल रहे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर में अग्रगति ने किया खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**रामगढ़/गोला।** गोला फिजिकल एकेडमी तिरला में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अग्रगति संस्था के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिका वर्ग सोलह सौ मीटर दौड़ में खुशी कुमारी पहला ,मोनिका कुमारी दूसरा एवं सुषमा कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वही चार सौ मीटर दौड़ में खुशी कुमारी पहला ,सीमा कुमारी दूसरा एवं मीनाक्षी कुमारी तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर संस्था के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने बताया कि बालिका वर्ग में प्रतियोगिता कराने का मुख्य मकसद उनके हौसला को बुलंद करना है। आज हमारी बहनें देश के कई शीर्ष पद पर योगदान देकर देश सेवा कर रही है। बाल विवाह के खात्मे के लिए एक्सिस टू जस्टिस प्रोग्राम के तहत जिला में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने मौजूद बालिकाओं से अपील किया कि बाल विवाह की जानकारी टोल फ्री नंबर 1098 में अवश्य दें। मौके पर संस्था के मुख्य कोऑर्डिनेटर बेलाल अंसारी,मोङ्घ आसिफ, हरिनाथ महतो के साथ एकेडमी के सन्नी देओल महतो, बलराम पटेल,सूरज कुमार, रामप्रवेश कुमार, हेमंत पटेल आदि मौजूद थे।

## शिव गुरु महोत्सव का हुआ आयोजन



**भगवान शिव हैं जगतगुरु है:दीदी**

**लोहरदगा:** शिव गुरु महोत्सव का आयोजन स्थानीय समाहरणालय मैदान में रविवार को शिव शिष्य हरिन्द्रानंद फाउंडेशन, लोहरदगा के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनंद जी ने आओ, चलें शिव की ओर, शिव गुरु परक जिज्ञासाएं एवं समाधान विषयक पर लोगों को प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिव जगतगुरु हैं, अतएव जगत का एक एक व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, संप्रदाय, लिंग का हो शिवप को अपना बना सकता है।शिव का शिष्य होने के लिए किसी पारंपरिक औपचारिक अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। केवल विचार कि ₹शिव मेरे गुरु हैं₹ शिव की शिष्यता की स्वमेव शुरूआत करता है। इसी विचार का स्थायी होना हमको आपको शिव का शिष्य है।उन्होंने कहा कि शिव गुरु हैं और संसार का एक-एक व्यक्ति उनका शिष्य हो सकता है। भगवान शिव गुरु हैं, आदिगुरु एवं जगतगुरु हैं। उन्होंने भगवान शिव का शिष्य होने के तीन सूत्रों को बताया।उपस्थित वक्ताओं के उनके जीवन से संबंधित प्रश्नों के भी विस्तारपूर्वक उत्तर दिया एवं जीवन के मूल्यों को बताया।आज सम्पन्न हुए विराट शिव गुरु महोत्सव में झारखंड के विभिन्न जिलों जिनमें लोहरदगा के अलावे लातेहार, पलामू, चतरा, रांची, गुमला, सिमडेगा एवंआसपास क्षेत्रों से श्रद्धालुगण व शिव शिष्य हरिन्द्रानंद फाउंडेशन से जुड़े शिष्य शिष्याएं मौजूद रहे।इससे पूर्व भजन के साथ आगतों का स्वागत किया गया, समापन के पूर्व धन्यवाद ज्ञापन रामजतन सिंह ने की।मौके पर शिष्या बहन रमावती देवी, सकिता देवी, सावित्री देवी, नुनु मलार, शीला देवी, राजेंद्र शर्मा, तेजू तुरी, नन्हक सिंह, मनसा देवी, अनुराधा देवी, कैलाश देवी, रिंकी देवी, हीरामुनी देवी, रमानाथ महतो, मीना देवी, कांति देवी, उर्मिला देवी, आशा देवी, नंदबिहारी कुमार, सीमा देवी, युवा विवेक कुमार, विशाल प्रसाद, शंकर कुमार समेत कई शिष्य शिष्याएं मौजूद रही।

## पुलिस एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, 198 मतदाताओं ने चुनाव प्रक्रिया में लिया भाग



**अध्यक्ष चुने गए जयदीप भगत, निर्विरोध सचिव बने मुरारी कुमार**

**लोहरदगा:** जिला पुलिस अधिकारी मेंस एसोसिएशन का चुनाव हुआ संपन्न अध्यक्ष चुने गए पु० अ० नि० जयदीप भगत। जिले के सदर थाना परिसर स्थित अफसर क्लब में रविवार सुबह से ही पुलिस मेंस एसोसिएशन ऑफिसर विंग का चुनाव कराया जा रहा था जिसे चुनाव पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, रांची के क्षेत्रीय मंत्री राजकुमारलकड़ा, लातेहार जिलाअध्यक्ष पंकज कुमार,लातेहार जिला सचिव जगत प्रकाश, लातेहार जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र महतो की उपस्थिति में चुनाव शांति पूर्ण रूप से संपन्न कराया गया। चुनाव संपन्न होने के बाद विजय उम्मीदवारों की नामो की घोषणा कर दिया गया है। जिसमें पुअनि जगदीप भगत ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शिवशंकर मुरमू को 71 मतों से पराजित कर अध्यक्ष चुने गए। वहीं सचिव पद पर मुरारी कुमार निर्विरोध चुन लिया गया। उपाध्यक्ष पद पर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रंजन कुमार सिंह को पराजित कर पुअनि महेंद्र प्रसाद यादव 47 मतों से विजयी रहे। पुअनि संजय तुरिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी किशोर दास को 27 मतों से पराजित कर कोषाध्यक्ष पद पर काबिज हुए। वहीं संयुक्त मंत्री के पद पर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज कुमार सिंह को 22 मतों से पराजित कर पुअनि ज्ञास खान संयुक्त मंत्री बने। पुलिस एसोसिएसन के 263 मतदाताओं में से कुल198 मतदाता चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। इस मौके पर डीएसपी समीर कुमार तिर्की समय तो सभी थाना के पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# एसपी ने पुरानी वस्तुओं का संग्रहालय एड़पा का किया अवलोकन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**लोहरदगा:** पुलिस कप्तान हरीस बिन जमां ने बीएस कॉलेज के निकट बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप परिसर स्थित इस क्षेत्र के पुरानी चीजों का संग्रहालय ₹एडपा₹ का अवलोकन किया तथा परिसर में तेजपत्ता के पौधे भी लगाए,वहीं उन्होंने ठेकी चलाकर व ठरकी, ओखली,खटिया,झग्गर,लाटकूढ, पाषाण काल में भोजन बनाने के तौर तरीके,मिट्टी के बर्तन,मिट्टी के चूल्हे, जाता, धुरमुश, ढेलफोडवा, रेडियो, पोटम,तीर धनुष,पटिया, पुराने जमाने की स्विच,हर जुवाठ, कांसा के बर्तन,नक्काशीदार दरवाजे, पुराने सिक्के, साइकिल के डायनेमो,कांसा के पइला,पीतल टॉर्च आदि देखें वही गुलेल चलाकर व अन्य खेल सामग्री अंटा,चिपुल, लटई,थपका, टईया,गीली डंडा,तार गाड़ी, रिम-टायर आदि भी देखें। पुलिस कप्तान ने कहा कि पहले के लोगों का जीवन शैली आज से काफी बेहतर था क्योंकि पहले के लोगों को ब्लड प्रेशर,शुगर,बाल झड़ना व सफेद होना, डिप्रेशन, आंख की रोशनी,बैक पेन आदि रोग नहीं होते थे उसका कारण था कि वे पौष्टिक अनाज उपजाते थे फिर जाता ढेकी ओखली लोढ़ा सिल्वट आदि से कूट पीसकर,मिट्टी के बर्तन में, मिट्टी के चूल्हे पर,लकड़ी से तैयार भोजन करते थे जो अमृत होता था। शारीरिक परिश्रम भी खूब करते थे साथ ही साथ पड़ोसी एक दूसरे के घर के सामानों का बेहिचक उपयोग करते थे इससे मेलजोल काफी रहता था तथा सभी लोग बगैर खर्च वाला क्षेत्रीय खेल खुब खेला करते थे जिससे संबंध और भी प्रगाढ़ होती थी तथा वे डिप्रेशन जानते भी नहीं थे।पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रीय स्नेक्स लावा,लाडुवा खाने के बाद कहा कि ऐसे क्षेत्रीय स्नेक्स व भोजन को बढ़ावा देने से ₹हेल्थ इस वेल्थ₹ होता है वही रोजगार के अवसर भी सृजन होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अपने धरहरों को संरक्षित करने की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ी इसे देखें और प्रेरणा ले। संग्रहालय प्रबंधक व सामाजिक कार्यकर्ता संजय बर्म्मन ने कहा कि बहुतों के सहयोग से यह ₹एडपा₹ बन रहा है तथा सुबह से शाम विशेष कर बच्चों के साथ कभी भी आकर लोग देख सकते हैं।

## सांसद सुखदेव भगत को 5 राज्यों के संयोजक एवं एम्स देवघर के स्थाई समिति के सदस्य बनने पर दी गई बधाई

**लोहरदगा:** लोकसभा सांसद सुखदेव भगत को पांच राज्य बंगाल, उड़िसा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व बिहार के संयोजक एवं एम्स देवघर के स्थाई समिति के सदस्य बनने पर बधाई दी गई। जिसमें जोरी पंचायत के कांग्रेसी कार्यकर्ता सह जोरी पंचायत की मुखिया राजू उरांव की अगुवाई में रविवार को दोपहर 2 बजे सुखदेव भगत को बुके देकर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष कबीर अंसारी, नेजामुददीन अंसारी, मनोज उरांव, नयुम अंसारी, मनीष उरांव, राजेन्द्र लकड़ा, कुंदन उरांव, गणेश उरांव, महेंद्र उरांव, विजय उरांव , प्रवीण भगत, सुरेन्द्र उरांव सहित अन्य लोगों ने भी बधाइयां दी।

# बच्चेदानी में थीं 15 गांठें, 35 साल की महिला नहीं बन पा रही थी मां, ऐसे मिला नया जीवन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची में एक महिला की बच्चेदानी में 15 गांठें थी. शादी के 3 साल बाद भी वह मां नहीं बन पा रही थी. बहुत ज्यादा माहवारी होने की वजह से परेशान थी. कई जगह इलाज कराया, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ. कई जगह डॉक्टरों ने ऑपरेशन करके बच्चेदानी को निकालने की सलाह दी. महिला इसके लिए तैयार नहीं थी. स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अपेक्षा साहू ने इस महिला को नया जीवन दिया है. साथ ही कहा है कि बहुत जल्द महिला की मां बनने की ख्वाहिश भी पूरी हो जाएगी, क्योंकि कुछ ही दिनों में उसकी बच्चेदानी अपने सामान्य आकार में आ जाएगी.

**ऐसा लग रहा था मानो महिला को 20 सप्ताह का गर्भ हो**

दरअसल, महिला के पेट में बड़ी-बड़ी गांठें बन गईं थीं. इसकी वजह से उसकी बच्चेदानी का आकार बढ़ गया था. ऐसा लग रहा था, मानो उसको 20 सप्ताह का गर्भ हो. 10 जनवरी को रांची के एक अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया. सभी गांठों को निकाल दिया गया. इस जटिल ऑपरेशन के बाद उसके पेट से 15 गांठें निकाली गईं.

**जल्द सामान्य स्थिति में आ जाएगी बच्चेदानी झ्र डॉक्टर अपेक्षा**

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अपेक्षा ने एक एनेस्थेसिस्ट ज्योति साहू के साथ महिला का ऑपरेशन किया. उन्होंने कहा कि महिला के पेट में बनी गांठों का ऑपरेशन करके उसके बच्चेदानी को सही स्वरूप दे दिया गया है. कुछ ही दिनों में बच्चेदानी सामान्य स्थिति में आ जाएगी और वह गर्भधारण कर सकेंगी.

**मरीज को न तो आईसीयू की जरूरत पड़ी, न खून चढ़ाना पड़ा**

डॉ अपेक्षा ने कहा कि अच्छी बात यह रही कि इतने जटिल ऑपरेशन के बावजूद मरीज को न तो आईसीयू की जरूरत पड़ी, न ही पूरी तरह से बेहोश करना पड़ा. कमर में इंजेक्शन देकर कुछ हिस्से को सुन्न करके ऑपरेट किया गया. ऑपरेशन के बाद महिला पूरी तरह से स्वस्थ है. एक-दो दिन में उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी.

## भज मन मेरे एको नाम जिअ तेरे कै आवे काम



**रांची.** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा आयोजित दो दिवसीय कीर्तन समागम की शुरूआत शनिवार को हुई. सुबह आठ बजे पहला विशेष दीवान सजाया गया. दीवान की शुरूआत हुजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने आसा दी वार कीर्तन से की. साथ ही लख खुशियां पातशाहियां जे सतगुर नदर करेङ्गसहित अन्य शबद का गायन किया. भाई गुरमन प्रीत सिंह ने एकु पिता एकस के हम बारिक तू मेरा गुर हाईङ्ग व भज मन मेरे एको नाम जिअ तेरे कै आवे कामङ्ग, जिन हर सेवा बड़त बड़ाई, सो सतगुरु प्यारा मेरे नाल हैङ्ग जैसे शबद गायन से साध-संगत को निहाल कर दिया. गुरु नानक सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि रविवार को सुबह 10 से 2.30 बजे तक दीवान सजाया जायेगा. इसके बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया जायेगा. सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक रक्तदान शिविर भी लगाया जायेगा.

**ये हुए शामिल**

द्वारका दास मुंजाल, सुंदर दास मिढ़ा, मनीष मिढ़ा, हरगोबिंद सिंह, नरेश पपनेजा, अशोक गेरा, अमरजीत गिरधर, मनोहर लाल मिढ़ा, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, बसंत काठपाल, मोहित झंडई, आशु मिढ़ा, पवनजीत सिंह खत्री, मोहन लाल अरोड़ा, नवीन मिढ़ा, इंदर मिढ़ा, नीरज सरदाना, रमेश पपनेजा, दीन दयाल काठपालिया, गुलशन मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, आशीष दुआ, भगवान थरेजा, राकेश गिरधर आदि उपस्थित थे.

# टुसू पर्व में कुंवारी कन्या ही क्यों करती हैं पूजा, क्या है इसके पीछे की कहानी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में टुसू पर्व मनाने का सिलसिला शुरू हो गया है. यूं तो यह पर्व मनाने का सिलसिला एक माह तक चलता है लेकिन मकर संक्रांति के दिन इसकी खास तौर पर पूजा की जाती है. 15 दिसंबर के बाद से ही कुंवारी कन्याएं शाम के वक्त टुसू की पूजा करती है. ऐसे में ये सवाल उठता है कि कुंवारी कन्या ही इसकी पूजा क्यों करती है और टुसू पर्व किसकी याद में मनाया जाता है.

**क्या है कहानी**

टुसू पर्व को लेकर एक कहानी सबसे अधिक प्रचलित है. कहा जाता है कि टुसू कुरमी समुदाय से आने वाले एक गरीब किसान की बेटी थी. वह इतनी सुंदर थी कि पूरे राज्य में उसकी सुदरंता का बखान होने लगा. पास के राज्य में एक क्रूर राजा रहता था. उस तक भी ये बात पहुंच गयी. वह राजा उसे पाने के लिए षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया. उस वक्त पूरे राज्य में भीषण अकाल पड़ा. राजा ने इसी का फायदा उठाने का सोचा और उसने कृषि कर दोगुणा कर दिया. उसने अपने सैनिकों से जबरन कर वसूलने का आदेश जारी कर दिया. इससे पूरे राज्य में हड़कंप मच गया.

**टुसू की कुबार्नी की याद में मनाया जाता है यह पर्व**

टुसू ने किसानों का एक संगठन खड़ा कर राजा के आदेश का विरोध करने का फैसला किया. इसके बाद राजा के सैनिकों और किसानों के बीच युद्ध हो गया. इसमें हजारों लोग मारे गये. युद्ध में टुसू कमजोर पड़ चुकी थी. उन्हें समझ में आ चुका था कि वह राजा के सैनिकों के गिरफ्त में आ जाएंगी. उसने राजा के सामने घुटने टेकने के बजाय जल-समाधि लेकर शहीद होने का फैसला कर लिया और उफनती नदी में कूद गयी. टुसू की इस कुबार्नी की याद में ही टुसू पर्व मनाया जाता है और टुसू की प्रतिमा बनाकर नदी में विसर्जित कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है. चूंकि टुसू एक कुवांरी कन्या थी इसलिए पर्व में कुंवारी लड़कियों की ही अधिक भूमिका होती है.

## खुल गए पहाड़ी मंदिर के दान पात्र, 3 विदेशी मुद्रा समेत मिले इतने रुपए

**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर परिसर में रखे 11 दान पात्रों को खोला गया, तो इसमें से 3 विदेशी मुद्रा समेत 3 लाख रुपए से अधिक मिले. दान पात्रों से 2,42,305 रुपए और 60,220 रुपए के सिक्के मिले हैं. इस तरह पहाड़ी मंदिर के कुल 11 दान पात्रों से 3,02,525 (3 लाख 2 हजार 525) रुपए निकले हैं. अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार के आदेश पर कार्यपालक दंडाधिकारी शाइनी तिग्गा की उपस्थिति में दान पात्रों को खोला गया और उससे निकलने वाली मुद्रा की गिनती की गई. रुपए की गिनती के समय कोषाध्यक्ष कृष्ण कन्हैया, राजेश गाड़ोदिया, मदन लाल पारीक, सुनील माथुर, दयाशंकर शर्मा, पहाड़ी मंदिर के सदस्य, पहाड़ी मंदिर में आये आम श्रद्धालु और पहाड़ी मंदिर के कर्मचारी मौजूद थे.

**500 रुपए के सबसे ज्यादा 71500 नोट मिले**

दान पात्रों में जो राशि मिली, सबसे पहले उसे नोटों और सिक्कों के हिसाब से अलग किया गया. नोटों और सिक्कों की छंटनी के दौरान इसमें 3 विदेशी मुद्रा भी मिली. दान पेटी से 500 रुपए के 71,500 नोट मिले. 100 रुपए के 50000 नोट, 50 रुपए के 36,150 नोट, 20 रुपए के 36,000 नोट, 10 रुपए के 28,000 नोट मिले. इतना ही नहीं, 20,655 रुपए के मिक्स नोट भी दान पात्र में से निकले.

**1 रुपया से 20 रुपए तक के सिक्के भी मिले दान पात्र में**

इसके अलावा 20 रुपए के 1520 सिक्के, 10 रुपए के 30,000 सिक्के, 5 रुपए के 13000 सिक्के, 2 रुपए के 11,000 सिक्के और 1 रुपया के 4700 सिक्के निकले. नोट व सिक्का मिलाकर कुल 3,02,525 रुपए प्राप्त हुए. इन पैसों को जल्द ही बैंक में जमा कर दिया जाएगा.

## पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश राजद की प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने पार्टी मुख्यालय, रांची में चतरा विधानसभा से राजद प्रत्याशी रही रश्मि प्रकाश को प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत किया है. इस दौरान राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव भी मौजूद थे. मौके पर कैलाश यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश अत्यंत जनप्रिय युवा नेत्री हैं. वह झारखंड के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू भी हैं. रश्मि प्रकाश एक होनहार शिक्षित कर्मठ संघर्षशील एवं प्रखर वक्ता के रूप में जानी जाती हैं. इनके कुशल व प्रखर कार्यशैली से प्रभावित होकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने विगत विधानसभा चुनाव में इन्हें चतरा विधानसभा का प्रत्याशी बनाया थ. लोजपा उम्मीदवार जनार्दन पासवान से काफी कम वोटों से वे पराजित हुईं. रश्मि प्रकाश के प्रदेश महिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्र यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा सहित प्रदेश के समस्त राजद पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं. सभी ने उम्मीद की है कि नए सोच की महिला नेत्री रश्मि प्रकाश सूबे राज्य के 24 जिलों में धारदार संगठन बनाएंगी. आधी आबादी महिलाओं के हक और अधिकार के लिए अपनी राजनीतिक कार्यशैली से युवा वर्ग एवं महिलाओं को राजद की धर्मनिरपेक्ष विचारधारा, लालू यादव और तेजस्वी यादव के नीति सिद्धांत के प्रति प्रेरित करेंगी.

## नेशनल गेम्स के लिए 21 दिन का लगेगा शिविर, निदेशालय ने की बैठक



**रांची.** उत्तराखंड में 28 जनवरी से होने वाले 38वें नेशनल गेम्स की तैयारी को लेकर शनिवार को खेल निदेशक संदीप कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न खेल संघों की बैठक आयोजित की गयी. इसमें मुख्य रूप से संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा व खेल परामर्शी देवेंद्र कुमार सिंह शामिल हुए. वहीं खेल संघों में झारखंड ओलिंपिक संघ के महासचिव मधुकांत पाठक, शिवेंद्र दूबे, चंचल भट्टाचार्य सहित अन्य मौजूद थे. नेशनल गेम्स में इस बार दो डेमो गेम्स के साथ कुल 39 गेम्स होंगे. वहीं झारखंड से अब तक कुल 12 खेलों के खिलाड़ियों का भाग लेना तय किया गया है. जिसमें एथलेटिक्स, आर्चरी, लॉन बॉल्स, वुशु, हॉकी, साइकिलिंग, स्क्वॉश, मॉर्डन पेंटाथलोन, रेसलिंग, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, मलखंब शामिल है.

**खेल विभाग लगायेगा प्रशिक्षण शिविर**

खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों के लिए 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगा. ये शिविर विभिन्न खेल संघ अपने कोच के सहयोग से रांची, जमशेदपुर और धनबाद में आयोजित करेंगे. इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए एसी तृतीय श्रेणी का ट्रेन किराया यात्रा भत्ता का भुगतान किया जायेगा. खिलाड़ियों को ट्रेनिंग और किट विभाग द्वारा लिया जायेगा. पहली बार सेरिमोनियल किट में ट्रेडिशनल रंग दिया जायेगा. वहीं खिलाड़ी अपने समय के अनुसार रवाना होंगे.

# रांची रेलवे स्टेशन से रिंग रोड को जोड़ने के लिए बनेगा स्मार्ट रोड, साइकिल ट्रैक के साथ सोलर पैनल भी होगा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से रांची रिंग रोड तुपुदाना की ओर जोड़ने के लिए स्मार्ट रोड बनाया जायेगा. पथ निर्माण विभाग रेलवे स्टेशन की दूसरी ओर से पुल के पास से एक सड़क निकालने की योजना तैयार कर रहा है जो सीधा रिंग रोड को जोड़ेगा. रेलवे स्टेशन से बड़ा घाघरा होते हुए यह रोड रिंग रोड से जुड़ेगा. बता दें कि पहले से रेलवे स्टेशन से यह रोड बनायी गयी है जो रिंग रोड एयरपोर्ट को जोड़ रहा है. पथ विभाग ने कंसलटेंट क्यूब लिमिटेड को इसका डीपीआर तैयार कराने का निर्देश दिया है. कंसलटेंट ने इस पर काफी काम भी कर लिया है, लेकिन अब पथ निर्माण विभाग ने इसे स्मार्ट रोड की तर्ज पर विकसित करने का निर्देश दिया है. एचईसी गेट से जिस तरह से एचईसी गोलंबर तक रोड बनाया गया है उसी अनुरूप इसे भी बनाया जायेगा, बल्कि कई मायनों में यह उससे भी अधिक आधुनिक होगा. सड़क में साइकल पथ भी बनाया जायेगा, पैदल चलने वालों के लिए भी काफी जगह होगी. इंजीनियरों ने बताया की फोरलेन रोड से भी अधिक चौड़ी सड़क बनायी जायेगी, इसमें दोनों ओर स्ट्रीट लाइट लगाया जायेगा, जिसके लिए सोलर पैनल भी लगाया जायेगा. यानि इसी सोलर पैनल के जरिये स्ट्रीट लाइट में बिजली दी जायेगी. इस काम के लिए कंसलटेंट के इंजीनियरों ने जेरेडा से बात भी कर ली है. सोलर पैनल वहां से उपलब्ध कराया जायेगा. सड़क में चार मीटर चौड़ा डिवाइडर भी होगा, जिसमें पौधा लगाये जायेंगे. हर ओर ग्रीनरी होगा. करीब 10 किमी लंबी इस रोड को काफी आधुनिक बनाने की योजना है. इस रोड के बनने से रेलवे स्टेशन से उतरने वाले यात्रियों को रिंग रोड, एयरपोर्ट इत्यादि जाने में काफी सुलभ होगा, आवागमन आसान हो जायेगा.

## एसआर डीएवी पुंदाग में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में धूमधाम से राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया. इस अवसर पर महान युवा संन्यासी व राष्ट्रनिमार्ता स्वामी विवेकानंद को भाव झ्र भीनी पुष्पांजलि दी गई तथा स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया. इस वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस का थीम युवाओं में निडरता, साहस, सद्भावना हैं. आध्यात्मिक विकास के लिए स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है.प्राचार्य एस.के.मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता सदैव बनी रहेगी. उन्होंने जीवन के रहस्यों को भली झ्र भांति समझा था. वे अध्यात्म और विज्ञान दोनों को समान रूप से महत्त्व देते थे. उनके विचार आज भी युवाओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं. हमारी युवा पीढ़ी ही राष्ट्र की वास्तविक संपत्ति है. उनका सही रास्ते पर चलना ही राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर सकता है और ऐसा स्वामी विवेकानंद के विचारों का अनुसरण करके ही संभव है. हमारा देश सदैव उनका ऋणी रहेगा क्योंकि वे भारत के योग और वेदांत दर्शन को विश्व पटल पर लेकर गए. उन्होंने बेलूर मठ की स्थापना की. उनके द्वारा स्थापित राम कृष्ण मिशन के द्वारा आज भी जन कल्याण के अनेक कार्य किए जा रहे हैं. स्वामी जी मानव मात्र का कल्याण चाहते थे. देश को उन्नति के शिखर पर देखना चाहते थे. स्वामी विवेकानंद के सपनो को साकार करना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

# नए साल पर रांची में सजेगी अक्षरों की दुनिया, कब से लग रहा है राष्ट्रीय पुस्तक मेला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** रांची-झारखंड की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक नगरी रांची के जिला स्कूल मैदान में रविवार को भूमि पूजन के साथ 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले की तैयारियां शुरू हो गयीं. नए साल में यहां 17 से 26 जनवरी तक अक्षरों की दुनिया सजेगी और उत्सवों की धूम रहेगी. एक ही छत के नीचे हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए हिन्दी और अंग्रेजी की पुस्तकें उपलब्ध होंगी. मेले के दौरान स्कूली बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी. सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे. समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण ने जानकारी दी कि समय इंडिया (नई दिल्ली) किताबों को पाठकों से जोड़ने की मुहिम के तहत रांची में पुस्तक मेला लेकर आया है. 17 जनवरी से सुबह 11 बजे से रात 7:30 बजे तक पुस्तक मेले का आनंद लिया जा सकेगा. भूमि पूजन कार्यक्रम में मंडप निर्माण करने वाली संस्था के कर्मचारी और प्रतिनिधि के साथ स्थानीय लेखक, जेबी पांडेय, संध्या पांडेय एवं संस्कृतिकर्मी उपस्थित थे.

**पुस्तकें बोलेंगी, बातें करेंगी**

चन्द्र भूषण ने बताया कि इस पुस्तक मेले में भागीदारी को लेकर प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेताओं के बीच खासा उत्साह है और वे अपने साथ नईझ्रपुरानी पुस्तकों की सौगात ला रहे हैं. पुस्तकें बोलेंगी, बातें करेंगी और ऐसी दुनिया में ले जायेंगी जहां आप थोड़ा संवेदनशील और मानवीय होंगे. उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्देश्य समाज में पुस्तकों के प्रति पनप रही उदासीनता की भावना को खत्म करना और किताबों के करीब पुस्तक प्रेमियों को लाना है.

**मेले में भाग ले रहीं प्रमुख संस्थाएं**

पुस्तक मेले में जिन प्रकाशकों एवं पुस्तक विक्रताओं की स्वीकृति मिल चुकी है उनमें राजपाल एंड संस, प्रकाशन संस्थान, समय प्रकाशन, यश प्रकाशन, लक्ष्मी प्रकाशन, नैय्यर बुक सर्विस, वर्मा बुक कम्पनी, रोहित बुक कम्पनी, विकल्प प्रकाशन, आर्यन बुक कम्पनी (नई दिल्ली), हिन्द युग्म (गौतम बुद्ध नगर), दिव्यांश प्रकाशन (लखनऊ), योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया, क्राउन पब्लिकेशन, झारखंड झरोखा, गीता प्रेस (रांची), कबीर ज्ञान प्रकाशन केन्द्र (गिरिडीह) आदि प्रमुख हैं.

**बच्चों पर केन्द्रित विविध कार्यक्रम**

चन्द्र भूषण ने बताया कि मेले के दौरान स्कूली बच्चों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम रखे गए हैं, जिनमें कविताझ्रकहानी सुनाओ प्रतियोगिता, बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, बच्चों की गायन प्रतियोगिता, बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता, देशभक्ति गीत, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आदि प्रमुख हैं. बच्चों की सभी प्रतियोगिताएं निःशुल्क होंगी. पुस्तक प्रेमियों को कवियों एवं कवयित्रियों की कविताओं को करीब से सुनने का मौका मिलेगा. सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे.

## अगले पांच सालों में बड़े पैमाने पर होगा प्लांटेशन का कार्य



**रांची।** झारखंड में आगामी पांच वर्षों में बिरसा हरित ग्राम योजना से बड़े पैमाने पर प्लांटेशन का कार्य करने का लक्ष्य तैयार किया गया है. बागवाणी सखी व ग्रामीण किसानों की सहायता से यह कार्य किया जायेगा. बागवानी सखी को प्लाश के माध्यम से भुगतान व प्लांटेशन का कार्य मनरेगा योजना से किया जायेगा. ग्रामीण विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 3.96 लाख पौध प्रखंड स्तर पर लगाये जायेंगे ये सारे पौधे आम के होंगे. इसके अलावा आम और अमरूद का मिक्स पौधा एक ही जगह पर 3.96 लाख लगेंगे. वहीं, आम-अमरूद-नींबु का पौधा 3.96 लाख व गैर मजरूआ भूमि में भी आम व अमरूद के 3.98 लाख पौधा लगाया जायेगा. इसके अलावा 3.10 लाख बांस व तसर भी 4.94 लाख हेक्टेयर भूमि में करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके लिए डिंगिग इत्यादि का कार्य हो चुका है, अब पौधे लगाये जा रहे है. मिली जानकारी के अनुसार सभी जिलों को इसे अभियान के तहत करने को कहा गया है, जहां पौधे लगाये गये हैं वहां से रिपोर्ट मंगायी जा रही है, ऑनलाइन निगरानी भी चल रही है.

आगामी वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा फल का लक्ष्य- उपायुक्त

# उपायुक्त हेमंत सती ने वार्षिक परीक्षा 2025 की तैयारी को लेकर शिक्षकों को दिये अहम दिशा-निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।** आगामी माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 में जिला के परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो सभागार में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिले के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी और अन्य संबंधित कर्मी शामिल हुए। उपायुक्त ने शिक्षकों और पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करते हुए परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने की रणनीति साझा की। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा में सफलता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को समर्पण और अनुशासन के साथ काम करना होगा। उन्होंने शिक्षकों को छात्रों के लिए प्रभावी शिक्षण और नियमित मूल्यांकन प्रणाली पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। शिक्षकों को निर्देश दिया कि सभी विषयों का पाठ्यक्रम समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इसके लिए विधालय स्तर पर एक मासिक और साप्ताहिक योजना तैयार की जाए।छात्रों की पहचान कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया जाए। इन कक्षाओं में छात्रों को उनकी समस्याओं का समाधान और अभ्यास कराने पर जोर दिया जाए।उपायुक्त ने सभी विधालयों में नियमित रूप से मॉक टेस्ट और अभ्यास परीक्षाएं कराने के निर्देश दिए। इससे छात्रों को परीक्षा के माहौल का अनुभव मिलेगा और उनकी तैयारी का आकलन भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि छात्रों की विधालय में नियमित उपस्थिति उनकी सफलता के लिए अनिवार्य है। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों और अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित करने और उपस्थिति बढ़ाने के उपाय अपनाने की अपील की।उपायुक्त ने शिक्षकों को स्मार्ट क्लास और डिजिटल संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तकनीक का उपयोग करके कठिन विषयों को सरल और रोचक तरीके से समझाया जा सकता है, जिससे छात्रों की सीखने की प्रक्रिया में सुधार होगा।उपायुक्त ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका छात्रों के भविष्य निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और पूर्ण समर्पण के साथ करें। उन्होंने कहा कि जिले की शिक्षा व्यवस्था को राज्य में उत्कृष्ट बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।सभी शिक्षकों और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समय एकजुट होकर काम करने का है। उन्होंने भरोसा जताया कि यदि सभी मिलकर प्रयास करेंगे तो साहेबगंज जिला परीक्षा परिणामों के मामले राज्य में टॉप 10 में सम्मिलित होगा।मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ दुगार्नंद झा एवं सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य शिक्षक गण उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा माहझ्र 2025 के उपलक्ष्य में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत रिफ्लेक्टिव टेप छोटे बड़े वाहनों में लगाया गया



**साहिबगंज(उजाला)।** सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहझ्र 2025 का आयोजन किया गया है।साहिबगंज जिले के प्रमुख स्थानों पर सभी दो पहिए वाहन, तीन पहिए वाहन टोटो ऑटो इत्यादि सभी वाहनों में (रिफ्लेक्टिव टेप) पारावर्तक पट्टी लगाया गया जिसका उद्देश्य रात्रि के समय यातायात कर रहे हैं वहां जो कोरे अंधेरे अथवा धुंध में दिखाई ना पढ़ने की स्थिति में यह (रिफ्लेक्टिव टेप) पारावर्तक पट्टी की मदद से वाहन नजर में रहते हैं एवं वाहन का पहचान हो पता है जिससे सड़क पर दुर्घटनाएं जो अंधेरे,कोहरे अथवा धुंध के वजह से होती है उसे रोका जा सके। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि जनवरी माह 1 से 31 तारीख के दौरान जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी, खेल प्रतियोगिताएं, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह ने बताया कि (रिफ्लेक्टिव टेप) पारावर्तक पट्टी लगाकर वाहन चलाने से रात्रि या अंधेरे, कोहरा, या धुंध के समय वाहन को स्पष्ट रूप से पहचाना जाता है जिससे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं में कमी लाया जाता हैं। साथ ही सभी वाहन चालकों से निवेदन किया गया कि हेलमेट सीट बेल्ट का प्रयोग करें एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर एक जिम्मेदार नागरिक बने। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, कार्यालय लिपिक अभिषेक कुमार, सड़क सुरक्षा योद्धा समाज सेवी ओम प्रकाश पंडित, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं समाहरणालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय घाट सेलमपुर का फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर किया उद्घाटन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**साहिबगंज(उजाला)।** राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घाटजमनी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय घाट सेलमपुर का उद्घाटन बीपीओ कुणाल किशोर, जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश मंडल, उप प्रमुख आनंद मंडल के द्वारा फीता काट कर किया।साथ ही सभी मुख्य अतिथि को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार एवं सहायक शिक्षक मिथुन सिंह की अध्यक्षता में किया गया।वही बीपीओ कुणाल किशोर के कहा कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों को बेहतर सुविधा मिले इसके लिए सरकार हर संभव कदम उठा रही है। अभिभावकों को भी चाहिए कि अपने बच्चे के भविष्य के प्रति सजग रहें और बच्चों को समय पर विद्यालय पढ़ने को भेजें। वहीं समय समय पर शिक्षको से अपने बच्चों के संबंध में बात करते रहें।वही कार्यक्रम में जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश मंडल ने कहा कि यह विद्यालय सड़क निर्माण के समय टूट गया था और उसे समय यहां के ग्रामीण बहुत ही दुखी हुए थे यह सोचकर कि उनके बच्चे अब कहां जाएंगे पढ़ाई करने के लिए। लेकिन पूर्व विधायक आनंद कुमार ओझा के प्रयास से पुनः नए विद्यालय का निर्माण हुआ है।यह के ग्रामीण, शिक्षक एवं प्रबंधन समिति से आग्रह करता हूं कि यहां पर सभी सुख सुविधा बच्चों को लेकर मौजूद है अब आप एक अच्छे वातावरण में यहां के बच्चों को शिक्षा दें। इस मौके पर घाटजमनी पंचायत के उप मुखिया बीरबल मंडल, बिंदेश्वरी यादव, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश भान राय हरिदास मंडल, कर्मवीर,रमन राज, घनश्याम मंडल, जितेन मंडल, सौदागर मंडल, परशुराम मंडल, राजीव प्रमाणिक आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने किया पठान कप क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन.



**उधवा/साहिबगंज(उजाला)।** प्रखंड अंतर्गत इंग्लिश मैदान में आयोजित पठान कप क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ झामुमो नेता सह विधायक प्रतिनिधि मो मारुफ ऊर्फ गुड्डू जी फीता काटकर शुभारंभ किए. उपरांत सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किए. पहला मैच श्रीधर बनाम मोहनपुर के बीच खेला गया. मोहनपुर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया. 16 टीम टूनार्मेंट में भाग लिए है. विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि इंग्लिश के मैदान में क्रिकेट टूनार्मेंट प्रत्येक वर्ष आयोजित होती है जिससे क्षेत्र के युवाओं को खेल का अवसर मिलता है. युवाओं के खेल प्रतिभा को निखारने के प्रयास किया जाएगा. मौके पर पीठू पठान, मो एकलाकुर रहमान, मो मंजूर , कुंदन कुमार, तमाल मंडल, दुर्गा मंडल, विकास यादव सहित अन्य मौजूद थे.

## क्राइम मीटिंग में अपराध पर नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन का आदेश:एसपी



**एसपी ने की अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक,दिए कई दिसा निर्देश**

**साहिबगंज(उजाला)।** रविवार को जिले के जैप 9 कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने जिले के सभी थानों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी थानों के थानाध्यक्ष से उनके क्षेत्र में होने वाले कांडो के बारे में चर्चा किया तथा अहम निर्देश दिए। बैठक में अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थानाध्यक्षों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को अपराध में कमी लाने का कड़ा निर्देश दिया।चेतावनी दी कि अपराध का ग्राफ बढ़ा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।एसपी ने रात्रि गश्ती तेज करने और कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। वही आगे कहा कि थानों पर पहुंचने वाले हर मामलों को निष्पादित किया करें। थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों के गुंडा पंजी में शामिल अपराधियों की कुंडली भी तैयार कर लें। किसी थाना क्षेत्र में शराब बिकने पर कार्रवाई होगी।

**लंबित सहित अन्य मामलों की समीक्षा**

क्राइम मीटिंग में एसपी ने थानेवार लंबित मामले, शिकायतें, लंबित अनुसंधान, गैर जमानती वारंट, नोटिसों का तामिला आदि की समीक्षा की। बैठक में एसडीपीओ समेत सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। क्राइम मीटिंग के दौरान सभी थानाध्यक्षों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि थाना पहुंचने वाले लोगों के साथ शिष्ट व्यवहार करें। एसपी ने कहा कि किसी भी थाना क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन व शराब बिक्री की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को हर हाल में अवैध लॉटरी व शराब तस्करी पर रोक लगाने को कहा। फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें। एसपी ने कहा सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्वयं रात्रि-गश्ती करेंगे।इस मौके पर एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक व सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)।** राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई बरहेट के द्वारा शुभोदीप विवाह भवन है हाटपाड़ा के प्रांगण में बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिवानंद साह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मंत्री कान्हाई ढोली व मंच संचालन अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला बाल कार्य प्रमुख राजू साह ने बहुत ही प्रभावी ढंग से स्वामी विवेकानंद के आदर्श को प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम सभी छात्र-छात्राओं व युवाओं को अपने देश के प्रति कर्तव्य निष्ठ होकर कार्य करने की आवश्यकता है। स्वामी विवेकानंद हमारे आदर्श हैं। धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष देवाशीष पांडे ने किया। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा भाषण, गीत,कविता व चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपक कुमार, द्वितीय स्थान सुहाना परवीन, तृतीय स्थान नंदनी कुमारी, गीत में प्रथम स्थान नेहा, कुमारी द्वितीय स्थान पप्पू कुमार, द्वितीय स्थान बबलू मुर्मू, चित्रकला में प्रथम स्थान जीत दत्त, द्वितीय स्थान रेशमी कुमारी, तृतीय स्थान आराध्या अनु, कविता में प्रथम स्थान निशा सोरेन, द्वितीय स्थान ज्योति मुर्मू व तृतीय स्थान पर जिया हेंब्रम रही। कार्यक्रम में परिषद के कार्यकताओं में गौरव सुमन, नीर्लव कुमार, अजय कुमार सेन, विष्णु दास,भोला ढोली , दीपक कुमार पांडे, अमन कुमार गुप्ता, पवन कुमार साह ,मिथुन कुमार साह ,अखिल आनंद विवेक दास, छोटन दास,सनी गुप्ता अन्य मौजूद थे।

## भारतीय वैश्य महासभा युवा प्रकोष्ठ जिला कार्यकारणी का किया गया गठन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।** भारतीय वैश्य महासभा युवा प्रकोष्ठ की एक बैठक सह स्वागत समारोह एल. सी. रोड स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुराग राहुल ने किया।इस अवसर पर भारतीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय वैश्य महासभा के प्रदेश समिति के द्वारा झारखंड प्रदेश में सभी जिला समितियों एवं साथ ही सभी युवा प्रकोष्ठ के जिला समितियों को भी मजबूत करने का निर्णय लिया गया है।महासभा के जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अनुराग राहुल ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से वैश्य समाज को मजबूत करने के लिए शीघ्र ही साहिबगंज के सभी प्रखंडों में संगठन का विस्तार किया जाएगा।इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे यह दायित्व दिया गया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा.इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर कुमार गुप्ता,प्रदेश अध्यक्ष सतीश चंद्र गुप्ता, महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता,जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अनुराग राहुल के प्रति आभार व्यक्त किया।बैठक मैं निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गयाइसके अतरिक्त कार्यकारणी सदस्य के रुप में ग्यारह युवाओं का चयन किया गया।बैठक के उपरान्त एक स्वागत समारोह अयोजित कर सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ दे कर समामनित किया गाया।बैठक में जिला उपाध्यक्ष डा विनोद कुमार साह,जिला महासचिव बासुकीनाथ साह,रविन्द्र प्रसाद साह,सचिव श्रवण कुमार मोदी,उदय कुमार साह,जिला संयोजक रणधीर प्रसाद चौरसिया,अमित कुमार साह,सोनू कुमार सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थें।

**नई कमिटी का गठन**

जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुदर्शन कुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष -देवनारायण साह,सन्नी कुमार साह,रौशन कुमार साह,गोपाल साह,सचिव रवि कुमार साह, अमित कुमार साह,महासचिव मिथुन साह,

## राधानगर में नाबालिग लड़की से छेड़खानी किए जाने के मामले में मां बेटी ने युवक को बिजली का करेंट लगाकर हत्या कर दी, छानबीन में जुटी पुलिस



**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ घर में घुसकर छेड़खानी व चोरी के आरोप में एक युवक को नाबालिग लड़की व उसकी मां ने करेंट लगाकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शनिवार को करीब 8 बजे संध्या में सूचना मिली कि राधानगर गांव में किर्ती देवी पति दीपांकर मंडल के घर में एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा इस कार्य में संलिप्त अपराधकर्मियों को पकड़ने एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। इस दौरान पुलिस बलो को लेकर घटनास्थल पर पहुंचा गया। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद शव की पहचान कर स्थानीय लोगो के समक्ष मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम हेतु अनुमंडल अस्पताल राजमहल भेज दिया गया। कांड संख्या 11/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करते हुए इस घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों का पता लगाया गया। उक्त घटना के सम्बंध में सुराग मिला कि मृतक राजु मंडल दो महीने से किर्ती देवी पति दिपांकर मंडल के घर में घुसकर कुछ सामान चुरा लेता था तथा उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़-छाड़ का प्रयास करता था। वही 10 जनवरी की रात्रि में अभियुक्त के घर में प्रवेश करने पर अभियुक्त किर्ती देवी एवं उसकी नाबालिक पुत्रि के द्वारा राजू मंडल को बिजली का करेण्ट देकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपित के घर से नंगा तार करीब 5 मीटर जो एक बाँस से लपेटा हुआ है। तथा करीब 1 मीटर निले रंग का कॉपर तार बरामद किया है।इस मामले में आरोपित के विरुद्ध कांड संख्या 11/25 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। घटना को लेकर पुलिस अन्य बिन्दुओं पर अनुसंधान कर रही है।छापेमारी दल में राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय,राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर,राधानगर थाना के एसआई अनिल कुमार,बिड्डु कुमार साहा, राजमहल थाना, सअनि० हाकिम मूर्मू, राधानगर थाना आदि पुलिस बल मौजूद थे।

# गंगा पुल निर्माण संघर्ष समिति की बैठक समिति के कार्यालय में आयोजित की गई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।** गंगा पुल निर्माण संघर्ष समिति का एक बैठक समिति के एल सी रोड स्थित कार्यालय में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने किया।बैठक में सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई,उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया.तत्पश्चात आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से हम लोगों ने लड़कर गंगा पुल प्राप्त किया है,उसी प्रकार से साहिबगंज से मनिहारी गंगा नदी पर एक रेल पुल बनवाने के लिए भी लड़ाई लड़नी है।अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि विवेकानंद जी ने कहा था कि उठो,जागो और तब तक नहीं रुको,जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए.श्री गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की बातों पर अमल करते हुए हमें तब तक नहीं रुकना है जब तक साहिबगंज से मनिहारी गंगा नदी पर रेल पुल का भी निर्माण नहीं हो जाता है।समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष जगत किशोर यादव ने कहा कि हम रेल पुल के साथ-साथ काला कानून खास महाल एवं ओवर ब्रिज निर्माण के लिए भी आंदोलन आरंभ करना होगा।समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि पुल निर्माण संघर्ष समिति के द्वारा तीस वर्षों तक आंदोलन करने के उपरांत अब जाकर साहिबगंज मनिहारी गंगा पुल का निर्माण हो रहा है,अब रेल पुल निर्माण के लिए आंदोलन आरंभ करना है. अतः बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब रेल पुल निर्माण के लिए आंदोलन आरंभ किया जाएगा।बैठक में बासुकीनाथ साह,रणधीर प्रसाद चौरसिया,रविंद्र साह,शेषनाथ यादव,अनुराग राहुल,सिद्धार्थ कुमार यादव,उदय कुमार साह,श्रवण कुमार मोदी,सन्नी कुमार साह,देवनारायण साह,मिथुन साह,विनोद कुमार साह,रौशन कुमार साह,अमित कुमार साह सहित दर्जनों सदस्यगण उपस्थित थे।

## कांग्रसी कार्यकर्ताओ ने नवनिर्वाचित विधायिका को स्थानीय समस्याओं को लेकर सौपा ज्ञापन



**साहिबगंज(उजाला)।** रविवार को साहेबगंज जिला महासचिव मिठुन कुमार मंडल एवं जिला समन्वयक सह प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने पाकुड़ विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायिका निसात आलम से उनके रांची स्थित आवास में मिलकर बरहरवा क्षेत्र में हो रही समस्याओ से अवगत कराया जिसमे मुख्य रूप से वर्तमान में राशन कार्ड में फिंगर अपडेट किया जा रहा है अपडेट उपरांत बहुत से वृद्ध एवं विकलांग लोगों का राशन कार्ड में फिंगर अपडेट नही हो पा रहा है । जिससे कार्डधारी लाभुकों को सही से राशन नही मिल पा रहा है डीलर भी लाभुकों को किसी प्रकार से सहयोग नही कर रही है साथ ही कई जगहों पर डीलरों एवं लाभुकों के बीच झड़प की नौबत आ जाती है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए नए विकल्प निकालने की जरूरत है। उक्त बातों को सुनने उपरांत माननीय विधायक निसात आलम ने आश्वासन देते हुए जल्द ही समस्या से निदान के लिए नए विकल्प स्थापित करने की बात कही।इस दौरान विधायिका ने कहा कि पाकुड़ की विधासमस्या उनकी व्यक्तिगत समस्याओं समान है वो हर संभव जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेगी।

# स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती मनाई गई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**चतरा।** स्वामी विवेकानंद जी के 163 वीं जयंती पर रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चतरा इकाई के द्वारा परिषद कार्यालय गोरक्षणी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर संगोष्ठी की शुरूआत विद्या की देवी मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गयी ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश सह मंत्री अनिलं कुमार यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्र और समाज को देने वाले महान विभूति, जिनका व्यक्तित्व विराट एवं अद्भुत रहा है।ऐसे व्यक्तित्व वाले स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानकर 1949 से ही लगातार काम करते आ रही है।उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन को विद्यार्थी परिषद अपना आदर्श इसलिए मानती है कि उनके पूरे जीवन को देखने से देश हमें देता है। सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें जैसे भाव मन में उत्पन्न होते हैं, जिसने राष्ट्र और समाज के लिए अपनी पूरी जीवन को खपा दिया। अपने राष्ट्र एवं समाज के लिए सभी सुख-सुविधाओं का त्याग दिया, ऐसे लोग समाज को आज भी प्रेरणा देने का काम कर रही है।शिक्षक सचिन दुबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन के माध्यम से यह दिखाया कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की रीढ़ है।उनके आदर्श आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं।हमें आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है।उन्होंने युवाओं को अपने जीवन में अनुशासन, मेहनत और सेवा भावना को अपनाने का संदेश दिया। जिला संयोजक मुन्ना यदुवंशी ने उनकी जीवनी एवं देशभक्ति पर प्रकाश डाला। कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अमरीका के शिकागो में हुए एक आयोजन में प्रभावशाली भाषण देते हुए भारतवर्ष को विश्व गुरु के रूप स्थापित करते हुए भारत की क्षमता का लोहा मनवाया था।हिंदू धर्म औ? आध्यात्म की आधुनिक और प्रेरणादायी व्याख्या करने में स्वामी विवेकानंद का अहम योगदान है।पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शुभम कुमार ने कहा कि उठो, जागो और जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो, तब तक आगे बढ़ते रहो के आदर्श को युवा समझें।उन्होंने छात्रों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने और भारत माता की सेवा के साथ-साथ सामाजिक विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।मंच संचालन नगर सह मंत्री अर्णव श्रीवास्तव ने किया धन्यवाद ज्ञापन नेहा वर्मा ने किया ।मौके पर उपस्थित पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शुभम कुमार,खेलो भारत के प्रदेश प्रमुख मुन्ना यदुवंशी,नगर मंत्री विशाल प्रजापति प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रणविजय सिंह जिला एसएफड़ी संयोजक रौनक सिंह, एस एफ एस जिला संयोजक उज्जवल साहू, थिक इंडिया अर्णव श्रीवास्तव, नगर सह मंत्री अनुराग आर्य, सन्नी कुमार, आशीष कुमार, कॉलेज इकाई अध्यक्ष साहिल सांघा, प्रियांशु सिंह, आशुतोष झा, अनिमेष कुमार, कुमकुम सिंह,तन्नू सिंह,चंदा पांडे, निशा वर्मा,नेहा वर्मा, अनु कुमारी, अनामिका कुमारी, प्रगति कुमारी, निशु कुमारी, सोनम कुमारी, खुशी कुमारी,संदीप कुमार, संदीप यादव, सनोज कुमार, मोहित केशरी, अभिषेक राणा, राकेश कुमार, सक्षम यादव, सम्राट यादव, सूरज कुमार, दीपू कुमार, ध्रुव केशरी, सुंदर कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ईमानदारी के साथ गरीब लोगों का सेवा करूंगा : अजित सिंह



झारखंड उजाला, संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू:** प्रखंड के देवरी कला पंचायत के अत्यंत गरीब परिवार को इस कड़ाके के ठंड को देखते हुए हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला के पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह के सौजन्य से दर्जनों गरीब परिवारों को कंबल वितरित किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह ने कहा की हमने देखा की अपने पंचायत में कड़ाके की ठंड में गरीब असहाय लोगों को काफी दिक्कत हो रही है।इसलिए मैने जरूरतमंद लोगों को सरकार के सहयोग से ठंड से राहत देने के लिए व्यवस्था किया।इस दौरान उन्होंने मौजूद लाभार्थियों को ठंड से हमेशा सतर्क रहने की सलाह दी।उन्होंने ने मौके पर लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की मै आपलोगों को पुरी ईमानदारी के साथ सेवा करता रहूंगा।

**तीन दिवसीय सोहराय महोत्सव का डीसी - एसपी ने किया शुभारंभ**

# मांदर की थाप पर झूमे डीसी- एसपी, सरहूल पर जल, जंगल संरक्षण एवं स्वच्छता का दिया संदेश

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो



**पाकुड़ :** रविवार को जिला प्रशासन पाकुड़ की ओर से बाजार समिति पाकुड़ में तीन दिवसीय सोहराय महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि संथाल में आने के बाद हमने प्रण लिया है कि संथाली भाषा हम जरूर सीखेंगे। मुख्यमंत्री का जो एक सपना है पारंपरिक कल्चर को बढ़ावा देने का हमलोग उस ही दिशा में एक सही कदम उठा रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी का सपना है कि सबको साथ लेते हुए सबके सपनों को साकार करते हुए सबके साथ पहुंचते हुए सबका सम्मान करते हुए विकास करना। जिस प्रकार से उन्होंने मैया सम्मान की योजना लाई उसी प्रकार से सभी प्रकार के पर्व त्यौहार महोत्सव का सम्मान करते हुए हम सभी को अपने जिले को आगे बढ़ाना है। इसमें सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित मिला है। उपायुक्त ने कहा कि इस साल पाकुड़ जिले में अच्छी फसल हुई इसके लिए सभी किसान बंधुओं को बधाई देता हूं। उपायुक्त ने उपस्थित सभी अभिभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें। इस बार पाकुड़ जिला को बोर्ड की परीक्षा में टॉप फाइव में लाना है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि यह त्यौहार मवेशियों के सम्मान में मनाया जाता है। सोहराय पशुधन के प्रति आभार और स्नेह व्यक्त करने का दिन है। सोहराय पर्व से ही संताली सभ्यता व संस्कृति अब भी जीवित है। कहा कि मान्यता है कि मनुष्य के सुखमय जीवन में कृषि और जीव जंतु की पूजा की जाती है।वहीं कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी आदि ने सोहराय पर्व मनाने के विषय में अपना अपना विचार रखकर प्रकाश डाला।

# गरिबो के बिच झामुमो सुप्रीमो दिशुम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन मनाया गया



झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**चतरा।** झामुमो सुप्रीमो दिशुम गुरु शिबू सोरेन का 81वॉ जन्मदिन के मौके पर झामुमो चतरा जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति के नेतृत्व में जरूरतमन्दो लोगो के बिच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो नगर अध्यक्ष बिट्टू कुमार ने कहा की दिशूम गुरु शिबूसोरेन गरीबो की हक की लड़ाई पुरी जीवन लड़े इसलिए उनके जन्मदिन के शुभावसर पर कंबल का वितरण किया जा रहा है। कबल वितरण के आलावा केक भी काटकर पूरे धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया।मौके पर शंभू कुमार, महेंद्र कुमार, विशाल कुमार, युवा नेता पिंटू आजर ,राजदीप पांडे, अमित पांडे, सतीश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# सिंदरी में गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव मनाया गया

कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता



**सिंदरी /धनबाद।** रविवार को सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व सिंदरी गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया । गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी को भव्य रूप से सजाया गया था। बड़ी संख्या में सभी धर्मों के श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा साहब पहुंचकर गुरु ग्रंथ साहिब के सामने माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 7:00 बजे सहज पाठ का समापन हुआ। 8:00 सरदार मंजीत सिंह उप्पल की तरफ से निशांन साहब की चोले के बदलने सेवा की गई। 11:00 से 12 बजे स्थानीय जत्था निशु कौर, प्रीति कौर और रीत कौर द्वारा एवं 12:00 से 1:30 बजे तक धनबाद से पधारे हरजस कीर्तनों जत्था (दलजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, जसविंदर सिंह, संदीप सिंह) द्वारा शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया गया। सिंदरी गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी ( पुजारी) बलवीर सिंह द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष सबों की भलाई के लिए अरदास की गई और गुरु ग्रंथ साहिब का उपदेश पढ़ कर सुनाया। उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर गुरु का लंगर ग्रहण किया।

**गुरु गोविंद सिंह जी का संक्षिप्त इतिहास**

गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना बिहार में हुआ था। वे एक महान दार्शनिक, प्रख्यात कवि, निडर एवं निर्भीक योद्धा, युद्ध कौशल ,महान लेखक और संगीत के पारखी भी थे। वे नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर और माता गुजरी के इकलौते बेटे थे ,जिनका बचपन का नाम गोविंद राय था। मौके में गुरुद्वारा प्रधान डॉक्टर स्मृति नागी, सुरेंद्र पाल सिंह, प्रेम सिंह, लखजीत सिंह ,ओंकार सिंह, कुलबीर सिंह ,हरेंद्र सिंह ,जगदेव सिंह, नरेंद्र सिंह ,हरपाल सिंह ,जगदीश्वर सिंह, गुरचरण सिंह, इंद्रजीत सिंह, सतविंदर सिंह, योगेंद्र सिंह, जसपाल कौर ,मनजीत कौर ,हिना कौर ,रूपिंदर कौर,रानी कौर, सुरेंद्र कौर, हरभजन कौर, गुरप्रीत कौर, देवेंद्र कौर, कुलवंत कौर, हरजीत कौर, दविंदर कौर इत्यादि कई उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के प्रशिक्षण में दिया गया सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी




यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो

**पाकुड़ :** सबकी योजना सबका विकास अभियान 2024 अंतर्गत पाकुड़ प्रखंड में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर पूर्णेंदु सरकार के द्वारा मनरेगा, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के बारे में विस्तार से बताया। वहीं अथर जमील, एसोसिएट, स्वानीति इनिशिएटिव के द्वारा पीएम- कुसुम योजना के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दिया। ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल में शामिल पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए योजना से होने वाले लाभ, सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडरी के बारे जानकारी दी एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं का फायदा दिलवाने हेतु फॉर्म भरने के लिए अनुरोध किया गया।

# हरिहरगंज ब्लॉक कार्यालय में 2 साल बाद भी नहीं हुआ रंग रोहन, जर्जर स्थिति में खिड़की-दरवाजे

भवन रंग रोहन के नाम पर 12.50 लाख की अवैध निकासी, सरकारी अधिकारियों की चुप्पी

सरकारी उदासीनता या भ्रष्टाचार का संरक्षण ब्लॉक कार्यालय की दुर्दशा पर सवाल

झारखंड उजाला, संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू ।** जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण हुए सात साल से अधिक बीत चुके हैं। जिसके बाद 2022-23 में भवन प्रमण्डल विभाग मेदिनीनगर द्वारा आवंटित 12.50 लाख रुपए से अभी तक दोबारा रंग रोहन का कार्य पूरा नहीं हुआ है। निर्माण के सात सालों में कार्यालय की खिड़की-दरवाजे जर्जर हो चुके हैं। मामूली धक्का देने पर दरवाजे टूटने की स्थिति में हैं, जो सुरक्षा और गोपनीयता के लिए खतरा उत्पन्न कर रहे हैं। बावजूद संबंधित अधिकारियों को इस पर कोई ध्यान नहीं है।

**12.50 लाख की अवैध निकासी, जिम्मेदार मौन**

2022-23 में भवन का रंग रोहन के लिए 12.50 लाख रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से केवल बाहरी पेंटिंग कर पैसे की अवैध निकासी कर ली गई। अंदर की स्थिति जस की तस बनी हुई है। यह मामला स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

**सरकार की उदासीनता, भ्रष्टाचार को संरक्षण ?**

ब्लॉक भवन की दुर्दशा और भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद सरकार और वरीय अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। यह रवैया सरकार की उदासीनता और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के समान प्रतीत होता है। जनता में इस मुद्दे को लेक चर्चा का विषय है।

**जर्जर व्यवस्था, महत्वपूर्ण कागजात जोखिम में**

ब्लॉक कार्यालय के अंदर विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण कागजात हैं, लेकिन जर्जर खिड़की-दरवाजों के कारण ये दस्तावेज खतरे में हैं। अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदार की लापरवाही से सरकारी संपत्ति और दस्तावेजों की सुरक्षा पर हरिहरगंज के निवासी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि हम सभी अपना घर द्वार को प्रतिदिन साफ सुथरा रखते हैं पदाधिकारी एवं सरकार बड़ी बड़ी बातें करते हैं लेकिन ब्लॉक की स्थिति पर चुप्पी साधे हैं जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। हरिहरगंज वासियों ने इस स्थिति पर सरकार को संज्ञान लेने का आग्रह किया है।

## विश्वकर्मा समाज का बैठक सम्पन्न

**चतरा।** सिमरिया प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन परिसर में विश्वकर्मा समाज का प्रखण्ड स्तरीय बैठक रविवार को आयोजित की गई ।जिसमें प्रदेश स्तर के प्रदेश अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष चेतलाल विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव चंदन विश्वकर्मा मौजूद थे ।बैठक में लोहार समाज की एकता और उत्थान पर बल दिया गया। वहीं जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तर के कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर चतरा जिला अध्यक्ष जगलाल विश्वकर्मा,सचिव रामेश्वर विश्वकर्मा,सह सचिव धनेश्वर विश्वकर्मा ,जवाहर विश्वकर्मा के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## ब्रह्मण समाज उपायुक्त को सौपेंगे ज्ञापन

**चतरा :** सात सूत्री मांगो लेकर सोमवार को कान्यकुंज ब्रह्मण समाज डीसी को एक ज्ञापन सौपेंगे। इसको लेकर एक रैली निकाला जायेगा। यह रैली पत्थलदास मंदिर से शुरू होकर चतरा केशरी मुख्य चौक, गोरक्षणी, जतराहीबाग रोड, समाहरणालय डीसी ऑफिस तक पदयात्रा कर पहुंचेगा। इसमें चतरा जिला के सभी प्रखंडों से बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधु शामिल होंगे। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक शामिल होंगे ।उक्त आशय की जानकारी चतरा जिला अध्यक्ष संजय पांडेय ने दी।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त एवं जिला के पदाधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया माल्यार्पण





यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, स्थापना उप समाहर्ता मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श और विचार हमें आत्मनिर्भरता, सेवा, और समाज कल्याण की प्रेरणा देते हैं। आइए, उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

# स्वामी विवेकानंद जयंती-सह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय दिवा रात्रि वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो



**पाकुड़ :** स्वामी विवेकानंद जयंती-सह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय दिवा रात्रि वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला वॉलीबॉल संघ पाकुड़ द्वारा रेलवे मैदान पाकुड़ में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल जितेंद्र कुमार शर्मा जिला ओलंपिक संघ के सचिव रणबीर सिंह अध्यक्ष व सचिव ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के अखिलेश कुमार चौबे संजय कुमार ओझा एवं झारखंड वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष हिसाबी राय के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इसके उपरांत रिबन काटकर नारियल फोड़ कर अतिथियों द्वारा मैदान में प्रवेश किया गया इसके बाद इस प्रतियोगिता का प्रारंभ हुआ बारी-बारी से मंचासीन अतिथियों ने नवोदित खिलाड़ियों को स्वामी विवेकानंद जी के बारे में बताया और उनके आदर्शों पर चलने की बात कही।

नवोदित खिलाड़ी भी मंचासीन अतिथियों के संबोधन से गदगद थे और स्वामी विवेकानंद के जय घोष के साथ नंद के आनंद की जय विवेकानंद की शोर से अतिथि यो के बात को आत्मसात किया ।इसके उपरांत इस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल पाकुड़ राज प्लस टू स्कूल संत जोसेफ स्कूल एलिट पब्लिक स्कूल आदर्श बिल्टू मध्य विद्यालय हरिणडंगा उच्च विद्यालय विवेकानंद यूथ क्लब जूनियर टीम ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का पहला मैच संत जोसेफ स्कूल पाकुड़ बनाम राज प्लस टू स्कूल के बीच खेला गया जिसमें संत जोसेफ स्कूल 15/12 15/6 से विजय रही दूसरा मैच डीएवी बनाम डीपीसी के बीच खेला गया जिसमें डीएवी 15/14 15/7 से विजय रही हरिणडंगा हाई स्कूल बनाम विवेकानंद यूथ क्लब जूनियर जिसमें हाई स्कूल आदर्श बिल्टू मध्य विद्यालय स्कूल पाकुड़ के बीच खेली गई जिसमें सन जोसेफ 15/6 15/4 से विजय रही ।समाचार लिखे जाने तक इतनी टाइम जीतकर आगे प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का कर चुकी थी ।प्रतियोगिता को सफल बनाने में कार्यक्रम के संयोजक अनिकेत गोस्वामी प्रशिक्षक उजय राय मुन्ना रविदास विपिन कुमार चौधरी देवेन्द्र साहनी अजीत मंडल ओंम प्रकाशनाथ रतुल दे तन्मय पोद्दार जितेश रजक रोशन भगत कन्हैया भगत निर्भय सिंह अभिषेक भगतमनीष कुमार कृष्ण यादव सहित अन्य खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण सक्रिय भूमिका निभाई।

# समाहरणालय परिसर में लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर, पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने किया रक्तदान

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो




**पाकुड़ :** जिला प्रशासन की ओर से रविवार को समाहरणालय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की शुरूआत उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में रक्तचाप, सुगर, हिमोग्लोबिन जांच एवं दंत, नेत्र आदि का जांच किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, स्थापना उप समाहर्ता मनीष कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार, अंचलाधिकारी पाकुड़ भागीरथ महतो, अमड़ापाड़ा बीडीओ प्रमोद कुमार एवं जिले के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। समाचार लिखे जाने तक कुल 345 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया एवं दवा का वितरण किया गया उल्लेखनीय है कि कल 13 जनवरी 2025 को अनुमंडल कार्यालय परिसर एवं 14 जनवरी को पुलिस लाईन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# एक सप्ताह के अंदर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 185000 सीएफटी से अधिक बालू भंडारण को किया गया जब्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**चतरा।** अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार व गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र के मयूरहंड प्रखंड में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान सोकी पंचायत भवन के बगल खाली जमीन पर कुल 135000 सीएफटी अवैध बालू भंडारण पाया गया। जिसे जिला खनन पदाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी चतरा,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा, खान निरीक्षक द्वार जब्त कर लिया गया है। साथ ही अवैध बालू के भंडारण में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है।

**एक सप्ताह के अंदर लगभग 185000 सीएफटी बालू को किया गया जब्त**

जिले के सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र से कुल एक सप्ताह के अंदर अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स व प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स के संयुक्त छापेमारी अभियान के दौरान सिमरिया प्रखंड क्षेत्र में 4500 सीएफटी अवैध बालू भंडार, टंडवा में 6800 सीएफटी, लावालौंग में 2200 सीएफटी कुल 13500 सीएफटी माफियाओं द्वारा किए गए बालू भंडारण को जब्त किया गया है। वहीं रविवार को अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स द्वारा मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में कुल 135000 सीएफटी अवैध बालू भंडारण को भी जब्त किया गया है। इसके अलावे एक सप्ताह के अंदर चतरा अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों यथा कान्हाचट्टी में 2200 सीएफटी, हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र में 20000 सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया गया है। छापेमारी अभियान के क्रम में जिले भर से 450 सीएफटी बालू लोड 05 ट्रैक्टर को भी किया गया है जब्त।

**उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन सख्त**

उपायुक्त श्री रमेश घोलप पूर्व में आयोजित जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारियों और सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में अवैध बालू, पत्थर, एवं कोयला का खनन परिवहन ना हो इसके लिए सभी जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स टीम लगातार 247 छापेमारी अभियान चलाएं। अगर किन्हीं व्यक्ति की संलिप्तता प्रमाणित होती है तो उनके ऊपर कार्रवाई करें।

**अवैध खनन परिवहन व भंडारण में कर्मियों के कार्य के प्रति उदासीन रवैयों की होगी जांच**

मयूरहंड प्रखंड में भारी मात्रा में अवैध बालू के भंडारण मिलने पर उपायुक्त रमेश घोलप ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को लेकर कर्मियों एवं पदाधिकारियों के कार्य के प्रति उदासीन रवैयों का जांच करने का निर्देश दिया। जांच के क्रम में अगर किन्हीं कर्मी या पदाधिकारियों की संलिप्तता देखी जाती है तो उनके विरुद्ध सख्त प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई होगी।

**पत्थर खनन पट्टों का प्रशाखीय मापी जारी**

जिलान्तर्गत चालू लघु खनिज पत्थर खनन पट्टों के स्वीकृत क्षेत्र की प्रारंभिक जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रथम दृष्टया कुछ पत्थर खनन पट्टा में स्वीकृत क्षेत्र से अधिक भूमि पर खनन कार्य करने का मामला प्रकाश में आया, जिससे राजस्व की क्षति से इंकार नहीं किया जा सकता है। उक्त मामला संज्ञान में आने के पश्चात ही उपायुक्त के निर्देश पर जिले में पत्थर खनन पट्टों की प्रशाखीय मापी जारी है। इसके लिए अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। उक्त टीम में सदस्य के रूप में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, खान निरीक्षक चतरा एवं सभी संबंधित अंचल अधिकारी शामिल हैं।

# जबड़ा पंचायत भवन में आयोजित किया गया जागरूकता शिविर



झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**चतरा।** सिमरिया प्रखंड के जबड़ा पंचायत भवन में रविवार को आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरुक्ता शिविर का आयोजन पिएलवी अंजली कुमारी के द्वारा किया गया।कार्यक्रम मे बाल विवाह, घरेलू हिंसा,यौन उत्पीड़न,सरकार के द्वारा मिलने वाली सहायता,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 'नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाएं,दिव्यांग जनों को मिलने वाली विधिक सेवाएं तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में पीएलवी अंजली कुमारी के द्वार जानकारी दी गई।उपस्थित पंचायत सेवक सुधीर प्रसाद सिंह, आंगनबाड़ी सेविका राधा देवी ,संध्या देवी फूलमती, देवी रीना देवी भारती राय रेखा जायसवाल संगीता देवी रुक्मिणी देवी, फूल कुमारी ,संगीता देवी, प्रियंका कुमारी तथा ग्रामीण प्रकाश राय ,उमेश साहू ,प्रेम प्रजापति के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पौष शुक्ल पक्ष, ॠद्वादशी तिथिॠ कूर्म द्वादशी को हर्षोल्लास के साथ श्रीराम मन्दिर प्रतिष्ठा उत्सव मनाया गया

जागेशवर कुमार @झारखंड उजाला ब्यूरो



**हजारीबाग।** ग्राम अमनारी के हनुमान मंदिर में कृषि प्रमुख श्री रामप्रसाद कुशवाहा जी के नेतृत्व में संध्या 05 बजे से स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। छोटे छोटे बालक - बालिका, युवा, बुजुर्ग, मातृ शक्ति पूरे उत्साह के साथ उत्सव में शामिल हुए। ग्रामीणों ने श्रीराम लला के प्रसाद में खीर के लिए स्वेच्छापूर्वक अपने अपने घर से दूध और चावल लाकर मन्दिर में एकत्रित किए, मातृशक्तियों ने श्रद्धा पूर्वक खीर बनाकर श्रीरामलला को भोग अर्पित किया। उत्सव का शुभारम्भ गणेश वन्दना से हुआ, पश्चात 108 से अधिक संख्या में उपस्थित भक्तों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया, सामूहिक आरती, श्रीराम स्तुति की गयी। इस अवसर पर सेवा भारती, हजारीबाग के सचिव मनोज गुप्ता ने श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के एतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनसाधारण को जागरूक किया। श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम क्यों कहा जाता है, इस विषय में बताया। सहयोगी विजय प्रसाद ने अपने संबोधन में राम राज्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उत्सव में श्री राजकुमार मौर्य, रीता देवी, पूनम देवी, प्रीति देवी, रोशनी, देवी, शांति देवी, सुमित्रा देवी, सरिता देवी, आशा देवी, अनेसर प्रसाद, विजय प्रसाद, महावीर प्रसाद, संतोष प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, नरेश महतो, सुरेश महतो, सुखदेव प्रसाद, जागो प्रसाद, जगदीश यादव, अनुप मिश्रा, महेंद्र यादव, अमित पासवान, बद्रीराम, शंकर राम, सुरेश राम, राजेंद्र राम सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम बहेरी के लालपुर चौक अवस्थित हनुमान मंदिर में भजन मण्डली आयाम प्रमुख श्री सुधीर महतो जी के नेतृत्व में संध्या 06 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उत्सव में मन्दिर को दीपक से सजाया गया, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, श्रीराम स्तुति पाठ, भव्य आरती की गयी। उत्सव में सेवा सारथी अंशुराज मौर्य, प्रवीण कुमार, इंदु कुमार, शुभम कुमार, सीताराम, सुश्री माही कुमारी, उर्मिला देवी, मीना देवी, करिना देवी, आकांक्षा, सुगंध, सुरबाला सुरभि, शोभा कुमारी, सेवक महतो, त्रिवेणी महतो, मुंशी महतो, नागेश्वर महतो, धनेश्वर महतो उपस्थित रहे।

# तकनीकी ज्ञान बढ़ाने के लिए बीआईटी सिंदरी में बूटकैंप का आयोजन

कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता



**सिंदरी /धनबाद।** रविवार, 12 जनवरी को बीआईटी सिन्दरी के आईएसटीई चैप्टर द्वारा एक प्रेरणादायक बूटकैंप का सफल आयोजन किया गया। इस बूटकैंप का उद्देश्य छात्रों को ग्राफिक डिजाइनिंग, यूआई/यूएक्स और वीडियो एडिटिंग जैसे आधुनिक और प्रासंगिक कौशलों में प्रशिक्षित करना था। यह आयोजन कॉलेज के आईटी बिल्डिंग में किया गया, जिसमें 450 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह बूटकैंप बीआईटी सिन्दरी के माननीय निदेशक, प्रो. डॉ. पंकज राय के मार्गदर्शन और समर्थन से सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। आईएसटीई के प्रभारी अधिकारी, डॉ. बी.डी. यादव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और छात्रों को सफलता के मंत्र देकर प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राफिक डिजाइनिंग के महत्व को रेखांकित किया गया, जो आज के समय में ब्रांडिंग, मार्केटिंग और विजुअल स्टोरीटेलिंग में अहम भूमिका निभाता है। यूआई/यूएक्स डिजाइन को वेब और ऐप डेवलपमेंट में उपयोगकर्ता-अनुकूल अनुभव बनाने के एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, वीडियो एडिटिंग के महत्व को भी बताया गया, जो आधुनिक मीडिया उद्योग में आकर्षक मल्टीमीडिया सामग्री तैयार करने के लिए आवश्यक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से आईएसटीई छात्रों को तेजी से बदलते डिजिटल और तकनीकी परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए निरंतर अवसर प्रदान करता है।

# द होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का वनभोज कार्यक्रम हुआ

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।



**हजारीबागद।** द होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन चिकित्सक हजारीबाग जिला यूनिट के तत्वाधान में वन भोज का कार्यक्रम किया गया, जिसमें हजारीबाग के सभी होम्योपैथिक चिकित्सक आनंद लिए । यह कार्यक्रम झील परिसर में हजारीबाग संपन्न हुआ । जिसमें मुख्य रूप से संगठन के अध्यक्ष डॉ गणेश शंकर, सचिव डॉ आनंद शाही,कोषाध्यक्ष डॉ अजीत कुमार, डॉ अनिल प्रसाद ने आयोजन किया , हजारीबाग के सभी होमियोपैथिक चिकित्सको ने भाग लिया,जिले में होमियोपैथिक चिकित्सको का उत्थान के विषय पर चर्चा हुआ,संघ के अध्यक्ष डॉ गणेश शंकर ने कहा कि संगठन में जुड़ कर रहने से एक दूसरे के दुख सुख में सभी लोग भाग लेते है,संगठन हमेशा एक दूसरे के साथ खड़ा रहता है ,सचिव डॉ आनंद शाही ने बताया कि द होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन पूरे झारखंड सहित भारत में सबसे बड़ी संगठन है हमेशा हर राज्य में सेमिनार से लेकर मेडिकल कैंप ऑगेनाइज करते आ रही है,चिकित्सको का भलाई के बारे में हमेशा आगे बढ़ चढ़ कर कार्य करते आ रहा है । आज के इस पिकनिक कार्यक्रम डा अनिल प्रसाद, डॉ विनोद कुमार, संगठन के मीडिया प्रतिनिधि डॉ प्रहलाद सिंह,डॉ अजीत कुमार, विजय कुमार तिवारी डॉ राजेश त्रिवेदी, डॉ पंकज कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ धीरज कुमार डॉ संजय कुमार वर्मा डॉक्टर हरिओम, डॉ पंकज कुमार हजारीबाग होम्यो हॉल के भोला सिंह,परफेक्ट होम्यो के मनोज कुमार,चंदन कुमार, डॉ पंकज कांत सहाय, डॉ शंकर मोदी, डॉ बिशेश्वर ठाकुर, डॉ जयप्रकाश सिन्हा, डॉ अमरेंद्र भास्कर डॉ एके सहाय डॉ नसीम उपस्थित हुए ।

## आजसू नेता सुरेश गिरी का निधन, राजनीतिक क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति : रोशन लाल चौधरी

**बड़कागांव/हजारीबाग।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता सह केंद्रीय सदस्य गोसाई बलिया निवासी 65 वर्षीय सुरेश गिरी की आकस्मिक निधन रविवार को सुबह 4:00 बजे हो गई। वे पिछले कई वर्षो से मधुमेह बीमारी से ग्रसित थे। गोसाई बलिया श्मशान घाट में अंतिम संस्कार की गई एवं शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसका मुखग्नि पुत्र अरविंद गिरी ने दी। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी अंतिम संस्कार में शामिल हुए और गहरा दुख व्यक्त किया। कहा की वे हमारे अभिभावक थे उनका निधन होना राजनीतिक क्षेत्र में एक अपूर्ण क्षति है। बताते चले कि सुरेश गिरी 1984 में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। और दो बार प्रखंड अध्यक्ष भी रहे। जिसके बाद वे 2010 में आजसू पार्टी में शामिल हुए थे। अंतिम संस्कार शोक सभा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू, आजसू केंद्रीय सचिव कोलेश्वर गंझू, पत्रकार उग्रसेन गिरी, चंदन पुरी, दीपक करमाली, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र महतो, उमेश प्रजापति, गुरदयाल प्रजापति, उमेश गिरी, त्रिभुवन गिरी, सुमन गिरी, फूलचंद गिरी ,महेश यादव ,विनय साव, शोले नायक, केशव गिरी, अभिसेक गिरी, हीरालाल गिरी, गणेश गिरी, कमल पुरी, परमेश गिरी, अजय गिरी ,रमेश गिरी, मुकेश गिरी, मोतीलाल गिरी, जुगल चौधरी, जीतन राम, सर्वजीत गिरी के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निदेर्शानुसार फूड सेफ्टी ऑफिसर ने खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया, एकत्र किए गए सैंपल

**हजारीबाग।** आगामी मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय एवं एसीएमओ पदाधिकारी डॉ शशि जायसवाल के निदेर्शानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी के द्वारा शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ए.के.इंटरनेशनल होटल, होटल श्री विनायक,त्रिपाल होटल,न्यू फ्रंटियर बेकरी,संजय तिलकुट भंडार एवं पंजाबी चाप कॉर्नर आदि खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के क्रम मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच को लेकर तिलकुट, पनीर एवं खोवा का सैंपल संग्रह किया गया। जांच अभियान के क्रम खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा संचालकों को निर्देश दिया गया कि अपने रसोईघर को अच्छी तरह से हाईजीन कंडीशन में रखेंगे। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे ताकि आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर नहीं पड़े। साथ ही सभी संचालकों को फूड कलर 100 पीपीएम तक ही इस्तेमाल करने की सलाह दी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं के बीच लैंगिक भेदभाव, भ्रुण हत्या, पी.सी.पी.एन.डी०.टी. एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह आदि विषयों पर एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**हजारीबाग।** रविवार को को समाज कल्याण विभाग के द्वारा से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के अवसर पर युवाओं के बीच लैंगिक भेदभाव, भ्रुण हत्या, पीसीपीएनडीटी एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह आदि विषयों पर एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र, हजारीबाग के सहयोग से रिंग एण्ड रोजेज बैंक्वेट हॉल, हजारीबाग में की गई। कार्यशाला का उद्घाटन शिप्रा सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा अपने आसपास के 50-50 लोगों के बीच पोक्सों एक्ट, लैंगिक भेदभाव, भ्रुण हत्या के रोकथाम हेतु प्रचार-प्रसार करें। बाल विवाह जैसी कुरिति से मुक्ति के लिए लोगों में जागरूकता फैलाये कि बाल विवाह से बच्ची का भविष्य के साथ-साथ परिवार को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बालिकाओं के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत मिलने वाले आर्थिक सहायता राशि की भी विस्तृत जानकारी देते हुए अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया,ताकि सरकार की महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सहित नेहरू युवा केन्द्र के युवागण उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंपों पर चलाया नो हेलमेट - सीटबेल्ट, नो फ्यूल अभियान

**सिंदरी /धनबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निदेर्शानुसार धनबाद के सभी पेट्रोल पंपों पर ॠनो हेलमेट - सीटबेल्ट, नो फ्यूलॠ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पेट्रोल पंप संचालक को कहा गया कि अब से बिना हेलमेट और सीटबेल्ट3 वालों को पेट्रोल न दे। साथ ही साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति, हिट एंड रन के प्रति तथा गुड समेरिटन के बारे में समझाकर जागरूक भी किया गया। लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। मौके पर एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार एवं डीटीओ कार्यालय के कर्मी मौजूद थें। 15

## विस्थापित मोर्चा ने विधायक का किया स्वागत

**बड़कागांव/ हजारीबाग।** बड़कागांव विधायक श्री रौशनलाल चौधरी जी को स्वागत किया गया एवं विधायक श्री रौशनलाल चौधरी जी ने आभार व्यक्त किए । मौके पर उपस्थित होकर विस्थापित भाइयों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और हर समस्या के समाधान का स्पष्ट आश्वासन दिया। विस्थापितों के अधिकार और न्याय की लड़ाई मेरी प्राथमिकता है। यह केवल संघर्ष नहीं, बल्कि आर-पार की लड़ाई है, जिसे अंतिम परिणाम तक पहुंचाना मेरा संकल्प है। आपके साथ हर कदम पर खड़ा हूँ ।

# बीआईटी इको क्लब द्वारा ग्रीन मैराथन का आयोजन



कुलबीर सिंह @झारखंड उजाला संवाददाता

**सिंदरी/ धनबाद।** बीआईटी सिंदरी के इको क्लब द्वारा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और कल्याणेश्वरी तसरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (केटीएम पल) के सहयोग से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ग्रीन मैराथन का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 7:00 बजे शुरू हुआ, जिसमें 2.5 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर 300 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ लगाई। प्रतिभागियों में छात्रों, प्रोफेसरों और संस्थान के अन्य निवासियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बी आई टी सिंदरी इको क्लब प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्रों और समाज को पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

## उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्री पवन कुमार ने किया कोडरमा जिले का दौरा

# लंबित दाखिल खारिज मामले का करें निस्पादनः आयुक्त पवन कुमार

**राजस्व संबंधित, राजस्व संग्रहण, खनन टास्क फोर्स समेत अन्य की हुई बिंदुवार समीक्षा**

**राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश**

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**हजारीबागः** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्री पवन कुमार ने शनिवार को कोडरमा जिले के दौरे पर रहे। उनके कोडरमा पहुंचने पर उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात समाहरणालय सभा कक्ष में प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से आयुक्त ने ई कोर्ट, 30 दिन एवं 90 दिनों से अधिक समय से लंबित दाखिल खारिज मामले, सक्सेशन व पार्टीशन म्यूटेशन, परिशोधन पोर्टल में आये हुए आवेदनों का निष्पादन कार्य एवं भूमि सीमांकन से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा किया। साथ ही मयूटेशन अपील से संबंधित लंबित मामले, राजस्व संग्रहण, लगान प्राप्ति एवं आंतरिक संसाधन, जिला आंतरिक संसाधन समिति तथा जिला टास्क फोर्स (अवैध खनन की रोकथाम) के पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे राजस्व वसूली के कार्य की समीक्षा किया। दाखिल खारिज के मामले में आयुक्त ने निर्देशित करते हुए सभी अंचल अधिकारी को कहा कि न्यूनतम 30 दिन एवं 90 दिनों के अंदर लंबित दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करें। राजस्व संग्रहण को लेकर वन विभाग, खनन विभाग, मत्स्य, नगर परिषद, उत्पाद, जिला परिवहन विभाग समेत कई अन्य विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की जानकारी क्रमवार ली गई। साथ ही उन्होंने शतप्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश दिया। वहीं अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिले में अब तक की गई कार्रवाई का भी जानकारी खनन निरीक्षक से लिया। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन नहीं करने वाले वाहन और वाहन चालक की विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करें। अवैध रूप से बालू का उठाव करने वाले वाहनों एवं संलिप्त लोगों के ऊपर भी कार्रवाई करें। इसके अलावे आयुक्त ने जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स को छापेमारी व जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त श्री ऋतुराज, अपर समाहर्ता श्रीमती पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री विजय कुमार सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अविनाश पुणेर्दु समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# राजू गुप्ता ने की पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मुलाकात,बहन अनिता को इंसाफ दिलाने के लिए लगाया न्याय की गुहार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**चतरा।** झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से शनिवार को हजारीबाग के पूर्व एसडीओ के साला राजू कुमार गुप्ता ने प्रशासन की जाँच प्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार करवाने की मांग किये है।उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री से कहा कि हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार और उनके परिवार पर उनकी पत्नी अनिता देवि को जलाकर मारने का गंभीर आरोप लगा है।अनिता देवी कि मौत से पूरे झारखण्ड प्रदेश झकझोर कर रख दिया है, लेकिन घटना के 15 दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों को गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले में न्याय की मांग को लेकर अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा भाजपा नेता रघुवर दास से मुलाकात की। राजू गुप्ता ने पूरे मामले को जानकारी देते हुए परिवार पर आई विपति और प्रशासन की उदासीन को लेकर अपना पीड़ा साझा किया।रघुवर दास ने इस घटना अमानवीय और निंद बताते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा। उनोंने कहा, राज्य सरकार की चाहिए कि इस मामले में पूरी पारदर्शिता के साथ जाँच करे। दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। सरकार को लिपापोती से न्याय व्यवस्था की साख पर आंच नही आनी चाहिए।न्याय की मांग को और तेज करने के लिए सोमवार को हजारीबाग में एक महाधरने का आयोजन किया गया है। स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।यह मामला 26 दिसंबर का है, जब अनिता देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने से हो गई थी। अनिता के परिवार ने इसे हत्या करार देते हुए आरोप लगाया है कि यह घटक उनके पति अशोक कुमार और उनके परिजनों की साजिस का नतीजा है। भाजपा बे इस घटना परिस्थितियों गहरी चिंता व्यक्त की है। और इसे महिला सुरक्षा और न्याय प्रणाली की विफलता का प्रतिक है।रघुवर दास ने इस मामले मे डिजिपी से मिलकर ईमानदारी पूर्वक जाँच करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार करवाने का आश्वासन दिये है।

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले


गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए।

लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं।



धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है।

देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है।

भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं- ‌ह्लजा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराईह्व। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें।

राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें। जबकि विपक्षी दलों की सारी की सारी कवायद में एक अनर्थ सच्चाई के ही दर्शन हुए क्योंकि जैसे केवल चेहरे बदलने से दामन के दाग नहीं धुल जाते, वैसे ही कुछ युवा चेहरों को सामने खड़ा करने से क्रांतिकारी सोच पैदा नहीं की जा सकती। भ्रष्टाचार के मुद्दे को व्यक्तिगत आरोपों की झड़ी लगाकर पृष्ठभूमि में डालने की कोशिश की जा रही है।

## आज का राशिफल


स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# चुनावी रैलियों में अक्सर राजनीतिक बयानबाजी में महिलाओं को निशाना क्यों बनाया जाता है?

सार्वजनिक जीवन में महिलाएं पहनावे, वजन, रूप रंग या बर्ताव को लेकर भी अक्सर और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। चुनावी रैलियों में अक्सर राजनीतिक बयानबाजी में महिलाओं को निशाना बनाया जाता रहा है। महिलाओं की मयार्दा और सशक्तिकरण की पैरवी करने वाले नेता चुनाव आते ही सब कुछ भूल जाते हैं। नेता महिलाओं को चुनाव के दौरान हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने से बाज नहीं आते। महिलाओं के लिए अमर्यादित भाषा का उपयोग करने में किसी भी दल के नेता पीछे नहीं हैं। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि ऐसे मामलों में राजनीतिक दल अपने नेताओं का व्यक्तिगत बयान कह कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में यदि नेता को लगता है कि ज्यादा विवाद हो गया है और इससे विशेषकर महिला वोटों का नुकसान हो सकता है तो बेशर्मी के साथ माफी मांग ली जाती है। ऐसे भी नेताओं की कमी नहीं है जिन्हें महिलाओं के प्रति ओछी टिप्पणी करने पर किसी तरह आत्मग्लानि नहीं होती, उल्टे वे रावण की तरह अहंकारी बन कर माफी मानने से साफ इंकार कर देते हैं।

महिलाओं के प्रति किए गए अपमान की इस फेहरिस्त में एक ओर नेता का नाम जुड़ गया है। भाजपा के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रमेश बिधुड़ी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद वह क्षेत्र की सड़कों को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के 'गाल' जैसी बना देंगे। हालांकि, बाद में उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा यदि उनकी टिप्पणियों से किसी को ठेस पहुंची है तो वह खेद प्रकट करते हैं। प्रियंका गांधी पर की गई भद्दी टिप्पणी पर भाजपा के मौन साधने से विधूड़ी के हौसले और बुलंद हो गए। इसके बाद दिल्ली के रोहणी में एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री आतिशी पर निजी हमला करते हुए बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी जो कि मारलेना थीं, अब वह सिंह बन गई हैं। यहां तक कि उन्होंने अपने पिता को बदल दिया। बिधूड़ी ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी के चरित्र को दशार्ता है। बिधूड़ी के कथित बयान पर दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा, ₹भाजपा महिला विरोधी है, यह एक खुला रहस्य है और यह चिंता का विषय है कि यही भाजपा दिल्ली की कानून व्यवस्था की प्रभारी है। सार्वजनिक जीवन में महिलाएं पहनावे, वजन, रूप रंग या बर्ताव को लेकर भी अक्सर और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। चुनावी रैलियों में अक्सर राजनीतिक बयानबाजी में महिलाओं को निशाना बनाया जाता रहा है। वर्ष 2012 में नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली में कांग्रेस नेता शशि थरूर की पत्नी सुनंदा थरूर के बारे में कहा था कि वाह क्या गर्लफ्रेंड है। आपने कभी देखी है 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड। इस पर पलटवार करते हुए शशि थरूर ने जवाब दिया था कि मोदी जी मेरी पत्नी 50 करोड़ की नहीं बल्कि अनमोल है, लेकिन आप को यह समझ में नहीं आएगा क्योंकि आप किसी के प्यार के लायक नहीं हैं। वर्ष 2012 दिसंबर में दिल्ली में निर्भया गैंगरेप के बाद पश्चिम बंगाल के जांगीपुर से कांग्रेस सांसद अभिजीत मुखर्जी ने इस मुद्दे पर कहा था कि विरोध में प्रदर्शनों में हिस्सा ले रही छात्राएं सजी-संवरी महिलाएं हैं, जिन्हें असलियत के बारे में कुछ नहीं पता। मुखर्जी ने कहा कि ये सजी संवरी महिलाएं पहले डिस्कोथेक में गईं और फिर इस गैंगरेप के खिलाफ विरोध दिखाने इंडिया गेट पर पहुंची। हालांकि इसके बाद सांसद मुखर्जी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी। वर्ष 2018 में जया बच्चन को समाजवादी पार्टी की ओर से राज्य सभा में फिर से नामांकित किया गया तो भाजपा नरेश अग्रवाल ने जया बच्चन को फिल्मों में नाचने वाली बताया। इसी तरह वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में आधार पर बयान के दौरान कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी की हंसी पर मुस्कुराते हुए कहा था कि ₹सभापति जी रेणुका जी को आप कुछ मत कहिए रामायण सीरियल के बाद ऐसी हंसी सुनने का आज सौभाग्य मिला है। बाद में केंद्र सरकार में राज्यमंत्री किरण रिजीजू ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर कर रेणुका चौधरी की हंसी की तुलना रामायण के किरदार शूर्पणखा से कर डाली। इसके बाद भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने रामायण में शूर्पणखा की नाक काटे जाने का दृश्य भी ट्विटर पर शेयर किया। वर्ष 2018 में राजस्थान में चुनावी सभा में जनता दल (यू) के नेता शरद यादव ने तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर व्यक्गित टिप्पणी कर दी। यादव ने कहा कि इन्हें आराम दो, बहुत थक गई हैं। बहुत मोटी हो गई है, पहले पतली थी। इस पर वसंधुरा राजे ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि वे इस बयान से अपमानित महसूस कर रही हैं। जद नेता शरद यादव की कमान से महिलाओं के प्रति फूहड़ अंदाज का ऐसा तीर पहली बार नहीं निकला। जून 1997 में संसद में महिला आरक्षण बिल पर बहस में यादव ने कहा था कि इस बिल से सिर्फ. परकटी औरतों को फायदा पहुंचेगा। परकटी शहरी महिलाएँ हमारी (ग्रामीण महिलाओं) का प्रतिनिधित्व कैसे करेंगी। गौरतलब है कि शरद यादव को सर्वश्रेष्ठ सांसद का अवॉर्ड मिल चुका है। महिलाओं पर विवादित बयानों की ये फेहरिस्त लंबी है।



**– योगेन्द्र योगी**

# घटती महंगाई

यह सुखद है कि 19 महीने के बाद थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है और यह अक्तूबर महीने में घटकर 8.39 पर आ गई है। खुदरा महंगाई दर में भी कमी का रुख उत्साहवर्द्धक है। गौर करने की बात है, लगभग पिछले साल से ही महंगाई बढ़ती चली आ रही थी, बार-बार चिंता जताई जा रही थी और भारतीय रिजर्व बैंक ने भी मौद्रिक नीति में समय-समय पर बदलाव किए हैं, अब परिणाम सामने हैं। इससे पहले मार्च, 2021 में महंगाई दर 7.89 प्रतिशत पर थी, आगामी महीनों में महंगाई दर के और घटने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था और अधिकतर लोगों के हित में यह जरूरी है कि महंगाई न केवल कम हो, बल्कि छह प्रतिशत के आसपास रहे। आमतौर पर दो प्रतिशत से छह प्रतिशत की महंगाई दर होनी चाहिए, उससे ऊपर जब दर चढ़ती है, तो न केवल आम लोगों, बल्कि उद्योग-धंधों को भी मुश्किल में डालती है। अब चूंकि थोक महंगाई दर दो अंकों से नीचे आई है, तो यह आशा बलवती हुई है कि आने वाले महीनों में राहत महसूस होगी।

वैसे थोक मुद्रास्फीति दर में लगभग पांच अंकों का अंतर एक महीने के समय में ही आया है, तो आश्चर्य भी होता है। खनिज तेल, धातु, फ्रैबिकेटेडेट धातु उत्पाद, अन्य गैर-धातु खनिज उत्पाद के दाम घटने से अक्तूबर, 2022 में थोक मुर्द्रास्फीति घटी बताई जा रही है। अक्तूबर महीने में सब्जियों की मुद्रास्फीति 17.61 प्रतिशत रही है, जबकि उसके पिछले महीने यह 39.66 प्रतिशत पर थी। ईंधन और बिजली में भी महंगाई दर 23.17 प्रतिशत रही है। मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की महंगाई दर ही कुछ कम 4.42 प्रतिशत दर्ज हुई है। विशेष रूप से सब्जियों के भाव आम लोगों को ज्यादा चुभ रहे हैं और इसलिए थोक महंगाई के आंकड़े देखकर कोई आम आदमी सवाल उठा सकता है। आम आदमी के बजट को बिगाड़ने के लिए रसोई और ईंधन पर्याप्त हैं। हाल ही में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह उम्मीद जताई थी कि अक्तूबर में मुद्रास्फीति की दर सात प्रतिशत से कम रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका, क्योंकि मोटे तौर पर सब्जियों और ईंधन के भाव साथ नहीं दे रहे हैं। बताया जाता है, पिछले छह या सात महीनों में भारतीय रिजर्व बैंक व सरकार, दोनों ने ही मुद्रास्फीति को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक, केंद्रीय बैंक ने अपनी ओर से ब्याज दरों में वृद्धि की है, जबकि सरकार की तरफ से आपूर्ति पक्ष से जुड़े कई कदम उठाए गए हैं। फिर भी कसर रह ही जा रही है।

भारत की खुदरा मुद्रास्फीति, जिसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापा जाता है, अक्तूबर महीने में तीन महीने के निचले स्तर 6.77 प्रतिशत पर आ गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकडे.उत्साहजनक हैं। सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर 7.41 फीसदी थी। तीन महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने में भी रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत की ऊपरी सीमा के पार बना हुआ है। सरकार ने रिजर्व बैंक को कह रखा है कि 2026 तक खत्म होने वाली पांच वर्षीय अवधि में महंगाई दर को दो से चार प्रतिशत तक रखना है। हालांकि, यह लक्ष्य पाना आसान नहीं है। महंगाई घटाने के लिए अनेक मोर्चों पर कदम उठाने व कड़े फैसले लेने की जरूरत पड़ेगी। उत्पादन पर ध्यान देना जितना जरूरी है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी है आपूर्ति को आसान बनाना, ताकि कीमतों को आबादी के अनुरूप घटाया जा सके।

# मधुमेह की मार

लगभग डेढ़ दशक से लगातार विश्व मधुमेह दिवस मनाया जा रहा है। पहली बार सन 1991 में संयुक्त राष्ट्र ने तय किया था कि 14 नवंबर को पूरी दुनिया मधुमेह के रोग से बचाव और उपचार को लेकर जागरूकता संबंधी बातें किया करेगी। चूंकि एक विश्व दिवस मधुमेह के नाम पर भी है, इसी से साबित होता है कि मधुमेह को एक वैश्विक समस्या मान लिया गया है। जहां तक भारत की बात है तो इस रोग की गंभीरता समझने के लिए यह आंकड़ा काफी है कि पिछले साल सितंबर से लेकर इस साल अक्तूबर तक देश में मधुमेह संबंधी सलाह लेने वालों की संख्या में काफी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। कहने को तो कह सकते हैं कि इस रोग को लेकर जागरूकता बढ़ने की वजह से ज्यादा लोगों ने विशेषज्ञ सलाह लेना शुरू कर दिया है। लेकिन इस रिपोर्ट पर भी गौर किया जाना चाहिए कि इस साल मार्च से लेकर अब तक जिन पांच लाख छत्तीस हजार लोगों की मधुमेह जांच हुई, उनमें एक तिहाई मधुमेह रोगी निकले। जाहिर है, आमतौर पर मधुमेह की आशंका वाले लोगों ने ही जांच करवाई और उसमें हर तीसरा व्यक्ति मधुमेह से ग्रस्त निकला। यह अलग बात है कि भारत जैसे देश में कितने लोग इस रोग के शुरूआती दौर में ही जांच करवा पाते होंगे?

मधुमेह एक भरापूरा रोग है और ज्यादातर रोगों का कारण भी बन जाता है। चिकित्सा विज्ञान में इसके उपचार के लिए अलग से शाखा है। दूसरे और रोगों की तरह मधुमेह के इलाज के उपायों की चर्चा सामाजिक रूप से नहीं की जा सकती। इसीलिए आमतौर पर स्वयंसेवी सस्थाएं भी इस मामले में शिविर या दूसरे आयोजन करने से बचती हैं। इससे बचाव के लिए दिनचर्या और खानपान को ठीक रखने की कितनी भी सलाह दी जाती रहे, लेकिन किसी रोग को लेकर खानपान की सलाह देने वाला काम भी चिकित्सा विज्ञान की दूसरी विशिष्ट शाखा के जिम्मे है।

दरअसल यह ऐसा रोग है जो अंतस्त्रावी ग्रंथियों में असंतुलित स्नाव के कारण होता है, लिहाजा शौकिया या गैरप्रशिक्षित डाक्टरों, वैद्य, नीम-हकीमों से सलाह लेना या इलाज करवाना खतरे से खाली नहीं होता। और यह बात कौन नहीं जानता कि देश में स्नातक स्तर के चिकित्सकों की ही भारी कमी है। ऐसे में मधुमेह के विशेषज्ञों की पर्याप्त उपलब्धता तो बहुत दूर की बात है। लेकिन चिकित्सा क्षेत्र में बढ़ते निजीकरण के दौर में आर्थिक रूप से कमजोर मरीज आसानी से विशेषज्ञ सलाह ले सके और मधुमेह के रोगी निरंतर अपनी जांच करवाते रहें, इसकी व्यवस्था बनानी ही पड़ेगी। बस सवाल यही है कि ऐसा होने में समय कितना लगेगा। इस मामले एक नई चिंता और जुड़ गई है। वह यह कि इस रोग को लेकर पच्चीस से पैंतीस साल के युवक भी चिंतित हो उठे हैं। इस रोग को लेकर सलाह लेने वाले युवकों की संख्या में छियालीस फीसद की बढ़ोतरी का आंकड़ा कम नहीं है। पैंतीस से चालीस साल की उम्र वाले लोगों ने भी तैंतीस फीसद बढ़ोतरी के साथ इस रोग के बारे में विशेषज्ञ सलाह मशविरा किया। यह कम चिंता की बात नहीं है कि नौजवान इस रोग की चपेट में तेजी से आ रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक उम्र के लिहाज से कुल मरीजों में साढे बारह फीसद मरीज चौबीस से चालीस साल के हैं। गौर किया जाना चाहिए कि मानव संसाधनों के लिहाज से इस उम्र के लोगों में मधुमेह की समस्या बढ़ना देश की आर्थिकी के सामने भी किसी बड़े जोखिम से कम नहीं है।



# अरविंद केजरीवाल के बचाव में उतरे तेजस्वी

## कहा- उन्होंने बिहारियों को गाली नहीं दी है, RJD के पोस्ट पर BJP बोली- पिता जोकर बने, आप मिमिक्री आर्टिस्ट




पटना । आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के बाद राजद ने बीजेपी के लिए अपशब्द का प्रयोग किया। दरअसल,राष्ट्रीय जनता दल के एक्स अकाउंट से तेजस्वी यादव के वीडियो के साथ एक पोस्ट लिखा है, जिसमें भाजपा नेताओं के गलत शब्द को प्रयोग किया गया है। पोस्ट में लिखा है कि भाजपा नेताओं को अगर बिहारियों की इतनी चिंता हो रही है तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं देते। पोस्ट में तेजस्वी यादव का एक वीडियो भी है, जिसमें वे कह रहे हैं, अगर उन्हें बिहार की चिंता है तो बाढ़ में कितना फंड मिला पहले ये बताएं। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल के उस बयान का भी बचाव किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली में यूपी-बिहार के 13 हजार फर्जी वोटर हैं। राजद नेता के इस बयान पर बीजेपी ने भी पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा है, मैं जानता था कि राजद का मतलब राशि प्रवृत्ति, जलादि संस्कृति और दलित विरोधी हैं, लेकिन हम ये नहीं जानते थे कि भाषाई लंपटीकरण का आप नौजवान चेहरा बनेंगे। 'राजद के ट्विटर हैंडल पर जिस तरीके के शब्द का प्रयोग हुआ है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आप अपने पिता के संस्कारों पर चल रहे हैं।' दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में मौजूद यूपी-बिहार के वोटर्स को फर्जी बताया था। उनका आरोप था कि बीते 15 दिनों में दिल्ली में 13 हजार नए वोटर्स जोड़े गए और ये सभी यूपी-बिहार के फर्जी वोटर्स हैं। इस दौरान उन्होंने बिहार-यूपी के लोगों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया।

### सत्ता और कुर्सी के लिए बिहार को बेचना बंद कीजिए

अरविंद सिंह ने कहा कि आपके पिता राजनीति के जोकर बने थे और आप मिमिक्री करने वाले बन चुके हैं। कांग्रेस-राजद की सरकार में जब इटालियन नेता के चरण वंदन करते थे। जब आपके पिताजी जेल यात्रा कर रहे थे, तब उस समय अपने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिलवा दिया। आप बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बने हैं। बिहार का विरोध करने के लिए नेता प्रतिपक्ष नहीं बने है। अरविंद केजरीवाल की वकालत कम कीजिए। सत्ता और कुर्सी के लिए बिहार को बेचना बंद कीजिए।

### BJP ने भाषाई लंपटीकरण का आप नौजवान चेहरा बताया



वहीं अब इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी, मैं जानता था कि राजद का मतलब राशि प्रवृत्ति, जलादि संस्कृति और दलित विरोधी हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम नहीं जानते थे कि भाषाई लंपटीकरण का आप नौजवान चेहरा बनेंगे। राजद के ट्विटर हैंडल पर जिस तरीके के शब्द का प्रयोग हुआ है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आप अपने पिता के संस्कारों पर चल रहे हैं।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर प्रदर्शनी आयोजित





**किशनगंज।** अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रूईधासा स्थित टाउन क्लब में भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया है। अयोध्या धाम की तर्ज पर सजाई गई इस प्रदर्शनी में भगवान राम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को रंगोली के माध्यम से दशार्या गया है। प्रदर्शनी में श्री राम वाटिका, दशरथ महल, राम कुटी, लता मंगेशकर चौक और सूर्य स्तंभ जैसे आकर्षक स्थलों का निर्माण किया गया है। बजरंग दल के जिला संयोजक सुनील तिवारी के अनुसार, यह आयोजन विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं के लिए किया गया है, जो अभी तक अयोध्या धाम नहीं जा पाए है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में अखंड रामधुन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्थानीय महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज गट्टानी के नेतृत्व में राकेश कुमार, राहुल कुमार, सुभम कुमार विक्रम, आशुतोष तिवारी, अनुराग गुप्ता, रोहित चौधरी और नवीन भगत सहित अन्य कार्यकर्ता दिन-रात जुटे हुए है।

## ठंड के बीच 10 जिलों में हल्की बारिश की संभावना




**पटना ।** बिहार में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच मौसम विभाग ने आज और 13 जनवरी को बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल में बादल के साथ बूंदाबांदी होने के आसार हैं। इसके बाद अगले 2-3 दिनों तक ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 13 से 15 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन ठंड बरकरार रहेगी। वहीं, मौसम विभाग ने आज यानी 12 जनवरी को प्रदेश के 18 जिलों में घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस कारण सुबह में कड़ाके की ठंड महसूस होगी। मौसम विभाग की माने तो अगले चार दिनों तक नालंदा, नवादा, पटना, भागलपुर, मुंगेर, बांका, खगड़िया, जमुई में घना कोहरा छाया रहेगा। अगले 7 दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। हालांकि, प्रदेश के उत्तर और दक्षिण-पश्चिम हिस्सों में सुबह में हल्का कुहासा छाया रहेगा।बिहार में ठंड की वजह से हवा भी काफी दूषित हो गई है। शनिवार को हाजीपुर की हवा सबसे ज्यादा खराब रही। यहां का अदक 368 दर्ज किया गया। इसके अलावा मुजफ्फरपुर का 303, पटना का 294, आरा का 224, बेगूसराय का 254, मुंगेर का 210, पूर्णिया का 227, किशनगंज का 260 और बेतिया का 249 दर्ज किया गया। धूलकण की वजह से राजधानी में बढ़ रहा प्रदूषण राजधानी में कई जगहों पर बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य चल रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निर्माण स्थल को ढककर काम करने का आदेश दिया है। इसके बावजूद ढक कर काम नहीं किया जा रहा है। इसका असर राजधानी की हवा पर पड़ रहा है। धूलकण की वजह से पटना की हवा प्रदूषित हो रही है।

## हरियाणा में बिहार के युवक की मौत का वीडियो



**सोहना।** हरियाणा में गुरुग्राम के सोहना में 7 जनवरी को युवक के होटल की तीसरी मंजिल से गिरने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बिहार का रहने वाला हिमांशु (23) मध्य प्रदेश में टेरर फंडिंग और साइबर क्राइम मामलों में मध्य प्रदेश ATS की हिरासत में था। सीसीटीवी में दिख रहा है कि गली में एक बाइक सवार युवक खड़ा हुआ था। तभी होटल की छत से हिमांशु आकर गली में गिरता है। बाइक सवार को हिमांशु के गिरने का पता चला, लेकिन वह छत की तरफ देखता रहा। उसने हिमांशु की मदद नहीं की। 10 मिनट तक लोग गली से आते-जाते हैं, लेकिन कोई हिमांशु की तरफ ध्यान नहीं देता। कुछ देर बाद बाइक सवार युवक वहां से चला जाता है। पुलिस कर्मचारियों को जैसे ही पता चलता है तो हेड कॉन्स्टेबल दौड़ता हुआ आता है। इसके बाद ATS की टीम मौके पर पहुंचती है और हिमांशु को अपने साथ गाड़ी में ले जाती है। उधर, हिमांशु के चाचा की शिकायत पर सोहना पुलिस मध्य प्रदेश की ATS के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर चुकी है। मध्य प्रदेश पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 9 सदस्यों को सस्पेंड कर दिया था। इनमें एक इंस्पेक्टर, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल शामिल हैं।पुलिस घटना के समय मौके पर मौजूद बाइक सवार की भी तलाश कर रही है। साथ ही होटल के मालिक और बिल्डिंग के मालिक को नोटिस जारी किया गया है। जांच के लिए आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। हालांकि, पुलिस अभी जांच के बारे में कोई जानकारी साझा करने से बच रही है। हिमांशु के परिवार ने मध्य प्रदेश की ATS पर बेटे की हत्या के आरोप लगाए हैं। हिमांशु के चाचा चंदन कुमार ने सोहना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि हिमांशु दिल्ली में पढ़ाई कर रहा था और सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश ATS ने हिमांशु और उसके साथियों को होटल में रखा और फिर उसे तीसरी मंजिल से फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। एटीएस के पास हिमांशु को हिरासत में लेने के लिए कोई वारंट भी नहीं था।हिमांशु के भाई सुधांशु कुमार ने कहा कि '7 जनवरी की शाम अचानक फोन आया कि मेरे भाई को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। मैंने सोचा कोई छोटी बात होगी। वो खुद सुलझा लेगा, लेकिन कुछ देर बाद मुझे एक अनजान नंबर से फोन आया, उसने कहा कि आपके भाई की ओवरब्रिज से कूदने से मौत हो गई है।' 'थोड़ी देर बाद जब मैंने उसी नंबर पर फोन लगाया तो उसने कहा कि हिमांशु ने होटल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी है। उसने हमलोगों को एक फोटो भी भेजी, जिसमें हिमांशु के सिर पर खून के निशान थे। इसकी जानकारी मिलते ही हम लोग हरियाणा के लिए निकले।' 'अगर MP ATS को पूछताछ ही करनी थी तो उसे OYO क्यों लेकर गई। थाने क्यों नहीं लेकर गई। सबको पता है ड ड में क्या होता है।' सुधांशु ने आगे बताया, 'जब हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां पर पानी गिरा था। आंख और सिर में चोट थी। नाक में खून जमा था।
हमने पुलिस से सीसीटीवी दिखाने की मांग की, लेकिन हमें नहीं दिया गया।' 'अगर वो टेरर फंडिंग से जुड़ा भी था, तो क्या उसे मार दिया जाएगा।

## चुनाव में चारों विधानसभा में एनडीए की होगी जीत : भाजपा




**ठाकुरगंज।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ठाकुरगंज नगर मंडल अंतर्गत भीम बालिश में किशनगंज भाजपा के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह का भव्य स्वागत किया । कार्यक्रम नगर एवं ग्रामीण भाजपा द्वारा आयोजित किया गया । जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अतुल सिंह ने ग्रामीण अध्यक्ष मुकेश हेंब्रम की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत से हुई। स्वागत कार्यक्रम में नगर सहित ग्रामीण भाजपा के वरिष्ठ नेता ने जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह का माला बुके एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने बूथ स्तर शक्ति केंद्र स्तर पर भाजपा को मजबूती देने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित सिन्हा ने किया। मौके पर भाजपा नेता मोहन सिंह, देवकी अग्रवाल, प्रमोद राज चौधरी , बिजली सिंह, कौशल झा, राजेश करनानी, गौरव गुप्ता, साधना हलदार, अरुण सिंह, खोखा सरकार, किशन बाबू पासवान, अनिल महाराज, धनंजय सिंह, बलराम साह, कौशल यादव, नरेश साह, आनंद गोस्वामी, अनिल साह, विप्लव कर्मकार, बच्चू मंडल, लक्ष्मण झा, देवाशीष विश्वास, राम विनोद महतो, राम जतन महतो, सुनील साहनी आदि थे।

## संक्षिप्त डायरी

### सांसद के घर में घुसपैठ की कोशिश



**किशनगंज ।** सांसद डॉ मोहम्मद जावेद आजाद के आवास पर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया है। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। वही सांसद के निजी सचिव और युवा कांग्रेस नेता सरफराज खान ने टाउन थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि सांसद की सुरक्षा को लेकर पहले भी कई बार किशनगंज के पुलिस अधीक्षक और बिहार मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजा गया है।सरफराज खान ने सांसद की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने सांसद के आवास पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अतिरिक्त सुरक्षा कवर देने की मांग की है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से बच्चे की मौत



**नवादा।** जिले के नवादा थाना क्षेत्र के कश्यप नगर गली नंबर 3 में शनिवार की देर शाम पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक 3 के बच्चे की मौत हो गई। मृत बालक की पहचान अभिषेक पांडेय के बेटे नारायणजी पांडेय के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह अपने घर से खेलने के लिए दोपहर करीब साढ़े बारह बजे निकला था। खेलने के दौरान लापता हो गया। जिसके बाद परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इसके बाद परिजन द्वारा स्थानीय थाना में उसके लापता होने की सूचना भी दी गई। जिसके बाद पुलिस एवं परिजन उसकी लगातार खोजबीन कर रहे थे। शनिवार की देर शाम जब परिजन घर के पास स्थित पानी भरे गड्ढे में तलाश कर रहे थे, तो उनका शव उसी गड्ढे में पड़ा मिला। इसके बाद परिजनों ने शव को बाहर निकाला और उसे अपने घर ले गए। शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया, क्योंकि परिजनों ने अपनी स्वेच्छा से शव को घर ले जाने का निर्णय लिया। नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि बालक दोपहर करीब साढ़े बारह बजे से लापता था और शाम करीब पांच बजे उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस और कंट्रोल रूम ने उसकी तलाश में मदद की, लेकिन तब तक उसका शव पानी भरे गड्ढे से मिला। जानकारी के अनुसार, बच्चा खेलते वक्त गंदे पानी से भरे गड्ढे में गिर गया और डूबकर उसकी मौत हो गई।

### मंत्री जयंत राज कुशवाहा ने पीके पर कसा तंज



**जहानाबाद।** बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री जयंत राज कुशवाहा ने चूड़ा-दही कार्यक्रम के दौरान प्रशांत किशोर (पीके) पर हमला किया। मंत्री ने कहा कि पीके को नीतीश कुमार ने ही राजनीति में पहचान दी और कुर्ता-पजामा पहनाया। उन्होंने कहा कि पीके पहले केवल पार्टी के पोस्टर-बैनर लगाया करते थे, लेकिन अब सोशल मीडिया के मास्टर बनकर हर समय सुर्खियों में बने रहना चाहते है। छात्र आंदोलन को लेकर बोले-कुछ लोग नाखून काटकर शहीद होना चाहते है कुशवाहा ने छात्र आंदोलन पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि कुछ लोग नाखून काटकर शहीद होने की कोशिश कर रहे है, लेकिन सरकार छात्रहित में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि जिस केंद्र पर बीएससी परीक्षा में गड़बड़ी हुई थी, वहां परीक्षा रद्द कर दोबारा आयोजित की गई है और जल्द ही परिणाम घोषित किए जाएंगे। ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री जयंत राज कुशवाहा।विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंत्री ने तेजस्वी यादव के बयान का जवाब दिया कि खरमास के बाद सरकार गिरने की बात केवल सत्ता की छटपटाहट है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए गठबंधन मजबूत है और 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारी जारी है। गठबंधन ने 225 सीटों का लक्ष्य रखा है और विपक्ष केवल पोस्टर-बैनर लगाते रह जाएंगे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 3 युवक घायल

**जमुई।** के खैरा मुख्य मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। घटना खैरा बाजार के पास हुई, जहां एक ही बाइक पर सवार तीनों युवक गहरी डैम से वापस लौट रहे थे। घायल युवकों की पहचान सदर प्रखंड के अड़सार गांव निवासी मोहम्मद अल्तमस, मोहम्मद शाहनवाज और मोहम्मद फैसल के रूप में हुई है। फैसल दुर्घटना ने बताया कि एक अज्ञात वाहन ने अचानक उनकी बाइक को चकमा दे दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। प्राथमिक उपचार के लिए तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दो युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## दरभंगा में तिहरे हत्याकांड का कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



दरभंगा के बहेड़ी थाना क्षेत्र में 23 जून 2023 को हुए तिहरे हत्याकांड के कुख्यात आरोपी चन्दन सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह हत्या अनिल सिंह, मनीष सिंह और मुन्ना सिंह की टाटा सफारी गाड़ी को घेरकर दिनदहाड़े अंधाधुंध गोली मारकर की गई थी। इस मामले में बहेड़ी थाना में कांड संख्या 219/23 दर्ज किया गया था। अपराधी हायाघाट थाना क्षेत्र के हथौड़ी गांव का निवासी चन्दन सिंह था, जो कि कई महीनों से फरार था। इस कुख्यात अपराधी के खिलाफ बहेड़ी थाना के अलावा आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। बेनीपुर एसडीपीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि चन्दन सिंह की गिरफ्तारी के लिए जिला स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। चन्दन सिंह का अपराधिक इतिहास बहुत ही कुख्यात रहा है, और उसके खिलाफ कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। अब तक इस गिरफ्तारी से पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।

# अस्पताल में नवजात की बॉडी को कुत्ते ने नोच खाया

## जन्म के बाद शव को कार्टन में फेंका, प्रभारी डॉक्टर बोला- सड़ा-गला पैदा हुआ था







जमुई के खैरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को मृत नवजात के 75 फीसदी हिस्से को कुत्ते ने नोच खाया। मृत नवजात का शव प्रसव कक्ष के नजदीक शौचालय के पास एक कार्टन में लावारिस छोड़ दिया गया था, जिसे आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बनाया। घटना का खुलासा तब हुआ, जब कैंडीह की लकी देवी ने कुत्ते को नवजात के शव को खाते देखा। बताया जा रहा है कि गुरुपुर निवासी लालू यादव की पत्नी पार्वती देवी (27) को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई, जिसके बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने बिना किसी सावधानी के शव को कार्टन में रख दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अमित आनंद ने बताया कि 'नवजात सड़ा- गला पैदा हुआ था। नवजात परिजनों को सौंप दिया था। इससे संबंधित डॉक्यूमेंट्स भी उन लोगों के पास है। लापरवाही उनके परिजन की है। स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से कोई लापरवाही नहीं की गई है।' घटना के बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। प्रसूता की मां सूमा देवी ने बताया कि 'नवजात के जन्म के बाद ही उसकी मौत की सूचना दी गई थी। प्रसूता की भी हालत गंभीर बनी थी। बच्चे को जीएनएम को दे दिया गया था। उन लोगों ने ही लापरवाही की है।' वहीं, स्वास्थ्यकर्मियों की इस लापरवाही पर प्रभारी सिविल सर्जन ने जांच के आदेश दिए हैं। प्रसव कक्ष, नर्स कक्ष और प्रसूता वार्ड शौचालय से मात्र तीन मीटर की दूरी पर स्थित हैं। जब मीडिया की टीम मौके पर पहुंची, तो ड्यूटी पर तैनात जीएनएम पूनम देवी कैमरा देखकर भागने लगीं। बाद में उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि 'शव परिजनों को सौंप दिया गया था।'नवजात की हेराफेरी को लेकर पहले भी विवाद हुआ था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरा पहले भी चर्चा में रही है। कुछ महीने पहले ही यहां काम करने वाली एक महिला कर्मी पर बच्चे को बेचने और बदलने का मामला सामने आया था। हालांकि, मामले की जानकारी के बाद वरीय पदाधिकारी की ओर से उसके खिलाफ कार्रवाई की गई थी।मामले की जांच कर होगी कार्रवाईसिविल सर्जन डॉक्टर सैयद नौशाद अहमद ने बताया कि 'सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरा में नवजात के शव को कुत्ते के द्वारा खाने की सूचना मिली है।



# निवेश के लिए अपनाएं 50-20-30 सहित 5 फॉर्मूले

**तरीका**

अगर आप इस साल में अपने निवेश की शुरुआत करने का प्लान बना रहे हैं, तो निवेश का सफर शुरू करने से पहले दो चीजों को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। समय और निवेश पर मिलने वाला रिटर्न। जितने ज्यादा से ज्यादा समय के लिए आप निवेश करेंगे, उतना ही ज्यादा रिटर्न आपको मिलेगा। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप अपने लक्ष्यों को कम से कम जोखिम के साथ पूरा करेंगे। आपको उस रकम को ध्यान में रखकर योजना बनानी होगी, जो आप निवेश के माध्यम से भविष्य में पाना चाहते हैं। यहां हम निवेश के गणित के कुछ ऐसे शानदार टिप्स बता रहे हैं, जिससे आपके लिए चीजें काफी स्पष्ट और आसान हो जाएंगी।

### 50-20-30 नियम

यह नियम उतना ही स्पष्ट है, जितना इसके नंबर। आपको अपनी रकम को तीन हिस्सों में बांटना होगा। टैक्स के बाद 50% सैलरी को घरेलू खर्चों के लिए रखना होगा। 20% को थोड़े-थोड़े समय पर पड़ने वाली जरूरतों के लिए रखना होगा और 30% का निवेश भविष्य में पड़ने वाली जरूरतों के लिए रखना होगा।

### 15-15-15 नियम

ये नियम उनके लिए है, जो लंबी अवधि के निवेश में विश्वास करते हैं। इसमें 15 हजार रुपए हर महीने ऐसे एसेट में 15 साल तक निवेश करने होते हैं, जो सालाना 15% का रिटर्न दे। इक्विटी में किया गया निवेश इसके लिए उपयुक्त है। क्योंकि स्टॉक मार्केट में उतार-चढ़ाव के बावजूद शेयर बाजार ने हमेशा लंबी अवधि में 15% रिटर्न देना सुनिश्चित किया है।



### 72 का नियम

यह नियम पैसे को दोगुना करने में लगने वाला समय बताता है। संभावित रिटर्न या ब्याज दर से 72 को भाग दें और देखें। एसआईपी में निवेश पर आपको 15% रिटर्न मिलता है, तो इसे डबल करने में लगने वाले समय को निकालने के लिए 72 को 15 से भाग दे सकते हैं, जो 4.8 साल के बराबर होगा।

### 114 का नियम

यह नियम रकम तिगुना करने में लगने वाले समय का हिसाब देता है। 114 को आप संभावित ब्याज दर से भाग देकर ये समय निकाल सकते हैं। उदाहरण के लिए अगर निवेश से आपको सालाना 15% रिटर्न मिलता है तो 114 को 15 से भाग दीजिए, जो 7.6 साल के बराबर है।

### 100 माइनस

उम्र यह संपत्ति का आवंटन करने के संबंध में हैं। 100 में से अपनी उम्र को घटा दीजिए। जो नंबर आपको मिलेगा, वह प्रतिशत होगा, जिसका आपको शेयर बाजार में निवेश करना चाहिए। यह नियम इस पर आधारित है कि जितनी कम आपकी उम्र होगी, आपके जोखिम लेने की क्षमता उतनी ज्यादा होगी। इस अवधि में आपको जो घाटा होगा, आप उसकी भरपाई भी कर पाएंगे।



**निवेश मंत्रा**

- म्यूचुअल फंड में निवेश करना स्टॉक मार्केट से ज्यादा सुरक्षित
- इक्विटी लिंक्ड होने के चलते रिटर्न भी हाई मिलने की उम्मीद
- निवेश के लिए पहले सही स्कीम की पहचान होना जरूरी

## एसआईपी में 22 से 25% सालाना बढ़ा पैसा, सभी को मिली टॉप रेटिंग, लंबे निवेश का लक्ष्य रखकर म्यूचुअल फंड में लगाएं पैसा

# 10 वर्ष में 7 गुना रिटर्न दे गए कुछ म्यूचुअल फंड, कर सकते हैं निवेश

*अगर म्यूचुअल फंड की रेटिंग मजबूत है तो उस स्कीम में रिस्क कम होता है। रेटिंग अच्छी होने पर बेहतर रिटर्न मिलने के चांस बढ़ जाते हैं। इनमें निवेश करने की लगात या एक्सपेंस रेश्यो भी कम होने के चांस रहते हैं। इसलिए किसी म्यूचुअल फंड में अगर निवेश करने जा रहे हैं तो सिर्फ उस स्कीम के पिछले रिटर्न को ही आधार नहीं बनाना चाहिए, बल्कि उस फंड की रेटिंग भी देखें।*

अगर आप भी म्यूचुअल फंड में निवेश करने जा रहे हैं तो सिर्फ उस स्कीम के पिछले रिटर्न को ही आधार नहीं बनाना चाहिए। बल्कि उस फंड की रेटिंग भी देखनी चाहिए। अगर म्यूचुअल फंड की रेटिंग मजबूत है तो उस स्कीम में रिस्क कम होता है। म्यूचुअल फंड में निवेश करना सीधे स्टॉक मार्केट में पैसे लगाने की बजाए ज्यादा सुरक्षित है, वहीं इक्विटी लिंक्ड होने के चलते रिटर्न भी हाई मिलने की उम्मीद रहती है, लेकिन इसके लिए सही स्कीम की पहचान होनी जरूरी है। म्यूचुअल फंड मार्केट में बेहतर पोर्टफोलियो, एक्सपेंस रेश्यो, कम जोखिम और अच्छा प्रदर्शन करने के ट्रैक रिकॉर्ड से स्कीम को रेटिंग मिलती है। अगर म्यूचुअल फंड की रेटिंग मजबूत है तो उस स्कीम में रिस्क कम होता है। रेटिंग अच्छी होने पर बेहतर रिटर्न मिलने के चांस बढ़ जाते हैं।

वहीं, इनमें निवेश करने की लगात या एक्सपेंस रेश्यो भी कम होने के चांस रहते हैं। इसलिए किसी म्यूचुअल फंड में अगर निवेश करने जा रहे हैं तो सिर्फ उस स्कीम के पिछले रिटर्न को ही आधार नहीं बनाना चाहिए, बल्कि उस फंड की रेटिंग भी देखें। अगर बीते 10 साल में 4 स्टार या 5 स्टार रेटिंग वाली कुछ म्यूचुअल फंड स्कीम का प्रदर्शन देखें तो ये रिटर्न चार्ट पर भी सबसे आगे दिख रही हैं। इन सभी ने 10 साल में एकमुश्त निवेश पर 18 से 22 फीसदी एनुअलाइज्ड और एसआईपी करने पर 21 से 25 फीसदी एनुअलाइज्ड रिटर्न दिया है। एकमुश्त पैसा लगाने वालों को 7 गुना तक रिटर्न मिला है।




### 1. निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड

- रेटिंग : 5 स्टार
- 10 साल में एसआईपी रिटर्न : 25.26% सालाना
- मंथली एसआईपी : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 12 लाख रुपये
- 5 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 45,76,377 रुपये
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न : 21.46% सालाना
- 10 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू : 6,98,767.61 रुपये
- कुल एसेट्स : 61,646 करोड़ रुपये (30 नवंबर, 2024)
- एक्सपेंस रेश्यो : 1.43% (30 नवंबर, 2024)
- लॉन्च डेट : 16 सितंबर, 2010
- लॉन्च के बाद से रिटर्न : 22.14% सालाना

### 2. क्वांट स्मॉल कैप फंड

- रेटिंग : 5 स्टार
- 10 साल में एसआईपी रिटर्न : 26.59% सालाना
- मंथली एसआईपी : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 12 लाख रुपये
- 5 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 49,16,920 रुपये
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न : 20.36% सालाना
- 10 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू : 6,38,001.63 रुपये
- कुल एसेट्स : 27,161 करोड़ रुपये (30 नवंबर, 2024)
- एक्सपेंस रेश्यो : 1.59% (30 नवंबर, 2024)
- लॉन्च डेट : 29 अक्टूबर, 1996
- लॉन्च के बाद से रिटर्न : 14.57% सालाना

### 3. मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड

- रेटिंग : 5 स्टार
- 10 साल में एसआईपी रिटर्न : 24.7% सालाना
- मंथली एसआईपी : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 12 लाख रुपये
- 5 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 44,40,798 रुपये
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न : 19.89% सालाना
- 10 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू : 6,13,521.24 रुपये
- कुल एसेट्स : 22,898 करोड़ रुपये (30 नवंबर, 2024)
- एक्सपेंस रेश्यो : 1.59% (30 नवंबर, 2024)
- लॉन्च डेट : 24 फरवरी, 2014
- लॉन्च के बाद से रिटर्न : 24.56% सालाना

### 4. एडलवाइस मिड कैप फंड

- रेटिंग : 4 स्टार
- 10 साल में एसआईपी रिटर्न : 22.3% सालाना
- मंथली एसआईपी : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 12 लाख रुपये
- 5 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 38,99,015 रुपये
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न : 18.66% सालाना
- 10 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू : 5,53,405.46 रुपये
- कुल एसेट्स : 8,280 करोड़ रुपये (30 नवंबर, 2024)
- एक्सपेंस रेश्यो : 1.73% (30 नवंबर, 2024)
- लॉन्च डेट : 26 दिसंबर, 2007
- लॉन्च के बाद से रिटर्न : 14.39% सालाना

### 5. कोटक इमर्जिंग इक्विटी फंड

- रेटिंग : 4 स्टार
- 10 साल में एसआईपी रिटर्न : 21.2% सालाना
- मंथली एसआईपी : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 12 लाख रुपये
- 5 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 36,73,285 रुपये
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न : 18.28% सालाना
- 10 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू : 5,35,936.28 रुपये
- कुल एसेट्स : 52,049 करोड़ रुपये (30 नवंबर, 2024)
- एक्सपेंस रेश्यो : 1.42% (30 नवंबर, 2024)
- लॉन्च डेट : 30 मार्च, 2007
- लॉन्च के बाद से रिटर्न : 15.63% सालाना

### क्या हैं म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड जैसे निवेश समाधान कई निवेशकों की पूंजी को मिलाकर स्टॉक और बॉन्ड सहित कई तरह की प्रतिभूतियाँ खरीदते हैं। फंड में मौजूद यूनिट्स कुल निवेश में प्रत्येक निवेशक के हिस्से का प्रतिनिधित्व करती हैं। पेशेवर फंड मैनेजर इन फंडों की देखरेख करते हैं और फंड और बाजार के लक्ष्यों के आधार पर चुनाव करते हैं। अलग-अलग स्टॉक या बॉन्ड चुनने के बिना, म्यूचुअल फंड एक विविध पोर्टफोलियो में निवेश करने का एक सरल तरीका प्रदान करते हैं। क्योंकि वे बहुत कम राशि के साथ निवेश की अनुमति देते हैं, वे नए निवेशकों के लिए अधिक उपयुक्त हैं।

### म्यूचुअल फ़ंड के बारे में ज़रूरी बातें

म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करने वाले हर निवेशक को इकाइयां मिलती हैं।इन इकाइयों के जरिए निवेशक फ़ंड के मालिक होते हैं। फ़ंड से होने वाली कमाई को निवेशकों के बीच बांटा जाता है। म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करने के कई तरीके होते हैं, जैसे कि एकमुश्त निवेश या एसआईपी। म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करने से पहले, प्रॉस्पेक्टस ज़रूर पढ़ना चाहिए। म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करने से जोखिम भी होता है।

### यह भी जानें

**इक्विटी (स्टॉक) फंड :** ये वे फंड हैं जो सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों के कॉर्पोरेट स्टॉक में निवेश किए जाते हैं। इन फंडों को कंपनी के आकार, उद्योग या क्षेत्र के प्रकार या संभावित विकास और मूल्य सहित विभिन्न घटकों के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है।

**बॉन्ड फंड :** ये ऋण साधनों से बने होते हैं जिन्हें सरकार या निगम निवेशकों को पूंजी जुटाने के लिए जारी करते हैं। वे अक्सर स्टॉक फंड की तुलना में कम जोखिम उठाते हैं। हालांकि, उनमें वृद्धि की संभावना कम हो सकती है।

**मनी मार्केट फंड:** इस प्रकार के म्यूचुअल फंड सरकार या निगमों जैसी संस्थाओं से नकदी या नकदी-समतुल्य अल्पकालिक ऋण में निवेश करते हैं। मनी मार्केट फंड को आम तौर पर कम जोखिम वाला निवेश माना जाता है।

## सोने ने फिर छुआ 80,000 का स्तर, चांदी भी 90,000 के पार

# फिर चमक रहे सोना-चांदी ऐसे में क्या करें निवेशक

**जानकारी**

*जानकारों का मानना है कि निवेशकों को बाजार की अस्थिरता को ध्यान में रखते हुए लंबी अवधि के लिहाज से निवेश करने की रणनीति बनानी चाहिए। मौजूदा आर्थिक स्थिति और केंद्रीय बैंकों की नीतियों को ध्यान में रखते हुए निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में सोने और चांदी को संतुलित तरीके से शामिल करना चाहिए।*

सोना चांदी एक बार फिर चमकने लगे हैं। सोने के भाव 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार चल रहे हैं, वहीं चांदी भी लंबी छालांग लगाकर 90,000 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई है। इससे निवेशकों और खरीदारों के बीच उत्साह लगातार बढ़ रहा है। यह उछाल घरेलू बाजारों में बढ़ती मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजार के रुझानों से प्रेरित है। अब सवाल यह है कि इस माहौल में निवेशकों को क्या करना चाहिए। ऐसे में इन दोनों धातुओं में निवेश किया जाए या नहीं यह सोचने वाली है। हालांकि बाजार के जानकारों का कहना है कि सोने और चांदी के दाम और बढ़ेंगे। इन दोनों धातुओं में निवेश करना काफी फायदेमंद हो सकता है।

### सोने की कीमतों में तेजी का कारण

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतें 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार चल रही हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार चीन की ओर से सोने की बढ़ती मांग ने कीमतों में मजबूती प्रदान की है। दिसंबर में चीन ने लगातार दूसरे महीने अपने सोने के भंडार में इजाफा किया, जो सोने की कीमतों के लिए एक सकारात्मक संकेत है।



### चांदी की कीमतों में उछाल

चांदी की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं और 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। बुधवार को चांदी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजारों में ज्वेलर्स और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को इस वृद्धि का मुख्य कारण बताया जा रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई। मार्च डिलीवरी के लिए चांदी के अनुबंध 224 रुपये या 0.25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 91,097 रुपये प्रति किलोग्राम पर दर्ज किए गए।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार का असर

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतों में हलचल देखने को मिली. कॉमेक्स (सीओएमईएक्स) पर सोने के वायदा भाव 0.09 प्रतिशत गिरावट के साथ 2,663.10 डॉलर प्रति औंस पर दर्ज किए गए। हालांकि, चांदी ने बेहतर प्रदर्शन किया और एशियाई बाजार के घंटों में 30.71 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार किया। हालांकि जानकारों का कहना है कि इस हफ्ते जारी होने वाले अमेरिकी रोजगार आंकड़ों में नरमी की संभावना है। अगर आंकड़े कमजोर रहे, तो फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ेंगी, जिससे सोने और चांदी की कीमतों को सहारा मिलेगा।

### केंद्रीय बैंक और चीन भी हैं वजह

सोने की कीमतों में वृद्धि का एक और कारण कई देशों के केंद्रीय बैंकों की खरीदारी है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर 2024 में सेंट्रल बैंक्स ने 53 टन सोना अपने भंडार में जोड़ा। इनमें से आठ टन की खरीदारी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की गई। चीन द्वारा लगातार दूसरे महीने सोने की खरीदारी को निवेशक सकारात्मक संकेत मान रहे हैं। चीन ने ट्रम्प के दोबारा व्हाइट हाउस में लौटने के बाद अपने भंडार को विविधता देने के लिए सोने की खरीदारी को प्राथमिकता दी है।

### सोने और चांदी में निवेश का आकर्षण

भारत में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी के पीछे स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से जुड़े फैक्टर्स का योगदान है। सोने के इंपोर्ट में भी कमी लाई गई है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार नवंबर में सोने का आयात बिल 14.86 बिलियन डॉलर से घटाकर 9.84 बिलियन डॉलर किया गया है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि शादी-ब्याह के सीजन में ज्वेलरी की मांग में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे सोने और चांदी की कीमतें और ऊपर जा सकती हैं। सोने और चांदी की कीमतों में इस तेजी ने निवेशकों को एक बार फिर इनमें निवेश के बारे में सोचने का मौका दिया है।




## टैक्स-छूट और बेहतर रिटर्न के लिए ईएलएसएस में करें निवेश

वित्त वर्ष 2024-25 खत्म होने में 3 महीने से भी कम का समय बचा है। ऐसे में अगर आपने अभी तक टैक्स सेविंग्स प्लानिंग नहीं की है तो अभी भी इसके लिए निवेश कर सकते हैं। अगर आप टैक्स बचाने के साथ निवेश पर अच्छा रिटर्न चाहते हैं तो इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम यानी ईएलएसएस म्यूचुअल फंड सही विकल्प साबित हो सकते हैं। इसने बीते 1 साल में 49% तक का रिटर्न दिया है। ईएलएसएस यानी इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम ऐसे म्यूचुअल फंड होते हैं, जिनमें 3 साल के लिए इन्वेस्टर्स का पैसा ब्लॉक हो जाता है। म्यूचुअल फंड की इस कैटेगरी में आईटी एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 लाख रुपये तक निवेश पर टैक्स छूट मिलती है। हालांकि, शेयर मार्केट लिंक्ड होने के चलते इसमें एफडी या एनएससी जैसी स्माल सेविंग्स की तुलना में इसमें ज्यादा जोखिम होता है।

**एक साल में मिला 49% तक का रिटर्न, निवेशक मालामाल**

### कम लॉक-इन पीरियड

टैक्स सेविंग एफडी, पब्लिक प्रोविडेंट फंड सहित अन्य टैक्स सेविंग स्कीम के मुकाबले ईएलएसएस म्यूचुअल फंड में लॉक-इन पीरियड काफी कम होता है। जहां टैक्स सेविंग एफडी में इन्वेस्टर्स का पैसा 5 साल और पब्लिक प्रोविडेंट फंड में 15 साल तक लॉक रहता है। वहीं, ईएलएसएस म्यूचुअल फंड में इन्वेस्टर्स का पैसा 3 साल तक ब्लॉक रहता है। हालांकि, पैसा ब्लॉक रहने का एक बड़ा फायदा यह है कि लंबी अवधि तक अनुशासित रहकर निवेश को बढ़ावा मिलता है। यही आगे आपकी वेल्थ क्रिएशन में मदद कर सकता है। 3 साल का लॉक-इन खत्म होने का मतलब यह नहीं है कि आपको फंड से बाहर निकलना जरूरी होगा, आप इसे आगे तक एक्सटेंड कर सकते हैं।

### लंबे समय में एसआईपी के जरिए निवेश ज्यादा फायदा

अन्य इक्विटी फंड की तहर इस कैटेगरी के फंड में भी निवेश लंबे समय में ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। इसकी वजह यह है इक्विटी फंड में लंबे समय तक एसआईपी करने से शेयर बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का जोखिम कम हो जाता है। शेयर बाजार के निचले स्तर और ऊंचे स्तर का एक औसत रिटर्न बनता है और साथ ही कम्पाउंडिंग का फायदा भी मिलता है।

### एसआईपी निवेश का तरीका

शायद इसे निवेश का सबसे अच्छा तरीका कहना तो उचित नहीं होगा लेकिन यह नियमित आय वाले लोगों के लिए निवेश का अच्छा तरीका जरूर हो सकता है जैसे वेतनभोगी और कारोबारी जिनकी हर महीने एक निश्चित आय तय है। एसआईपी से निवेश जेब पर भारी नहीं पड़ता और छोटी- छोटी राशि लगातार निवेश करने से लम्बे समय में एक अच्छी खासी रकम जुटाई जा सकती है।

**बिजनेस साइट**

## विजन पूरा करने का लक्ष्य लेकर ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव का हुआ समापन

### 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता का लक्ष्य



**रायपुर।** मेफेयर लेक रिसार्ट में शनिवार को 'ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'विजन 2030' को लेकर चर्चा और कार्य योजना बनाना था। दो दिन के इस कार्यक्रम के बाद देश और विदेश से प्रतिनिधियों ने अपने लक्ष्य पर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों, प्रमुख स्टील कंपनियों के अधिकारियों और उद्योगपतियों ने मंच पर आकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुली चर्चा की। इस मौके पर 17 राज्यों से सदस्य जुटे थे। समापन समारोह में आयोजकों ने छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन और सहयोगी एसोसिएशनों के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, महासचिव बांकेबिहारी अग्रवाल और इवेंट चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने बताया कि 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल करना इस सम्मेलन का प्रमुख विषय था। इसके अलावा इस्पात उद्योग के नए अवसरों और बदलते बाजार की गतिशीलता पर भी चर्चा की गई। राज्य और केंद्र सरकार की उद्योग संबंधी नीतियों पर भी विमर्श हुआ।



## भारतीय मानक ब्यूरो के 78वें स्थापना दिवस पर स्टैंडर्ड कार्निवल आयोजित

**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर में स्टैंडर्ड कार्निवल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट) में रायपुर शाखा कार्यालय द्वारा आयोजित किया गया। कार्निवल का मुख्य उद्देश्य मानकों की महत्ता और गुणवत्ता के प्रति जागरूकता फैलाना था, साथ ही उद्योगों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी विभागों के बीच सामंजस्य बढ़ाना था। इस आयोजन में राज्य के प्रमुख उद्योगों, शासकीय संस्थाओं और शैक्षणिक संस्थाओं ने मानकों के महत्व को प्रदर्शित करते हुए अपने-अपने स्टॉल लगाए। विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों में विज्ञान और गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।



## पतंजलि विश्वविद्यालय में चतुर्थ संस्थागत स्वर्ण शलाका प्रतियोगिता का शुभारंभ

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में मानविकी एवं प्राच्यविद्या संकाय के अंतर्गत दर्शन एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ संस्थागत स्वर्ण शलाका प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि शास्त्रों की परंपरा को आत्मसात कर योग, वेद और ऋषि मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि पुरुषार्थ को ज्ञान और भक्ति से जोड़ा जाना चाहिए, जिससे जीवन में सफलता प्राप्त हो सकती है। वहीं, कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यदि हम शास्त्रों का अनुसरण करते हैं तो शास्त्र हमारी सुरक्षा और संवर्धन करेंगे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, प्राध्यापकों और छात्रों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. गौतम और स्वामी ईशदेव ने किया।

# वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के समारोह में गावस्कर सहित मुम्बई के पूर्व कप्तान सम्मानित

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक समारोह में सुनील गावस्कर सहित मुंबई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तानों को सम्मानित किया है। गावस्कर 1974 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच खेलने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। एमसीए की 50वीं वर्षगांठ के अवसर सप्ताह भर कार्यक्रम चलेंगे।

समारोह के दौरान गावस्कर ने कहा, ÷इस प्रतिष्ठित स्थल पर वापस आना बहुत अच्छा है, एक ऐसा स्थल जिसने भारतीय क्रिकेट को ऐसे शानदार पल दिए हैं। आज प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम के 50वें वर्षगांठ समारोह की शुरुआत है और एक सलामी बल्लेबाज के रूप में, मैं इसकी शुरुआत को भूल नहीं कर सकता था। मैं एमसीए को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और मेरे स्कूल के दिनों से मुझे जो अवसर प्रदान किए हैं, उसके लिए अपना गहरा आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपनी सफलता का श्रेय एमसीए से प्राप्त समर्थन और प्रोत्साहन को देता हूं।

वहीं सम्मान समारोह में एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक के साथ ही एमसीए उपाध्यक्ष संजय नाइक, सचिव अभय हडप, कोषाध्यक्ष अरमान मलिक, संयुक्त सचिव दीपक पाटिल और पूर्व अध्यक्ष विजय पाटिल भी थे। समारोह में संजय मांजरेकर, वसीम जाफर, राजू कुलकर्णी, चंद्रकांत पंडित, लालचंद राजपूत, शोभा पंडित और अरुंधति घोष सहित कई क्रिकेट दिग्गजों ने भाग लिया, जिन्होंने मुंबई क्रिकेट की समृद्ध विरासत में योगदान दिया।

सप्ताह भर चलने वाले समारोह दो रोमांचक क्रिकेट मैच आयोजित किए गए, जिसमें मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए), स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई (एसजेएएम), महावाणिज्य दूत और आईएएस अधिकारियों की टीमों ने हिस्सा लिया। पहले मैच में, एमसीए ने स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई को पांच रनों से हराया, जबकि आईएएस अधिकारियों की टीम ने दूसरे मैच में महावाणिज्य दूत टीम को 20 रनों से हराया।

इस अवसर पर, एमसीए के अध्यक्ष इक ने कहा, 'वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ हमारे लिए एक विशेष अवसर है। आज भव्य समारोह की शुरुआत हुई और इस सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के पीछे हमारा मुख्य लक्ष्य अगली पीढ़ी को मुंबई के क्रिकेट इतिहास और मुंबई के लिए खेलने वाले पुरुष और महिला खिलाड़ियों के योगदान के बारे में बताना और युवा पीढ़ी को इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है।'




50वीं वर्षगांठ का जश्न पूरे सप्ताह जारी रहेगा। एमसीए 15 जनवरी को एमसीए के क्लबों और मैदानों के ग्राउंड्समैन को सम्मानित करेगा और उनके लिए पॉली उमरीगर स्वास्थ्य शिविर और विशेष लंच का आयोजन करेगा।

## विश्व कप की मेजबानी में पुर्तगाल का भी नाम, स्टार फुटबॉलर रोनाल्डो की पहली प्रतिक्रिया आई सामने



**मैड्रिड (एजेंसी)।** पुर्तगाल सहित पांच अन्य देशों को 2030 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी मिलने के बाद स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि छह साल बाद होने वाला यह टूर्नामेंट बेहद खास होगा। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को 2030 और 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबानों की औपचारिक घोषणा की। विश्व कप 2030 के मैच तीन महाद्वीपों के छह देशों में खेले जाएंगे।

यह पहला अवसर होगा जबकि विश्व कप छह देशों में आयोजित किया जाएगा। स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को इसकी संयुक्त मेजबानी सौंपी गई है लेकिन दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, पैराग्वे और उरुग्वे में भी इसके एक-एक मैच आयोजित किए जाएंगे। पहला विश्व कप 1930 में उरुग्वे में आयोजित किया गया था और फीफा ने उसके 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए दक्षिण अमेरिका के इन देशों को एक-एक मैच की मेजबानी सौंपी है। रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जर्सी पहनकर जश्न मनाते हुए अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की जिसमें उन्होंने लिखा है, 'सपना सच हो गया। यह बेहद खास विश्व कप होगा। पुर्तगाल 2030 में विश्व कप की मेजबानी करके हमें गौरवान्वित करेगा।' फीफा ने इसके साथ ही 2034 में होने वाले विश्व कप की मेजबानी सऊदी अरब को सौंपने की घोषणा भी की।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया नहीं, जिम्बाब्वे ने बनाया टी20 का सबसे बड़ा स्कोर

**–सिकंदर, ब्रायन और मरुमानी ने की छक्के–चौकों की बौछार, 57 बाउंड्री लगाई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट में चौकों-छक्के लगना आम है और स्टेडियम में मौजूद लोग भी यही चाहते हैं, अगर किसी 20 ओवर के मैच में 57 बाउंड्री लग जाएं तो यह कमाल ही है। ऐसा कमाल हुआ भी है जब जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ने टी20 मैच में 27 छक्के और 30 चौके लगाए। जिम्बाब्वे ने कई रिकॉर्ड भी तोड़ दिए और उसने 4 विकेट पर 344 रन बनाए थे, जो टी20 इंटरनेशनल मैचों में सबसे बड़े स्कोर का विश्व रिकॉर्ड है।

यह कारनामा जिम्बाब्वे ने केन्या की राजधानी नैरोबी में पिछले साल 23 अक्टूबर को किया था और इसका शिकार बना था गाम्बिया। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप सब रीजनल अफ्रीका क्वालिफायर के इस मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी की। ओपनर ब्रायन बेनेट (50) और टी मरुमानी (62) ने 98 रन बहुत ही तेज गति से बनाए, लेकिन असली तूफान तब आया जब जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा मैदान पर उतरे। सिकंदर रजा ने इस मैच में महज 33 गेंदों में शतक लगा दिया। यह टी20 इंटरनेशनल मैचों में दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने 43 गेंद में 133 रन की पारी खेली, जिसमें 15 छक्के और 7 चौके लगाए थे। जिम्बाब्वे के इस रिकॉर्ड खेल में क्लाइव मंडाडे ने भी 17 गेंद में 53 रन बनाए थे। उन्होंने 17 में से 8 गेंदों को बाउंड्री के पार कराई। 5 गगनचुंबी छक्के और 3 चौके लगाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे की इस पारी में 27 छक्के लगे। यह टी20 इंटरनेशनल मैचों में विश्व रिकॉर्ड है। जिम्बाब्वे ने इस मैच में चौकों और छक्कों से 282 रन बनाए। यह टी20 इंटरनेशनल का विश्व रिकॉर्ड है। जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों की तूफानी रफ्तार के बाद गेंदबाज का भी जलजला रहा। जिम्बाब्वे के गेंदबाजों ने गाम्बिया की पारी महज 54 रन पर समेट दी। इस तरह उसने 290 रन से मैच जीत कर इतिहास रच दिया था।

# 23 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2025,

## सैकिया और भाटिया ने बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आधिकारिक तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की घोषणा कर दी है, जो 23 मार्च, 2025 से शुरू होने वाला है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रविवार को मुंबई में आयोजित बीसीसीआई की विशेष आम बैठक (एसजीएम) के बाद शुरुआत की तारीख का खुलासा किया।



### बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष चुने गए

एसजीएम में, देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को क्रमशः नए बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया। शुक्ला ने कहा, 'देवजीत सैकिया को नए बीसीसीआई सचिव और प्रभतेज सिंह भाटिया को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया है।'

दिसंबर में जय शाह के आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के अध्यक्ष की भूमिका संभालने के बाद से सचिव का पद खाली था। इस बीच, महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त होने के बाद आशीष शेलार ने बीसीसीआई कोषाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आगामी निर्णय

शुक्ला ने यह भी पुष्टि की कि 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम को अंतिम रूप देने के लिए 18 या 19 जनवरी को एक बैठक निर्धारित की गई है। यह निर्णय उन रिपोर्टों के बाद लिया गया है, जिनमें कहा गया है कि आईसीसी द्वारा 12 जनवरी को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित किए जाने के बावजूद भारत की टीम की घोषणा में देरी हो सकती है।

अब तक, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश ने टूर्नामेंट के लिए अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। भारत अपने चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच के साथ करेगा, उसके बाद 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ एक हाई-स्टेक मुकाबला और 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक मैच होगा, ये सभी मैच दुबई में ही होंगे।

## ओलंपिक चैंपियन झेंग दूसरे दौर में, ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दिन बारिश ने डाली बाधा

मेलबर्न। ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने रविवार को यहां रॉड लेवर एरेना में छत के नीचे इनडोर परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि बाहर बारिश हो रही थी। साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले दिन बारिश के कारण कई मैच नहीं हो पाए क्योंकि इनडोर सुविधा में कुछ मैचों का आयोजन ही संभव हो पाया था। पिछले साल फाइनल में आर्यना सबालेंका से हारने के बाद मेलबर्न पार्क के मुख्य कोर्ट पर अपने पहले मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग ने 20 वर्षीय क्वालीफायर एंका टोडोनी को 7–6 (3), 6–1 से हराया।



सत्रह वर्षीय मीरा एंड्रीवा दूसरे दौर में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी थी। उन्होंने जॉन कैन एरेना में छत के नीचे खेले गए मैच में मैरी बौज़कोवा को सीधे सेटों में 6–3, 6–3 से पराजित किया।

## पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य खतरे में

कराची। पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया है जिससे उनका टेस्ट क्रिकेट में भविष्य खतरे में पड़ गया है। शाहीन को 2024 की शुरुआत से पाकिस्तान के आखिरी 12 टेस्ट मैचों में से आठ मैच से या तो बाहर कर दिया गया या फिर उन्हें तथाकथित रूप से विश्राम दिया गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अभी तक 32 टेस्ट में 116 विकेट लिए हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी धरती पर खेले गए दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भी टीम में नहीं चुना गया था। तब चयनकर्ताओं ने स्पष्टीकरण दिया था कि वे उन्हें 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तरोताजा चाहते हैं। दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शाहीन को मौजूदा बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने में कोई संकोच नहीं किया, जबकि उसी समय दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला चल रही थी। चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए तेज गेंदबाज नसीम शाह, मीर हमजा, मुहम्मद अब्बास और आमिर जमाल को भी टीम में नहीं रखा जबकि वे दक्षिण अफ्रीका में खेली गई श्रृंखला में टीम का हिस्सा थे। पाकिस्तान इस श्रृंखला के दोनों मैच में हार गया था। चयनकर्ताओं के एक करीबी सूत्र ने कहा कि शाहीन और नसीम दोनों को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार किया जा रहा है। सूत्र ने कहा, 'चयनकर्ता चाहते हैं कि शाहीन और यहां तक कि नसीम भी चैंपियंस ट्रॉफी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें क्योंकि यह 50 ओवरों की प्रतियोगिता है और हम गत चैंपियन हैं।'



## प्रिटोरियस के 97 रन, पार्ल रॉयल्स ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को नौ विकेट से हराया

**पार्ल (एजेंसी)।** लहुआन ड्रे प्रिटोरियस की 51 गेंद में 97 रन की पारी की मदद से पार्ल रॉयल्स ने शनिवार को यहां एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को नौ विकेट से शिकस्त दी। अठारह साल के प्रिटोरियस ने अपनी पारी के दौरान 10 चौके और छह छक्के जड़े। उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट के साथ 132 रन की साझेदारी निभाई। प्रिटोरियस के मार्को यानसेन की गेंद पर पगबाधा आउट होने के बाद रूट ने 44 गेंद में नाबाद 62 रन (चार चौके, एक छक्का) बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले सनराइजर्स ईस्टर्न केप के कप्तान ऐडन मार्करम ने 49 गेंद में 82 रन (सात चौके, दो छक्के) की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। उनकी ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 28 रन) की पारी से टीम पांच विकेट पर 175 रन बनाने में सफल रही लेकिन इस स्कोर का बचाव नहीं कर सकी। वहीं शुक्रवार को डरबन सुपर जायंट्स ने विल जैक्स (64) और रहमानुल्लाह गुरबाज़ (89) की तूफानी पारियों के बावजूद प्रिटोरिया कैपिटल्स पर दो रन से रोमांचक जीत दर्ज की।




डरबन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 209 रन बनाए। इसके जवाब में जैक्स और गुरबाज़ ने पहले विकेट के लिए 154 रन जोड़कर प्रिटोरिया को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बावजूद उसकी टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन ही बना पाई। अफगानिस्तान के गेंदबाज नूर अहमद ने इन दोनों बल्लेबाजों को आउट करके डरबन को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

जैक्स ने 35 गेंदों में पांच छक्कों और तीन चौकों की मदद से 64 रन, जबकि गुरबाज ने सात छक्कों और तीन चौकों की मदद से 43 गेंदों में 89 रन बनाए। इससे पहले डरबन की टीम ने वियान मुल्डर की 19 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से नाबाद 45 रन और न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन की 40 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से नाबाद 60 रन की बदौलत मजबूत स्कोर बनाया था।

## हैदराबाद तूफान्स ने सूरमा हॉकी को शूटआउट में 4–3 से हराया, यूपी रूद्राज जीता



राउरकेला। हैदराबाद तूफान्स ने शनिवार को यहां हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के रोमांचक मैच में पेनल्टी शूटआउट में सूरमा हॉकी क्लब को 4–3 से शिकस्त दी। दोनों टीमें नियमित समय में 1–1 से बराबरी पर थी। सूरमा हॉकी क्लब के लिए निकोलस डेला टोरे (आठवें मिनट) और हैदराबाद तूफान्स के लिए अमनदीप लकड़ा (40वें मिनट) ने गोल किया। हैदराबाद तूफान्स के गोलकीपर डॉमिनिक डिक्सन के 'सडन डेथ' में शानदार प्रदर्शन से टीम ने बोनस अंक जुटाया। हैदराबाद तूफान्स अब रविवार को वेदांता कलिंगा लांसर्स से भिड़ेगी। एक अन्य मैच में यूपी रूद्राज ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 3–1 से पराजित किया। यूपी रूद्राज के लिए फ्लोरिज वोर्टबोयर ने 30वें, केन रसेल ने 43वें और टैंगुए कोसिन्स ने 54वें मिनट में गोल दाकर अपनी टीम को तीन अंक दिलाये जिससे टीम तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई। दिल्ली एसजी पाइपर्स के लिए जेक वेटन ने 29वें मिनट में गोल दागा।

## रूड, निशिकोरी ने पहले दौर में पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की

**मेलबर्न, (एजेंसी)।** छठे वरीय कैस्पर रूड ने रविवार को नाटकीय मुकाबले में जीत दर्ज की, जब नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने रॉड लेवर एरिना में स्पेन के खिलाड़ी जैम मुनार को 6-3, 1-6, 7-5, 2-6, 6-1 से हराकर लगातार चौथे साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, रूड ने 37 अनफोर्स्ड गलतियों के साथ 48 विनर्स लगाए और पांचवें सेट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 93 प्रतिशत (13/14) फर्स्ट-सर्व पॉइंट जीतकर रॉड लेवर एरिना में तीन घंटे, 24 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। 26 वर्षीय रूड, जो तीन बार मेजर फाइनलिस्ट रह चुके हैं, ने जीत के साथ अपने पांच सेट के रिकॉर्ड को 10-6 तक सुधारा और मुनार के खिलाफ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 3-1 से आगे हैं।

हालांकि, मेलबर्न में उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2021 में आया जब वे चौथे दौर में पहुंचे। 26 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला चेक खिलाड़ी जैकब मेनसिक या जॉर्जियाई क्वालीफायर निकोलोज बेसिलशविली से होगा। अन्य मुकाबले में, जापान के केई निशिकोरी ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और पहले दौर के जबरदस्त मैच में ब्राजील के थियागो मोंटेइरो के खिलाफ मैच प्वाइंट बचाए। जॉन कैन एरिना में छत के नीचे, जापानी स्टार सीधे सेटों में हारने के कगार पर थे, जब तीसरे सेट में 4-5 पर मैच में बने रहने के लिए सर्विस करते समय उन्हें दो मैच प्वाइंट का सामना करना पड़ा।

हालांकि, उन्होंने हार मानने से इनकार कर दिया, 23 विनर्स लगाए और सेट चार और पांच में सिर्फ़ आठ अनफोर्स्ड एरर किए, जिससे चार घंटे छह मिनट के बाद 4-6, 6-7(4), 7-5, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। निशिकोरी 2019 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं, जब उन्होंने मेलबर्न में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। 35 वर्षीय खिलाड़ी, जो हांगकांग में एटीपी 250 इवेंट में फाइनल तक पहुंचने के बाद हार्ड-कोर्ट मेजर में पहुंचे थे, अब टॉमी पॉल या क्रिस्टोफर ओ%कॉनेल से खेलेंगे। इससे पहले दिन में, फ्रांसीसी आर्थर फिल्स ने ओटो विरटेनन के खिलाफ़ 3-6, 7-6(4), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। 20 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला हमवतन क्वेंटिन हेलिस या ऑस्ट्रेलियाई एडम वाल्टन से होगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी : बुमराह के बाहर होने पर ये तेज गेंदबाज ले सकते हैं उनकी जगह

स्पोर्ट्स डेस्क ÷ चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रहा है। लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोटिल हैं और यह टीम के लिए बुरी खबर है। बुमराह की पीठ में ऐंठन है जिस वजह से वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाहर हो सकते हैं। अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि उनकी जगह कौन ले सकता है। आइए उन प्लेयर्स के बारे में नजर डालते हैं जो चैम्पियन्स ट्रॉफी में बुमराह के बाहर होने पर उनकी जगह ले सकते हैं–




**प्रसिद्ध कृष्णा** – प्रसिद्ध कृष्ण का हालिया प्रदर्शन काफी शानदार है और वह भारत के स्टार तेज गेंदबाजों में से एक हैं। प्रसिद्ध ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी शानदार गेंदबाजी की थी। बीते 5 मैचों में वह 15 से भी अधिक विकेट चटका चुके हैं।

**उमरान मलिक** – भारत के सबसे तेज गेंदबाज उमरान मलिक भी विकल्प हो सकते हैं। अगर बुमराह पूरी तरह से फिट नहीं हो पाते हैं तो उमरान को मौका मिलने की उम्मीद की जा सकती है। उमरान के नाम भारत की ओर से सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड दर्ज है। उनकी फास्टेस्ट स्पीड 157 द्मद्वश्चद्ध है।

**आवेश खान** – भारत के स्टार तेज गेंदबाजों में से एक आवेश खान भी चोटिल जसप्रीत बुमराह को रिप्लेस करने कर सकते हैं। आवेश ने अब तक भारत के लिए कई मुकाबले खेले हैं और लगभग हर मैच में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। ऐसे में अगर उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेलने का मौका मिलेगा तो वह काफी अच्छा कर सकते हैं।

# भारतीय क्रिकेट ने बेहतर खिलाड़ियों से ज्यादा कप्तानों को दिया जन्म

**मेलबर्न (एजेंसी)।** पिछले पांच सालों में भारतीय क्रिकेट ने बेहतर खिलाड़ियों से ज्यादा कप्तानों को जन्म दिया है, जिससे टीम में नेतृत्व को लेकर असमंजस बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में भारतीय क्रिकेट टीम को एक सेनापति के बजाय कई सेनापति अपनी-अपनी दिशा में सेना को चलाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस संकट का असर अब आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में देखने को मिल सकता है, जहां भारतीय टीम संभावित रूप से सात कप्तानों के साथ मैदान में उतरेगी। टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत और संभावित तौर पर केएल राहुल जैसे खिलाड़ी भी दुबई जाने वाली टीम में शामिल होंगे। ये सभी खिलाड़ी किसी न किसी समय भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब एक टीम में इतने कप्तान हों, तो क्या सभी एक पेज पर आ पाएंगे? भारतीय क्रिकेट में कप्तानी को लेकर विवाद कोई नई बात नहीं है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम में चार कप्तान थे, जिनमें से दो ने अलग-अलग मौकों पर टीम का नेतृत्व किया। खबरें यहां तक थीं कि एक और खिलाड़ी कप्तानी की महत्वाकांक्षा रखता था। अब चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट में सात कप्तानों की मौजूदगी टीम के लिए रणनीतिक और सामंजस्य का बड़ा चैलेंज बन सकती है। 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। उस वक्त टीम में सिर्फ एक ही लीडर था, जिसने खिलाड़ियों को एक दिशा में संगठित रखा। इसके बाद से खिलाड़ियों की फिटनेस और क्रिकेट कैलेंडर की व्यस्तता के कारण कप्तानों में बदलाव बढ़ा, जिससे टीम में नेतृत्व की स्थिरता कम हो गई।

रोहित शर्मा, जो 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी जीत का हिस्सा थे, टीम को एकजुट रखने की क्षमता रखते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या वे बाकी कप्तानों के साथ तालमेल बिठाकर इस चुनौती को पार कर पाएंगे? जितने सिर, उतने दिमाग वाली स्थिति में खिलाड़ियों का नेतृत्व करना रोहित के लिए बड़ी परीक्षा साबित हो सकता है। भारतीय क्रिकेट टीम के फैंस को 2025 की शुरुआत में खराब प्रदर्शन के बाद अब चैंपियंस ट्रॉफी से वापसी की उम्मीद है। लेकिन कप्तानों की इस फौज के बीच यदि हर कोई अपनी-अपनी शैली में नेतृत्व करने की कोशिश करेगा, तो टीम के लिए यह टूर्नामेंट एक और खाली हाथ वापसी का कारण बन सकता है।



# महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए और विकास पहलों को मजबूत करने के लिए चिंतन शिविर में राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश एकजुट : अन्नपूर्णा देवी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 10-12 जनवरी, 2025 के दौरान राजस्थान के उदयपुर में चिंतन शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 32 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए, जिनमें महिला एवं बाल विकास विभागों के 16 राज्य मंत्री शामिल थे, जिन्होंने महिलाओं और बच्चों के कल्याण और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। शिविर में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति रही, जिन्होंने केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के साथ चिंतन शिविर का उद्घाटन किया।




अन्य गणमान्य व्यक्तियों में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, राजस्थान की उप मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती दीया कुमारी, ओडिशा की उप मुख्यमंत्री श्रीमती प्रभाती परीडा और विभिन्न राज्यों के कई अन्य प्रतिष्ठित मंत्री शामिल थे। चिंतन शिविर के दौरान मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं- मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम ने इन मिशनों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नवीन विचारों के आदान-प्रदान, साझा अनुभवों, नीति सुधारों के अवसरों और राज्यों में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के प्रसार के लिए एक मंच प्रदान किया।

दिलचस्प सत्र महिलाओं की सुरक्षा, बाल पोषण और आंगनवाड़ी केन्?द्रों को मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केन्द्रित थे। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा प्रस्तुत सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को जानकारी प्राप्त करने के लिए साझा किया गया, जिसका उद्देश्य देश भर में महिलाओं और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाना है। राज्यों को सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के बारे में बताया गया, जिसका उद्देश्य पूरे देश में लक्षित आबादी के पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों की भागीदारी ने महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के विकास को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता पर जोर दिया। चचाओं में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा, आंगनवाड़ी प्रणाली को मजबूत करना, महिला सशक्तिकरण केन्द्र, ₹बाल विवाह मुक्त भारत₹, शी-बॉक्स, गोद लेने और बच्चों के लिए गैर-संस्थागत देखभाल जैसे घटकों पर जोर दिया गया। गोद लेने की व्यवस्था को सरल बनाने और सभी मिशनों के लिए ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग के प्रयासों पर डेटा संग्रह, विश्लेषण और साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने के लिए आवश्यक उपकरणों के रूप में उत्साहपूर्वक चर्चा की गई।

कार्यक्रम में जोश और उत्साह को और बढ़ाते हुए, भारत की समृद्ध विरासत और विविधता का जश्न मनाने के लिए एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक राजस्थानी लोक नृत्य, संगीत प्रदर्शन और नाट्य प्रस्तुतियाँ शामिल थीं, जिससे प्रतिभागियों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल बना।

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब हम कुपोषण को मिटाने और बच्चों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होते हैं, तो हमारी कल्?पना महिलाओं के नेतृत्व में विकास के माध्यम से स्थायी विकास से आगे विकसित भारत तक पहुँचती है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता के अंतर्गत, हमने महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों की सुरक्षा करने वाली नीतियों की नींव रखी- एक ऐसा दृष्टिकोण जिसे अब ब्राजील ने जी-20 की अध्यक्षता करते हुए अपनाया है।

# दिल्ली विस चुनाव 2025 : चुनाव लड़ने के लिए चाहिए चंदा, सीएम आतिशी ने दिल्ली की जनता से की ये अपील

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अगले महीने होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री आतिशी ने जनता से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने जनता से उनके लिए क्राउड फंडिंग के जरिए डोनेशन देने की अपील की है। इसके लिए आतिशी और आम आदमी पार्टी ने एक लिंक भी जारी किया है। इस लिंक पर जाकर दिल्ली की जनता आतिशी को 100, 1000 या फिर इससे ज्यादा रुपए का डोनेशन देकर चुनाव लड़ने में मदद कर सकती है।

### आतिशी ने लोगों से की क्राउड फंडिंग की अपील

रविवार को आतिशी ने दिल्ली की जनता से उनके लिए क्राउड फंडिंग करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा, 'आम आदमी पार्टी के विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री ईमानदारी से काम करते हैं। हमने पिछली बार भी देश और दिल्ली की जनता से मदद मांगकर चुनाव लड़ा था और इस बार भी हम जनता के समर्थन और मदद से चुनाव लड़ रहे हैं।' दिल्ली की सीएम ने कहा कि मैं चुनाव लड़ने के लिए भरपूर फंडिंग चाहती हूं। मुझे चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये की जरूरत है और मैं लोगों से अपील करती हूं कि वह हमें 100 से लेकर 1000 रुपये तक कोई भी राशि दे सकते हैं जो हमें चुनाव लड़ने में मदद करेगी। एक सीएम एक लिए इतनी छोटी रकम गलत तरीके से जुटाना कोई बड़ी बात नहीं है। अगर हम इसे गलत तरीकों से इकट्ठा करेंगे तो इसमें एक दिन भी नहीं लगेगा, लेकिन अगर भ्रष्ट आचरण से पैसा ले लिया जाए तो वही बुनियादी ढांचा ढह जाएगा।




### सोशल मीडिया पर साझा किया पोस्ट

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आतिशी ने जनता से कहा, 'पिछले 5 सालों में, आप विधायक, मंत्री और अब दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में मेरे साथ खड़े रहे हैं। आपके आशीर्वाद और समर्थन के बिना यह सब संभव नहीं हो पाता। एक युवा, शिक्षित महिला के रूप में, आपके विश्वास और दान ने मुझे राजनीति में करियर की कल्पना करने में सक्षम बनाया है।

# डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे विदेश मंत्री एस जयशंकर

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेने वाले हैं. विदेश मंत्री एस. जयशंकर शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. विदेश मंत्रालय की ओर से इस संबंध में जानकारी दी गई है. मंत्रालय ने बताया कि वाशिंगटन यात्रा के दौरान जयशंकर अमेरिका के आगामी ट्रंप प्रशासन के रेप्रेसेंटेटिव के साथ बैठक भी करेंगे. विदेश मंत्रालय ने कहा, ट्रंप-वेंस शपथग्रहण समिति का इनविटेशन मिला है. विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे. यात्रा के दौरान विदेश मंत्री (जयशंकर) अमेरिका के भावी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ ही समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका आने वाले कुछ अन्य



गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठकें करेंगे.

### अमेरिकी राष्ट्रपति शपथ ग्रहण समारोह कहां देख सकेंगे?

डोनाल्ड ट्रंप के 20 जनवरी 2025 को होने वाले समारोह को यदि आप देखना चाहते हैं तो ये आपको- एनबीसी, सीएनएन, एबीसी, सीबीएस, फॉक्स न्यूज, सीएसपीएन सहित सभी प्रमुख टीवी न्यूज चैनल पर प्रसारित होगा.

### कैसे मिलेगा ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह का टिकट?

सरकार ने कहा है कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए टिकट सीमित हैं. ये केवल कांग्रेस के सदस्यों के माध्यम से ही मिलेंगे. USA.gov के अनुसार, टिकट निःशुल्क हैं. राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह को यूएस कैपिटल के मैदान में व्यक्तिगत रूप से देख सकते हैं.

### ट्रंप के शपथ ग्रहण में किन नेताओं को किया गया आमंत्रित ?

अमेरिकी इतिहास में पहली बार किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी नेताओं की मौजूदगी नजर आएगी. खबरों की मानें तो, ट्रंप की टीम ने अब तक चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली और अल साल्वाडोर के नेता नायब बुकेले को इस समारोह में आमंत्रित किया है. शी जिनपिंग द्वारा अपने प्रतिनिधित्व के लिए एक उच्च-स्तरीय दूत भेजने की संभावना है.

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने दी उन्हें श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। महान भारतीय संत, दार्शनिक और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं और विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उन्हें भारत के एक महान सुपुत्र के रूप में याद किया जाता है। उनकी जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि स्वामी जी ने भारत के महान आध्यात्मिक संदेश को पश्चिमी दुनिया तक पहुंचाया। उन्होंने भारत के लोगों में एक नये आत्मविश्वास का संचार किया। स्वामीजी ने युवाओं को अपनी क्षमता उजागर करने, राष्ट्र-निर्माण की दिशा में काम करने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उनकी विरासत दुनिया भर के अनगिनत लोगों को



प्रेरित करती रहती है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत के आध्यात्मिक ज्ञान के एक प्रतीक, स्वामीजी का प्रतिष्ठित 1893 शिकागो संबोधन भारत के समावेशी लोकाचार को दशार्ता है। उन्होंने भारतीयों को गर्व, आत्म-विश्वास और मानवता की सेवा के आह्वान से प्रेरित किया। युवाओं से उनका आह्वान- उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए - आत्म-सशक्तिकरण के लिए एक कालातीत मंत्र बना हुआ है। स्वामी विवेकानन्द को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा, वह युवा मन में जुनून और उद्देश्य को प्रज्वलित करते रहते हैं। हम एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने स्व-संस्कृति के प्रति न सिर्फ देशवासियों को जागरूक किया, बल्कि विश्व को वेदांत और योग दर्शन से प्रभावित भी किया। रामकृष्ण मिशन के माध्यम से उन्होंने नर सेवा को ही नारायण सेवा का पर्याय बनाया। युवाओं में चरित्र निर्माण व आत्मगौरव के बीज बोकर उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने वाले स्वामी विवेकानंद जी का जीवन और दर्शन सभी के लिए प्रेरणापुंज है।

## छत्तीसगढ़ के विधायक इंद्र साव परिवार संग जा रहे थे महाकुंभ, सड़क हादसे में बाल-बाल बचे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के भाटापारा के कांग्रेस विधायक इंद्र साव की गाड़ी सोनभद्र के म्योरपुर में सड़क हादसे का शिकार हो गई है. इस हादसे के दौरान विधायक की गाड़ी में उनका पूरा परिवार भी था. गाड़ी में उनकी पत्नी और दो बेटियों समेत कुल 7 लोग सवार थे, जिसमें सुरक्षा गार्ड और गाड़ी के ड्राइवर शामिल थे. हालांकि, हादसे में विधायक और उनके परिवार समेत सभी सुरक्षित हैं. हादसे में परिवार के सभी लोगों को मामूली चोटें आई. विधायक की पत्नी को कंधे में चोट आई, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है. विधायक इंद्र साव के साथ हादसे की जानकारी की पुष्टि भाटापारा शहर थाना प्रभारी ने की है. ये हादसा इतना बड़ा था कि उनकी गाड़ी के सामने से परखच्चे उड़ गए हैं. हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल बन गया. जानकारी के अनुसार भाटापारा विधायक इंद्र साव सपरिवार महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज जा रहे थे. लेकिन प्रयागराज पहुंचने के पहले ही मुर्धवा-बीजापुर मार्ग स्थित नधिरा मोड़ के पास उनके साथ ये हादसा हो गया. मिली जानकारी के मुताबिक, विधायक सपरिवार रविवार को बलरामपुर से प्रयागराज के लिए रवाना हुए थे. तभी सोनभद्र में सुबह करीब 7 बजे एक ट्रक ने विधायक की गाड़ी को ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी. हादसे में घायल सभी लोगों को सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया गया है.

# नितिन गडकरी ने नागपुर में कंगना रनौत और अनुपन खेर के साथ देखी फिल्म इमरजेंसी

एजेंसी

**नागपुर।** अभिनेत्री और भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत अपनी आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज का इंतजार कर रही है। लंबी देरी के बाद अभिनेत्री की ये फिल्म आखिरकार 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बीच, कंगना ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के लिए फिल्म इमरजेंसी की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की। नितिन गडकरी ने शनिवार को नागपुर में फिल्म देखी। इस दौरान कंगना के अलावा अनुपम खेर भी उनके साथ मौजूद थे। इस दौरान की एक वीडियो गडकरी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट की और लोगों से फिल्म देखने का आग्रह किया। उन्होंने लिखा, 'आज नागपुर में कंगना रनौत और अनुपम खेर की फिल्म इमरजेंसी की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुआ। मैं फिल्म निमार्ताओं और अभिनेताओं को हमारे देश के इतिहास के काले अध्याय को इतनी प्रामाणिकता व उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत करने के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं।'



कंगना रनौत ने एक्स पर गडकरी की पोस्ट को शेयर करके आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'अपना कीमती समय देने लिए बहुत-बहुत धन्यवाद सर।' इमरजेंसी में जयप्रकाश नारायण की भूमिका निभा रहे खेर ने कहा कि फिल्म की पहली विशेष स्क्रीनिंग को मिली प्रतिक्रिया उत्साहजनक है। उन्होंने कहा, 'मैंने भी पहली बार पूरी फिल्म देखी। बेहतरीन! दुनिया को, खासकर युवा भारतीय पीढ़ी को, कई कारणों से इसे देखना चाहिए।' फिल्म में श्रेयस तलपड़े ने युवा अटल बिहारी वाजपेयी, मिलिंद सोमन ने फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, महिमा चौधरी ने पुपुल जयकर और सतीश कौशिक नेजगजीवन राम की भूमिका निभाई है।

## संक्षिप्त खबर

### कोलंबिया में विमान दुर्घटना में 10 लोगों की मौत



**बोगोटा।** दक्षिणी अमेरिकी देश कोलंबिया में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 10 लोगों की मौत हो गई है। विमानन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पैसिफिक ट्रैवल द्वारा संचालित यह विमान जुराडो से मेडेलिन के रास्ते में बुधवार को लापता हो गया था। विमान का मलबा एंटिओक्विया के उत्तर-पश्चिमी कोलंबियाई विभाग के उर्राव के एक ग्रामीण इलाके में मिला। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विमान में चालक दल के दो सदस्य और आठ यात्री सवार थे। एंटिओक्विया के जोखिम प्रबंधन विभाग के निदेशक कार्लोस रियोस पुएर्टा ने कहा कि दुर्भाग्य से विमान में सवार कोई भी जीवित नहीं बचा है। हमारे पास साइट पर 37 कर्मी काम कर रहे हैं। हम दूसरे चरण में तेजी ला रहे हैं, जिसमें शवों को बरामद करना और न्यायिक पुलिस के साथ समन्वय करना शामिल है। मौसम की प्रतिकूल स्थिति की वजह से रिकवरी प्रक्रिया आसान नहीं हो रही। हालांकि कोशिश जारी है कि रिकवरी प्रक्रिया यथासंभव तेज और सकुशल सम्पन्न हो। पैसिफिक ट्रैवल ने बयान जारी कर पीड़ित परिवारों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। उसने कहा कि हम हर समय उनके साथ रहेंगे, सहायता प्रदान करेंगे और इस दुखद घटना से उत्पन्न होने वाली हर जरूरत को पूरा करेंगे। वहीं, परिवहन मंत्रालय और नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने भी पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। प्राधिकरण ने दुर्घटना के कारणों की जानकारी के लिए जांच शुरू कर दी है।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान में बरामद किए हथियार




**इम्फाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान चुराचांदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराने जेलमोल गांव से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। बरामद सामानों में एके-56 राइफल और मैगजीन, .303 राइफल और मैगजीन, 9 मिमी देशी पिस्तौल और मैगजीन, 12मिमी सिंगल बैरल राइफल, तीन 12मिमी सिंगल बैरल देशी राइफल, चीन निर्मित हैंड ग्रेनेड (नं. 36) शामिल हैं। एक अन्य तलाशी अभियान के दौरान, मोरेह, तेंगनौपाल जिले के अंतर्गत चवांगफई और गोवाजांग गांव क्षेत्रों से दो आईईडी (लगभग 1 किलोग्राम) और एक आईईडी (लगभग 5 किलोग्राम) बरामद किया गया। सुरक्षा बलों ने अभियान के जरिए संवेदनशील इलाकों में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की कोशिश की।

### फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में दो ट्राम गाड़ियों की टक्कर, दर्जनों यात्री घायल



**फ्रांस।** पूर्वी फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में शनिवार को दो ट्राम गाड़ियों के बीच हुई टक्कर में दर्जनों लोग घायल हो गए। हालांकि, किसी की हालत गंभीर नहीं है। दमकल कर्मियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह टक्कर दोपहर में शहर के सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास एक सुरंग में हुई। बास-राइन दमकल एवं बचाव सेवा के निदेशक रेने सेलियर ने बताया कि करीब पचास लोगों के सिर मे हल्की चोटें और घुटने में मोच आई है। लेकिन कोई गंभीर चोट नहीं है। आपातकालीन सेवाओं ने बचाव एवं राहत कार्य के लिए 130 अग्निशमन कर्मी, 50 बचाव वाहन तैनात किये हैं तथा एक विस्तृत सुरक्षा घेरा बनाया है।

### जम्मू में नियंत्रण रेखा के पास आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सेना ने तेज किया तलाशी अभियान



**जम्मू।** सेना ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया तलाशी अभियान रविवार को ड्रोन और अन्य नवीनतम उपकरणों की मदद से तेज कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ग्रामीणों द्वारा जोगीवन वनक्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दिए जाने के बाद शनिवार को भट्टल क्षेत्र में सेना की विभिन्न इकाइयों द्वारा तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उन्हें संदेह था कि वे घुसपैठिये आतंकवादी थे। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान जारी है तथा व्यापक क्षेत्र को शामिल करने के लिए अधिक जवानों को तैनात किया गया है, हालांकि अभी तक संदिग्धों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके की तलाशी के लिए खोजी कुत्तों के अलावा ड्रोन और अन्य नवीनतम उपकरण भी तैनात किए हैं। उन्होंने बताया कि सेना के इस तलाशी अभियान में पुलिस के दल भी शामिल हुए हैं। पिछले वर्ष 28 और 29 अक्टूबर को अखनूर सेक्टर में सुरक्षाबलों ने दो दिवसीय अभियान में पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के तीन आतंकवादियों को मार गिराया था।

### आप विधायक मोहिंदर गोयल की बढ़ी मुश्किलें, दिल्ली पुलिस ने भेजा दूसरा नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड दस्तावेज मामले में जांच में शामिल होने के लिए आप विधायक मोहिंदर गोयल को रविवार को एक और नोटिस भेजा है. दिल्ली पुलिस ने बताया, इसी मामले में कुछ बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया था और फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए थे. शनिवार को दिल्ली पुलिस ने आप विधायक को पहली नोटिस जारी किया था और उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था. दिल्ली पुलिस के नोटिस पर अअढ विधायक मोहिंदर गोयल ने शनिवार को कहा था, मुझे अभी तक कोई नोटिस नहीं मिला है. यह बांग्लादेशियों के लिए (आधार) कार्ड बनाने का मामला है. जबकि मेरी तरफ से आज तक ऐसा कुछ नहीं किया गया है. यह केवल राजनीति से प्रेरित है. उन्होंने कहा, हम न तो कोई गलत काम करते हैं और न ही हम किसी गलत काम के पक्ष में हैं. यह सब राजनीति से प्रेरित है.

# हिमाचल प्रदेश की वादियां फिर बर्फ से लकदक, शीतलहर तेज

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की वादियां एक बार फिर ताजा बर्फबारी के बाद सफेद चादर में ढंक गई हैं। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चम्बा और शिमला जिला के ऊंचे क्षेत्रों में बीती रात से बर्फबारी हो रही है। वहीं, मैदानी इलाकों में कहीं-कहीं वर्षा और घना कोहरा छाया है। राज्य में बर्फबारी और बारिश के चलते शीतलहर तेज हो गई है। आधा दर्जन शहरों का पारा माइनस में पहुंच गया है। मौसम विभाग ने राज्य में आगामी दिनों में और बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार गोंदला में छह, कोठी, खदराला, केलंग और शिलारू में



पांच-पांच, जोत में चार और कल्पा में एक सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। लाहौल-स्पीति का ताबो इस समय सबसे ठंडा स्थान बना हुआ है जहां रविवार को न्यूनतम पारा -5.2 डिग्री तक गिर गया है। इसके अलावा अन्य पहाड़ी व जनजातीय क्षेत्रों में भी तापमान शून्य से नीचे है। शिमला जिला के नारकण्डा व कुफरी में पारा -2.9 डिग्री व -1.2 डिग्री, कुकुमसेरी में -2.8 डिग्री, समधो में -2.7 डिग्री और कल्पा में -1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मनाली और शिमला में भी न्यूनतम तापमान क्रमशः 1.4 डिग्री और 2.2 डिग्री पर पहुंच गया है।

### किन्नौर और चंबा में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

किन्नौर और चंबा जिलों की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। किन्नौर के कल्पा में एक सेंटीमीटर तक बर्फबारी हुई है, जबकि चंबा जिले में हिमपात जारी है। इसके साथ ही शिमला जिले के नारकंडा, खड़ापत्थर और चौपाल में भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में हल्की बारिश हुई है।

### शिमला शहर और आसपास का हाल, एनएच-05 बाधित

राजधानी शिमला में आज भी आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और बर्फबारी के लिए अनुकूल मौसम बना हुआ है। शिमला जिले के ऊपरी क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के कारण नेशनल हाईवे-05 (ठियोग से नारकंडा) यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। हालांकि ठियोग से हाटकोटी (नेशनल हाईवे-705) वाहनों के लिए खुला है। स्टेट हाईवे-8 (देहा-चौपाल) भी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से रास्ते साफ करने के प्रयास जारी हैं। मनाली के ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है। यहां की पहाड़ियां बर्फ की सफेद चादर से ढक चुकी हैं और यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। हालांकि तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ गई है और लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं।

# पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के तीन गुर्गों को पकड़ा, एक घायल, फिरौती लेने आए थे

एजेंसी

**जलंधर।** पंजाब पुलिस अपराधियों और गैंगस्टर के खिलाफ दिन-रात अभियान चला रही है. पुलिस के साथ मुठभेड़ में अब तक कई गैंगस्टर गिरफ्तार किए जा चुके हैं. पुलिस को शनिवार देर रात श्री मुक्तसर साहिब में अपराधियों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली. पुलिस ने मुक्तसर-फिरोजपुर रोड पर लुबानियांवाली गांव में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस गैंग के तीन कथित सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया.

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने दो दिन पहले एक व्यापारी से एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी. व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों



के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी. पुलिस के अनुसार, व्यापारी से फोन पर एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगने वालों ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया था. मुक्तसर के एसएसपी तुषार गुप्ता ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने जाल बिछाया और व्यापारी को अपराधियों से बातचीत करने के लिए कहा गया. बातचीत में अपराधी 15 लाख रुपये लेने के लिए राजी हो गए और व्यापारी से पैसे देने के लिए लुबानियांवाली गांव आने को कहा. आरोपी शनिवार रात बाइक पर आए और पैसे लेकर भागने की कोशिश की. हालांकि, पुलिस की टीम ने उन्हें घेर लिया. एसएसपी ने बताया, जब अपराधियों को पता चला कि पुलिस ने उन्हें घेर लिया है तो उनमें से एक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की और सुखमंदर सिंह नाम के अपराधी को गोली लगी और वह गिर गया. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भागने की कोशिश कर रहे सुखमंदर सिंह और उसके दो अन्य साथियों लखवीर सिंह और सरवन सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।



# अनुराग ने किया मुंबई छोड़ने का ऐलान...

**मुंबई।** अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड में लीक से हटकर, बेहतरीन हिट फिल्में बनाई हैं। लेकिन कुछ समय से उन्हें अपनी तरह का काम करने का मौका बॉलीवुड में नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि अनुराग ने साउथ फिल्मों का रूख किया, वह वहां की फिल्मों में अभिनय तक करते दिख रहे हैं। बतौर एक्टर खुद को एक्सप्लोर कर रहे हैं। यही कारण है कि अनुराग अब मुंबई छोड़कर साउथ में जाकर बस जाना चाहते हैं। वह अगले साल ऐसा कर सकते हैं। अनुराग की माने तो साउथ फिल्म इंडस्ट्री में लोगों को फिल्म बनाने का बहुत उत्साह रहता है।




लाइफ Style

# मलाइका 'साल 2024 तुम बहुत मुश्किल रहे'

मलाइका अरोड़ा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने बीते साल में हुई चीजों और अपने अनुभव के बारे में बात की है। मलाइका अरोड़ा साल 2024 में अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहीं।

पहले उनका अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हुआ फिर अभिनेत्री के पिता का निधन हो गया। सोशल मीडिया पर मलाइका ने एक पोस्ट कर बताया कि उनका साल काफी कठिन रहा। उन्होंने बताया कि ये साल उनके लिए कितना मुश्किल रहा। मलाइका ने लिखा- साल 2024, मैं तुमसे नफरत नहीं करती, लेकिन तुम बहुत मुश्किल रहे। बहुत सी चुनौतियां, बहुत सारे बदलाव और बहुत सारी सीख। तुमने मुझे दिखाया कि जीवन कैसे बदलता है। पलक झपकते ही जीवन में कितने बदलाव आ जाते हैं। मुझे लगता है मुझे खुद पर और भरोसा करना चाहिए। इस साल ने मुझे बताया कि मेरी मानसिक, शारीरिक और इमोशनल हेल्थ मेरे लिए कितनी जरूरी है। पोस्ट में लिखा, इस दौरान और भी बहुत सारी चीजें हैं, जिन्हें मुझे समझना होगा लेकिन मुझे लगता है, समय के साथ चीजें और समझ में आने लगेंगी। चीजों के होने की कुछ न कुछ वजह होती है, मैं इस बात को पूरी तरह से मानती हूं। बता दें कि मलाइका और अर्जुन कपूर ने काफी समय तक एक दूसरे को डेट किया। दोनों ने साथ में कई सारी तस्वीरें भी साझा की। वहीं, मई में खबरें आईं कि दोनों ने अपने रास्ते बदल लिए हैं।

हॉलीवुड मसाला




# 8 साल बाद हुआ समझौता

**लॉस एंजिल्स।** आठ साल से ज्यादा चली कानूनी लड़ाई के बाद ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली ने तलाक के लिए समझौता कर लिया है। जोली के वकीलों के मुताबिक, दोनों पक्षों ने 30 दिसंबर को समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कभी हॉलीवुड के सबसे आकर्षक जोड़ी में से एक रहे एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट लगभग एक दशक तक साथ रहे और 2014 में शादी से पहले वे छह बच्चों के माता-पिता भी बने। अब दोनों का तलाक को लेकर समझौता हो गया है। एंजेलिना जोली और बैड पिट तलाक के समझौते पर पहुंच गए हैं।




# टीवी और मंच पर रहीं काफी सक्रिय

**लॉस एंजिल्स।** सीबीएस के लंबे समय से चल रहे सिटकॉम 'ऐलिस' की स्टार और नील साइमन के नाटक 'ब्रॉडवे बाउंड' के लिए टोनी जीतने वाली लिंडा लैविन टीवी और मंच पर भी काफी सक्रिय रहीं। अभिनेत्री के निधन पर स्क्रीनराइटर पॉल रुडनिक ने दुख जताया और एक्स पर पोस्ट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लिंडा लेविन का सफर बाल मंच कलाकार के रूप में शुरू हुआ। 1960 के दशक में उन्होंने ब्रॉडवे की शुरुआत की। उन्होंने संगीतमय 'इट्स ए बर्ड...इट्स ए प्लेन...इट्स सुपरमैन' और नाटक 'लास्ट ऑफ द रेड हॉट लवर्स' में अपनी अदाकारी से लोगों का दिल जीता। टीवी की दुनिया में लिंडा लेविन सीबीएस के सिटकॉम 'ऐलिस' में मुख्य किरदार के रूप में घर-घर मशहूर हुईं। 'बार्नी मिलर', 'सीन सेव्स द वर्ल्ड' और 'बी पॉजिटिव' जैसे हिट शो से उन्हें खूब शोहरत मिली।



# मन्नत में पार्टियों की बात है निराली

**मुंबई।** अभिनेत्री अनन्या पांडे, शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के साथ बहुत अच्छी बॉन्डिंग शेयर करती हैं। दरअसल, अनन्या, सुहाना, नव्या नवेली नंदा और शनाया कपूर बचपन की दोस्त हैं और अक्सर साथ में समय बिताते और पार्टी करती रहती हैं। अब, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या ने शाहरुख के घर मन्नत में होने वाली पार्टियों की झलक दिखाई, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि सबसे अच्छी पार्टियां वो होती हैं जो मन्नत में उनकी बेस्ट फ्रेंड सुहाना, नव्या और शनाया के साथ वह एंजॉय करती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान चंकी पांडे की बेटी और अनन्या से जब शाहरुख के मुंबई स्थित आलीशान घर मन्नत में हुई पार्टियों के बारे में पूछा गया तो इस पर उन्होंने कहा कि सुहाना, शाहरुख, शनाया और नव्या के साथ मन्नत में पार्टी के बाद के पलों को वह कभी भुला नहीं सकतीं।



# सल्लू को देखते ही गले लग गईं कोकिलाबेन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग सलमान खान इन दिनों अंबानी परिवार के साथ गुजरात के जामनगर में छुट्टियां एन्जॉय कर रहे हैं। अब सलमान का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक्टर को अपनी फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' का 'ओ ओ जाने जाना' गाते देखा जा सकता है। इस इवेंट से भी एक खूबसूरत वीडियो सामने आया है जिसमें कोकिलाबेन अंबानी, सलमान को बेटे की तरह प्यार देती दिख रही हैं। इवेंट में शामिल होने के दौरान सलमान सभी को ग्रीट करते हैं। तभी उनकी नजर ऑडियंस में बैठी कोकिलाबेन अंबानी पर पड़ती है और वो उन्हें मिलने पहुंच जाते हैं। सलमान को देख कर कोकिलाबेन उन्हें गले लगा लेती हैं। बता दें, सलमान खान और अनंत अंबानी खास बांड शेयर करते हैं।

टीवी मसाला



# कशिश ने अविनाश- ईशा की नजदीकियों पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 का शो रोजाना नया मोड़ लेता जा रहा है। बिग बॉस के घर पर रोज कुछ ना कुछ नया देखने को मिलता है, जिससे प्रशंसकों का उत्साह रिएलिटी शो को लेकर बना रहता है। लेटेस्ट एपिसोड में कशिश कपूर, चाहत पांडे और रजत दलाल को ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा के रिश्ते पर चर्चा करते हुए सुना गया। लेटेस्ट एपिसोड में रजत दलाल, कशिश कपूर और चाहत पांडे इसी बारे में बात करते नजर आएंगे।

# बायोपिक फिल्मों में दिखी संघर्ष-सफलता की कहानी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हर साल कुछ बायोपिक फिल्में जरूर रिलीज होती हैं। बायोपिक फिल्मों के जरिए किसी खास शख्सियत की जिंदगी के संघर्ष और उसकी जीवन यात्रा को दिखाया जाता है। ये फिल्में दर्शकों को मोटिवेशन देती हैं। कई बायोपिक फिल्में अपनी शानदार कहानी के कारण दर्शकों की फेवरेट भी बन जाती हैं। जानिए, इस साल कौन सी बायोपिक फिल्में रिलीज हुईं और बॉक्स ऑफिस पर क्या इन्हें सफलता मिल सकी।



**सावरकर :** रणदीप हुड्डा इस साल फिल्म 'सावरकर' में नजर आए। इस फिल्म में उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका निभाई। यह स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की बायोपिक फिल्म ही रही। फिल्म का निर्देशन भी रणदीप हुड्डा ने किया। फिल्म रिलीज से पहले काफी चर्चा में रही लेकिन बॉक्स ऑफिस पर मनचाहा परिणाम ना पा सकी।



**अमर सिंह चमकीला :** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ इस साल फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में नजर आए। वह अमर सिंह चमकीला के किरदार में दिखे, पंजाबी के एक मशहूर सिंगर की कहानी फिल्म में दिखाई गई। फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया गया, लेकिन दर्शकों को यह फिल्म काफी पसंद आई।



**चंदू चैंपियन :** कार्तिक आर्यन भी इस साल एक बायोपिक फिल्म 'चंदू चैंपियन' में नजर आए। यह फिल्म पहले पैरालिंपिक गोल्ड मेडल विजेता मुरलीकांत की कहानी है। इसमें कार्तिक ने उनका ही किरदार निभाया। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक रेस्पॉन्स ही मिला। कार्तिक के अभिनय को भी सराहा गया।


# साल 2025 में होगा धमाल, नजर आएंगी नई जोड़ियां

## खुशी कपूर-जुनैद खान-तृप्ति भी आएंगी साथ...

***अमन देवगन और राशा थडानी - फिल्म आजाद :*** *अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित फिल्म* आजाद का टीजर और ट्रेलर पहले ही रिलीज किया जा चुका है। इस फिल्म में पहली बार अमन देवगन और राशा थडानी की जोड़ी नजर आएगी। यह फिल्म 17 जनवरी, 2025 को रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में अजय देवगन का भी अहम रोल होगा। अजय देवगन के भतीजे हैं अमर देवगन और रवीना टंडन की बेटी हैं राशा थडानी।

***जुनैद खान और खुशी कपूर - फिल्म लवयापा :*** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जुनैद खान बॉलीवुड मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के बेटे हैं। जुनैद, खुशी कपूर के साथ फिल्म लवयापा में नजर आएंगे। खुशी, बोनी कपूर और श्रीदेवी की बेटी हैं और जान्हवी कपूर की बहन हैं। ऐसा पहली है जब किसी फिल्म में खुशी और जुनैद एक साथ नजर आएंगे। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी।


***तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी - फिल्म धड़क 2 :*** ब्लॉकबस्टर फिल्म धड़क की अगली कड़ी धड़क 2 को लेकर करण जौहर पहले ही ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर चुके हैं।




*नई दिल्ली। 2025 की शुरुआत के साथ ही बॉलीवुड में नए चेहरे और धमाकेदार जोड़ियां दर्शकों को दीवाना बनाने के लिए तैयार हैं। नए साल 2025 में अमन देवगन-राशा थडानी और जुनैद खान-खुशी कपूर जैसी कई नई जोड़ियां नजर आएंगी। इस लिस्ट में धड़क 2, लवयापा, आजाद से लेकर कई रोमांटिक, थ्रिलर और सस्पेंस की फिल्में शामिल हैं।*

फिल्म धड़क 2 का एक छोटा टीजर भी जारी किया जा चुका है, जिसमें तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आए थे। यह फिल्म प्रेम और संघर्ष की कहानी को बड़े पर्दे पर उजागर करेगी।

***खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान - फिल्म नादानियां :*** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आगामी फिल्म नादानियां में खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान की जोड़ी देखने को मिलेगी। यह एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें जोश और जुनून की कहानी को दिखाया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा जब किसी फिल्म में जान्हवी की बहन खुशी कपूर और सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम साथ में नजर आएंगे।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.